समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 85
लखनऊ, मंगलवार 12 नवम्बर, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

खरगे के बयान का मंत्रियों ने दिया करारा जवाब 03

अग्निशमन सेवाओं के विस्तार के लिए 725.62 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी 12

कुछ लोग समाज को बांटने की रच रहे साजिश : मोदी

संबोधन

- हमें मिलकर साजिश को करना होगा नाकाम : प्रधानमंत्री

एजेंसी, नडियाद / नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने वालों के प्रति आगाह करते हुए सोमवार को कहा कि कुछ लोग निहित स्वार्थ के कारण इस तरह की साजिश रच रहे हैं। विकसित राष्ट्र के लिए एकता को जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि हमें मिलकर देशविरोधियों की बांटने की कोशिशों को नाकाम करना होगा।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज दुर्भाग्य से निहित स्वार्थ और छोटी समझ के कारण भारत के उज्ज्वल भविष्य के महत्वकांक्षी उद्देश्यों को भूलकर कुछ लोग समाज को जाति, धर्म, भाषा, ऊंच-नीच, स्त्री-पुरुष, गांव-शहर आदि के आधार पर टुकड़े-टुकड़े में बांटने की साजिश चल रही है। जरूरी है कि हम देशविरोधियों की इस चेष्टा को, उसकी गंभीरता को समझें, उस संकट को समझें और मिलकर इसे नाकाम करें।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री स्वामीनारायण ने बताया है कि बड़े लक्ष्य कठोर तप से हासिल होते हैं। राष्ट्र को निर्णायक दिशा दिखाने की क्षमता युवा मन में होती है। युवा, राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं और करेंगे, इसके लिए हमें सशक्त और शिक्षित युवाओं का निर्माण करना होगा। विकसित भारत के लिए हमारे युवा सशक्त होने चाहिए। स्किल्ड युवा हमारी सबसे बड़ी ताकत बनेंगे। उन्होंने कहा कि 200 साल पहले जिस वडताल धाम की स्थापना भगवान श्री स्वामीनारायण ने की थी हमने आज भी उसकी अध्यात्मिक चेतना को जागृत रखा है। हम आज भी यहां भगवान श्री स्वामीनारायण की शिक्षाओं को, उनकी ऊर्जा को अनुभव कर सकते हैं।

देशवासियों को द्विशताब्दी समारोह की बधाई

प्रधानमंत्री ने कहा कि वड़ताल धाम की स्थापना की 200वीं वर्षगांठ और यह भव्य समारोह महज एक आयोजन नहीं है। यह क्षण भारतीय संस्कृति के शाश्वत प्रभाव का प्रमाण है। उन्होंने देशवासियों को द्विशताब्दी समारोह की बधाई देते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि भारत सरकार ने गुजरात के वड़ताल में स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दो सौ रुपये का एक चांदी का सिक्का और स्मारक डाक डिकट भी जारी किया है। उन्होंने कहा कि स्वामीनारायण भगवान हमारे इतिहास के कठिन समय में आए और हमारी पहचान को पुनर्जीवित कर हमें नई ताकत दी। वड़ताल के और समस्त स्वामीनारायण परिवार के संत महात्माओं से आग्रह है कि विकसित भारत के महान उद्देश्य से जन-जन को जोड़ें।

विकसित भारत के लिए 140 करोड़ देशवासियों में हर पल होना जरूरी

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले 25 वर्ष तक विकसित भारत के उद्देश्य को जीना है। विकिसत भारत के लिए 140 करोड़ देशवासियों में हर पल होना जरूरी है। समारोह के प्रारंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभासी आगमन पर झंडा लहराकर उनका स्वागत किया गया। वडताल के प्रमुख कोठारी डॉ. संतवल्लभदास स्वामी ने स्वागत भाषण दिया। उल्लेखनीय है कि स्वामीनारायण संप्रदाय के प्रमुख मंदिर वडताल धाम में कार्तिकी समैया भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। यहां नौ दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण देव द्विशताब्दी महोत्सव पिछले पांच दिन से चल रहा है। प्रतिदिन लगभग सवा लाख श्रद्धालु इस महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। सोमवार को इस महोत्सव का पांचवां दिन था।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना बने उच्चतम न्यायालय के 51वें मुख्य न्यायाधीश

एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई।

श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में शीर्ष अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना को 51वें मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। वह 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शीर्ष अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा मौजूदा और पूर्व न्यायाधीश, कई केंद्रीय मंत्री और अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ रविवार 10 नवंबर को शीर्ष अदालत के 50 वें मुख्य न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हो गए।

उन्होंने अक्टूबर में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति खन्ना को शीर्ष अदालत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की थी। इसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद 24 अक्टूबर 2024 को केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने न्यायमूर्ति खन्ना के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने से संबंधित एक अधिसूचना जारी की।

न्यायमूर्ति खन्ना 2018 की चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने वाली पांच सदस्यीय पीठ में शामिल थे। न्यायमूर्ति खन्ना को 18 जनवरी 2019 को शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया था, तब वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। उन्हें 2005 में दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और एक साल बाद उन्हें यहां स्थायी न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किया गया था।

संक्षिप्त समाचार

चित्रकार वेद प्रकाश मिश्र का निधन

वाराणसी। डाट पेन से भी कलाकृतियों को जीवंत बना देने वाले काशी हिंदू विश्वविद्यालय दृश्य कला संकाय के सेवानिवृत वरिष्ठ चित्रकार पं. वेद प्रकाश मिश्रा का सोमवार को निधन हो गया। 71 वर्ष की उम्र में वरिष्ठ चित्रकार ने अपने असि स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। चित्रकार के निधन पर कला जगत में शोक की लहर है। वह पिछले कुछ महीनों से उम्र जनित बीमारियों से पीड़ित रहे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री को ढाई साल का सेवा विस्तार

नयी दिल्ली। सरकार ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री को ढाई साल का सेवा विस्तार दे दिया है। कार्मिक विभाग के आज जारी एक आदेश के अनुसार श्री मिस्री को इसी वर्ष 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होना था लेकिन अब उन्हें 14 जुलाई 2026 या अगले आदेश तक का सेवा विस्तार दिया गया है।

साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार 2024 अर्पण समारोह 14 को लखनऊ में

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी का प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार 2024 अर्पण समारोह इस बार लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को भागीदारी भवन प्रेक्षागृह, छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, गोमती नगर में आयोजित हो रहे इस समारोह में मुख्य अतिथि लखनऊ के लब्धप्रतिष्ठ विद्वान एवं साहित्यकार सूर्य प्रसाद दीक्षित होंगे। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने कहा कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक करेंगे और उन्हीं के हाथों पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा समापन वक्तव्य और साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव स्वागत वक्तव्य देंगे। पुरस्कृत बाल साहित्यकारों को उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50,000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

आजमगढ़ फूलपुर में एक लाख के जाली नोट के साथ तीन गिरफ्तार

आजमगढ़। फूलपुर थाना क्षेत्र के दुर्वासा गेट ग्राम सदरपुर बरौली के पास सोमवार को छापेमारी कर पुलिस टीम ने एक लाख जाली भारतीय मुद्रा के साथ तीन युवकों को दबोच लिया। तीनों युवकों के पास से पुलिस टीम ने तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया है। आजमगढ़ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में भावा खेड़ा थाना रहिमाबाद जनपद लखनऊ निवासी हसमत पुत्र मरहूम अलई अहमद, हर्षनगर बुधेश्वर मोहान रोड थाना पारा जनपद लखनऊ निवासी महेन्द्र कुमार यादव पुत्र स्व. रमेश चन्द्र यादव और ग्राम सतुवहिया थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ निवासी मोहम्मद नासीर पुत्र मरहूम सहाबुद्दीन है।

झारखंड में रची जा रही पहचान खत्म करने की साजिश : योगी

एजेंसी, पलामू।

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पलामू जिले के हुसैनाबाद, पांकी और डालटनगंज विधानसभा सीटों से भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित किया।

योगी ने सबसे पहले हुसैनाबाद के हैदरनगर में बीजेपी उम्मीदवार और निवर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके बाद योगी आदित्यनाथ ने पांकी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण मेहता के पक्ष में चुनावी जनसभा में भाग लिया। अंत में योगी ने जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी में डालटनगंज विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार आलोक चौरसिया के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

योगी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में पहचान खतरे में पड़ गयी है। इसके लिए साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए लगातार झारखंड में घुस रहे हैं। ऐसे लोगों को झारखंड की झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार संरक्षण दे रही है। अपना वोट बैंक बना रही है। पूरे प्रदेश में रोटी, माटी और बेटी पर संकट आ गया है। बांग्लादेशी घुसपैठिए यहां की बेटियों के साथ शादी करके झारखंड की माटी और रोटी हड़पने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस संकट से सिर्फ भाजपा निकाल सकती है। लोग भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करें। झारखंड में मजबूत सरकार बनायें। मैं वादा करता हूं कि झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बनते ही बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

जनसभा

- संकट से सिर्फ भाजपा ही निकाल सकती है
- झारखंड में मजबूत सरकार बनायें

बिना चिंता कराइए उपचार, हॉस्पिटल का पैसा देगी सरकार

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज। सीएम योगी ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को आत्मीय भरोसा दिया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम योगी ने इस दौरान अफसरों को निर्देशित किया कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम विधानसभा उपचुनाव प्रचार करने के बाद गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार पूर्वाह्न झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात की।

अंतरिक्ष क्षमता पर देश में पहला 'अंतरिक्ष अभ्यास'

एजेंसी, नई दिल्ली। रक्षा अंतरिक्ष एजेन्सी ने देश में पहली बार सोमवार को यहां 'अंतरिक्ष अभ्यास - 2024' का आयोजन किया जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष में राष्ट्रीय रणनीतिक उद्देश्यों को सुरक्षित करने और सैन्य अभियानों में भारत की अंतरिक्ष क्षमता को एकीकृत करने में मदद मिलेगी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार तीन दिन के इस अभ्यास का आयोजन मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ की रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। यह अपनी तरह का पहला अभ्यास है और उम्मीद है कि इससे अंतरिक्ष में राष्ट्रीय रणनीतिक उद्देश्यों को सुरक्षित करने और सैन्य अभियानों में भारत की अंतरिक्ष क्षमता को एकीकृत करने में मदद मिलेगी।

परीक्षा तारीख का विरोध कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बरसाई लाठियां

बवाल

- प्रयागराज में यूपीपीएससी के परीक्षार्थियों का विरोध प्रदर्शन
- बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस से हाथापाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपी लोक सेवा आयोग की पीसीएस प्री 2024 और आरओ, एआरओ प्रारंभिक परीक्षा 2023 में सामान्यीकरण के विरोध में प्रतियोगी अभ्यर्थी व्यापक विरोध प्रदर्शन कर रहे है। हजारों की संख्या में अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग चौराहे पर जमा हुए और नारेबाजी की।

प्रतियोगी छात्रों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर नारेबाजी की। गुस्साए छात्रों ने पुलिस बैरिकेडिंग भी तोड़ दी, जिसके बाद उनकी पुलिस से झड़प भी हुई।प्रतियोगी छात्र सामान्यीकरण की प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। उनकी मांग है कि पीसीएस प्री 2024 और आरओ व एआरओ प्री 2023 की परीक्षाएं एक दिन में एक शिफ्ट में कराई जाएं। प्रतियोगी छात्रों ने 2 दिन पहले लोक सेवा आयोग पर गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण प्रदर्शन का ऐलान किया था। उनका कहना था कि यह प्रदर्शन अनिश्चितकालीन है। जब तक आयोग उन्हें एक दिन और एक शिफ्ट में परीक्षा का आश्वासन नहीं देता, प्रदर्शन जारी रहेगा। अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को देखते हुए सुबह से ही यूपी लोक सेवा आयोग कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। आयोग के चारों ओर बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वज्र वाहन, फायर ब्रिगेड और आरएएफ को भी तैनात किया गया। छात्रों में जबरदस्त गुस्सा है। छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए एडीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने छात्रों से अपील की है कि वे धरना स्थल के लिए बनाए गए निर्धारित स्थान पर जाकर प्रदर्शन करें और अपना ज्ञापन सौंपें। छात्रों के प्रदर्शन के चलते यातायात भी प्रभावित हुआ है। सड़कों पर जाम लग गया है। पीएससी प्री 2024 की परीक्षा 7 व 8 दिसंबर को प्रस्तावित है। आरओ और एआरओ प्रारंभिक 2023 की परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को होगी।

जैसी सेवा कर रहे हो वैसी ही आपको मिलेगी : अखिलेश यादव

प्रतियोगी छात्रों के साथ पुलिस के रवैये को लेकर अखिलेश ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि, ये जो लाठी चला रहे हो जैसी सेवा कर रहे हो वैसी सेवा आपको भी कभी कभी मिलेगी, नौजवान छात्र जो मांग लेकर गए उन्हें लाठी मारी गई है उनकी आवाज को दबाई जा रही है। ये सफल नहीं होगी।

ब्रजेश पाठक सीएमओ केडी अस्पताल की भूमिका की करेंगे जांच

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ईएनटी विभाग के रेजिडेंट डॉ. रमेश कुमार द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस करने के प्रकरण को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गंभीरता से लिया है।

डिप्टी सीएम ने मरीज की मौत और प्राइवेट प्रैक्टिस प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। केजीएमयू ईएनटी विभाग के डॉ. रमेश कुमार पर आरोप है कि उन्होंने प्राइवेट प्रैक्टिस एवं इलाज के दौरान खदरा स्थित केडी अस्पताल में मरीज को भर्ती कराया था। इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से संस्थान, विभाग और सरकार की छवि धूमिल होती है। प्रकरण की जांच के निर्देश देते हुए उन्होंने सीएमओ को खदरा स्थित केडी अस्पताल की भूमिका एवं वहां की व्यवस्थाओं को परखने के लिए भी कहा है। एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट प्रेषित करनी है।

बहराइच हिंसा मामले में बुलडोजर एक्शन पर सुनवाई टली, 18 नवंबर को होगी सुनवाई

लखनऊ समृद्धि न्यूज। बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसा के बाद घर को गिराने के लिए जारी किए गए ध्वस्तीकरण नोटिसों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में सोमवार को सुनवाई टल गई। मामले में अब 18 नवंबर को सुनवाई होगी। समय के अभाव के कारण हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बहराइच के महाराजगंज में बुलडोजर चलने के मामले में सुनवाई नहीं हो पाई। जनहित याचिका में एसोसिएशन फार प्रोटेक्शन ऑफसिविल राइट्स (एपीसीआर) ने इन नोटिसों को चुनौती देते हुए कहा है कि यह कार्रवाई कानून के विरुद्ध है। नोटिस रद्द किए जाने चाहिए।

मणिपुर में मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादी ढेर

एजेंसी, इंफाल।

मणिपुर में जिरीबाम जिले के बड़ाबेकरा उप-मंडल के जकुराधोरे कारोंग में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान 11 सशस्त्र उग्रवादियों को मार गिराया है। गोलीबारी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी बलिदान हो गया। घटना सोमवार शाम करीब चार बजे की है।

मणिपुर के एक शीर्ष पुलिस अधिकारी के अनुसार, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर आज सुबह इलाके में छापा मारा। उग्रवादी बड़ाबेकरा डिवीजन के अंतर्गत जकुराधोरे कारोंग में आतंक फैला रहे थे। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ को



गई। इसमें 11 उग्रवादी मारे गए।वहीं एक सीआरपीएफ जवान बलिदान हो गया।

पुलिस मुख्यालय की ओर से अभी तक मारे गए उग्रवादियों के पहचान की पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे घटना के बारे में अधिक जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने और क्षेत्र के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

भारत पर निर्भर थे ट्रंप एवं हैरिस, मुख्यमंत्री मोहन यादव का दावा

एजेंसी, ग्वालियर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को दावा किया कि अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनावों के दौरान निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं कमला हैरिस भारत पर निर्भर थे। ग्वालियर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए यादव ने कहा कि दुनिया की सभी महाशक्तियां भारत के साथ जुड़ना चाहती हैं। यादव ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री शुभंकर हैं और भारत ने दुनिया को अपने लोकतंत्र की ताकत भी दिखाई है। आज कोई भी बड़ी महाशक्ति भारत के साथ जुड़ने में अपना फायदा देखती है। हमने ये अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में देखा है कि चाहे ट्रंप हों या हैरिस हों, दोनों भारत पर निर्भर थे।

उत्तर रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्री प्रबंधन में पाई सफलता

एजेंसी, नई दिल्ली।

उत्तर रेलवे ने दीवाली और छठ पूजा के दौरान अभूतपूर्व यात्री संख्या को सफलतापूर्वक संभालते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। इस अवधि में उत्तर रेलवे ने लगभग 6 करोड़ यात्रियों को सुविधाएं दीं।

यात्रियों की बढ़ी हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए, उत्तर रेलवे ने 3,500 से ज्यादा विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया, जिससे 6 करोड़ यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सकी। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के समग्र प्रयास का हिस्सा है, जिसमें देश भर में 7,724 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया गया, जिससे 20 करोड़ यात्रियों को सफर की सुविधा मिली।

गौरतलब है कि भारतीय रेलवे ने 4 नवंबर 2024 को एक दिन मे 3 करोड़ से अधिक यात्रियों को यात्रा कराई जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की संयुक्त जनसंख्या से भी अधिक है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, कि हम इस त्यौहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती संख्या को सफलतापूर्वक संभालते हुए यात्री परिवहन में एक नया मानक स्थापित करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा और संतुष्टि बनी रहेगी, और हम कुशल और परेशानीमुक्त रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। त्यौहारों के इस मौसम में उत्तर रेलवे ने विशेष प्रबंध किए। रेलवे स्टेशनों पर एक मिनी कंट्रोल स्थापित कर यात्रियों की लगातार निगरानी की गई। घोषित विशेष रेलगाड़ियों के अलावा, मांग के अनुसार अनारक्षित रेलगाड़ियां भी चलाई गईं ताकि यात्रियों को स्टेशन पर ज्यादा समय तक इंतजार न करना पड़े।

सराहनीय

- इस त्यौहारी सीज़न के दौरान, उत्तर रेलवे ने 6 करोड़ यात्रियों को सुविधा प्रदान की, 3500 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां संचालित कीं

अनिवार्य आयु सत्यापन वाली शराब बिक्री नीति की मांग वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली।

उच्चतम न्यायालय ने शराब की बिक्री से संबंधित मजबूत अनिवार्य आयु सत्यापन नीति लागू करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली स्थित कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग (सीएडीडी) की जनहित याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है।

सीएडीडी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी बी सुरेश और अधिवक्ता विपिन नायर द्वारा दायर याचिका में शराब की बिक्री के सभी स्थानों पर अनिवार्य आयु सत्यापन प्रणाली

स्थापित करने, सभी राज्यों में शराब विनियमन के लिए एक समान ढांचा बनाने और शराब पीकर गाड़ी चलाने की बढ़ती समस्या को कम करने और रोकने के लिए एक मजबूत नीति लागू करने के निर्देश देने की शीर्ष अदालत से गुहार लगाई गई है। याचिका में भारत के विभिन्न राज्यों में शराब पीने की कानूनी उम्र में भारी असमानता को उजागर किया गया है। याचिका के मुताबिक, गोवा में जहां 18 वर्ष की आयु से शराब पीने की अनुमति है, वहीं दिल्ली में 25 वर्ष है। यह भिन्नता अन्य राज्यों में भी है। महाराष्ट्र में 25 वर्ष और कर्नाटक और तमिलनाडु में 18 वर्ष की आयु में शराब पीने की कानूनी तौर पर अनुमति है। याचिका में न्यायालय का ध्यान कम उम्र में शराब पीने और आपराधिक व्यवहार के बीच के संबंध की ओर भी खींचा गया है। याचिका में उद्धृत अध्ययनों के अनुसार, शराब के संपर्क में आने से डकैती, यौन उत्पीड़न और हत्या सहित हिंसक अपराधों का जोखिम काफी बढ़ जाता है। याचिका में हाल के पुणे में हुए कार दुर्घटना मामले का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें कथित तौर पर शराब के नशे में गाड़ी चलाने वाले एक नाबालिग ने दो युवाओं की जान ले ली थी।

आईजीआरएस सन्दर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण हो: डीएम

जिलाधिकारी ने की आईजीआरएस की गहन समीक्षा

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में अफसरों के साथ आईजीआरएस प्रकरणों की गहन समीक्षा की। निर्देश दिए कि जनशिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण में गंभीरता लाएं। लापरवाही होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि मिलेगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्रतिदिन कोई भी संदर्भ डिफाल्टर न होने दें। अगर किसी भी अधिकारी का संदर्भ जनसुनवाई पोर्टल पर डिफाल्टर होता है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई होगी। निस्तारण की गुणवत्ता संतोषजनक न होने पर जिले का रैंक प्रभावित होती है। सभी अधिकारी स्वयं भलि-भांति परीक्षण कर समयबद्धता के साथ सन्दर्भो का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराये। निस्तारण की कार्रवाई से फरियादी का संतुष्ट होना जरूरी है। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए। डीएम ने ज़िला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वयं मौके पर जाकर फरियादी से वार्ताकर प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करे। अधिकारी पीड़ित और परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। जनशिकायतों और समस्याओं से जुड़े आवेदन का संतोषप्रद निस्तारण किया जाये। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिस स्तर पर शिकायत लंबित है या शिकायतकर्ता असंतुष्ट है, तो उसका कारण जानकर शीघ्र समाधान कराना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाने पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाए। एडीएम संजय कुमार सिंह ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों समस्त एसडीएम को निर्देश दिया कि अपने संबंधित आइजीआरएस पोर्टल की स्वयं मॉनिटरिंग करें, जो शिकायतें आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही हैं, उसका निस्तारण समय सीमा के अंदर गुणवत्तायुक्त कराएं। शिकायतकर्ता से स्वयं बात कर उन्हें संतुष्ट भी करें। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

यातायात माह में हो रहे बड़े सड़क हादसे, बने चिंता का विषय

वाहन चालकों द्वारा नहीं किया जा रहा यातायात नियमों का पालन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में एक तरफ जहां यातायात माह मनाया जा रहा है वहीं जनपद में हो रहे बड़े-बड़े सड़क हादसे चिंता का विषय बने हुए हैं। लगातार बड़े-बड़े हादसे के बाद भी वाहक चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन चालक नहीं कर रहे हैं जिसके कारण लोग आसमयिक काल के गाल में समाते जा रहे हैं। जनपद में चीनी मिल चालू होने के बाद सड़कों पर ओवरहाइट गन्ना भरे ट्रकों से गन्ने की ढुलाई की जा रही है जिसके कारण बड़े हादसे होने की संभावना बनी हुई है किंतु जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। आपको बता दें कि जनपद की सड़कों पर भारी यातायात होता है किंतु ओवरहाइट वाहनों से बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है लेकिन परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारी इस मामले में कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं करते देखे जा रहे हैं।

पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल कलाम आजाद की मनाई जयंती

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को पूर्व निर्धारित प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के आवाहन पर जनपद सहित तहसील स्तर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी गोला नगर में नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अबुल कलाम आजाद ने शिक्षा मंत्री रहते हुए भारत को एक नई दिशा प्रदान की थी, ऐसे महापुरुष को हम नमन करते हैं। मौजूद कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। साथ ही संकल्प लिया कि मौलाना अबुल कलाम आजाद के सपनों का भारत बनाए रखना है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से रामकुमार वर्मा प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग विभाग, प्रेम कुमार वर्मा जिला महासचिव, राकेश विश्वकर्मा जिला सचिव, अजीत जैन नगर अध्यक्ष, सुभाषचंद्र शुक्ला, प्रदीप सिंह अर्कवंशी, आदेश कुमार गुप्ता, अंकुर पटेल, फकीर मोहम्मद, पंकज पटेल, योगेंद्र विक्रम सिंह पटेल सहित बडी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोबाइल लूट के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार, दो अभी भी फरार

छात्रा से मोबाइल लूट के मामले में उच्चाधिकारियों को किए टवीट ने दिखाया रंग

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

कोचिंग जा रही छात्रा का मोबाइल छीनने की घटना के मामले में उच्चाधिकारियों को टवीट करने पर कोतवाली में हड़कंप मच गया। मोबाइल छीनने का मामला तत्काल लूट की धाराओं में दर्ज कर गोला पुलिस ने कार्रवाई शुरु कर दी। सोमवार को पुलिस ने मोबाइल लूट की घटना का खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

बता दें कि थाना क्षेत्र की प्रार्थना देवी पुत्री श्याम कुमार निवासी द्वारिकागंज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था, कि वह सुबह सात बजे कोचिंग के लिए जा रही थी। जब वह अलीगंज रोड बजाज एजेंसी शिवम काम्पलेक्स के पास पहुंची। इसी दौरान उसके फोन का अलार्म बजा तो फोन आता समझकर उसने जैसे ही बपने बैग से फोन निकाला। उसी समय पीछे से एक बाइक पर सवार तीन युवको ने उसका फोन छीन लिया। उसने अपना मोबाइल छीनने का बहुत प्रयास किया। लेकिन असफल रही। छात्रा ने बताया कि घटना में शामिल तीन युवकों में एक ने अपना मुंह ढांक रखा था। जबकि दो के चेहरे खुले थे। फोन छीनने के बाद उसने अपने परिवारजनों को घटना के बारे में बताया तथा फोन पर काल की तो फोन स्विच आफ था। जिस पर उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पहले तो पुलिस ने हीला हवाली करते हुए उसे घर वापस भेज दिया। लेकिन मामले में एक जागरुक युवा शिक्षक ने उसके पिता के कहने पर मदद करते हुए घटना को पुलिस के आला अफसरों सहित मुख्यमंत्री को टवीट कर दिया। इसके बाद कोतवाली में हडकंप मच गया। आनन फानन में छात्रा के पिता के फोन पर पुलिस के काल पहुंचने शुरु हो गए। इसके बाद उसके मोबाइल छीनने की तहरीर पर पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। इधर पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के तहत अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी व सर्किल अफसर के पर्यवेक्षण में सोमवार को गोला पुलिस टीम के एसआई योगेश कुमार, आरक्षी गौरव सिंह, गजेन्द्र सिंह, अनुज सागर ने मामले में वांछित आरोपित शाहिद 19 पुत्र गुडडू निवासी मोहल्ला तीर्थ कस्बा गोला को कोटवारा मोड से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से छात्रा का छीना गया एक अदद एप्पो मोबाइल सहित घटना में प्रयुक्त हीरो हांडा स्पेलेडर बाइक बरामद कर विधिक कार्रवाई कर आरोपित को न्यायालय भेजा। हालांकि छात्रा के मुताबिक घटना में शामिल दो आरोपी अभी भी पुलिस की पकड से दूर है।

खबरें एक नजर में

रामलीला समिति की समीक्षा बैठक संपन्न, पेश किया आय-व्यय का ब्योरा

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला गोकर्णनाथ की श्री रामलीला समिति द्वारा एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बार श्री रामलीला महोत्सव पांच लाख अठहत्तर सात सौ व्यासी रुपये खर्च हुए हैं। जिस पर समिति ने मोहर लगा दी है। समीक्षा बैठक में हाईवे का ब्योरा पेश किया। जिसमें रामलीला मेले को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने तथा मेले को और भी बेहतर तरीके से आयोजित कराने पर चर्चा करते हुए सभी ने अपने अपने सुझाव दिए। साथ ही अगले वर्ष पूरे जोश खरोश से मेले का आयोजन करने की बात कही। शिवम काम्पलेक्स में आयोजित श्री रामलीला समिति की बैठक में कमेटी के संरक्षक जनार्दन गिरी, विधायक अमन गिरी, नपाप अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गिरी मोंटी, महामंत्री पंकज गुप्ता, सत्य प्रकाश अग्रवाल, सुभाष मिश्रा, रामगुलाम पाण्डेय, रामचन्द्र रस्तोगी, पंकज तिवारी, राजेश गुप्ता, राम स्वरूप यादव, राम रक्षपाल राजपूत, पंकज मिश्र, सुमित गिरी मोनू, अजीत पाण्डेय, सुरेश ठाकुर, जितेन्द्र सिंह सहित तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे। श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री ने संरक्षक मंडल पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों के समक्ष आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

पटाखा खरीदने के लिए चुराया मां का कुंडल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पटाखे खरीदने के लिए लड़के ने अपनी मां का कुंडल चुराया और उसे बेचने गोला ले गया। जब मां को खबर हुई तो अपने बेटे की करतूत बताने पुलिस को पहुंच गई। रविवार को हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी कौशल का 15 वर्षीय पुत्र शिवांशु जिसे वह बेचना चाह रहा था, पर सर्राफा ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी थी। छात्र शिवांशु का कहना था कि वह कुंडल उसने बड़ी नहर में पाया है। सोमवार को उसकी मां कोतवाली पहुंची और अपना दूसरा कुंडल दिखाया और बेटे की करतूत उजागर कर दी। मां का कहना था कि दीवाली में शिवांशु ने उधर पटाखे खरीदे थे तो उसने कुंडल चोरी कर लिया जिससे दोस्तों का रुपया दे सके। पुलिस ने दोनों कुंडलों का मिलान कर शिवांशु की मां को कुंडल सौंप दिया है। रविवार को शिवांशु ने पुलिस को बताया था कि इन दिनों सीतापुर ब्रांच नहर में पानी नहीं है। नहर की बालू में ऊपर उसे पीली धातु दिखाई दी जब उसने उसे उठाया तो वह कुंडल था। वह उसे घर नहीं ले गया रुपयों के लिए वह कुंडल बेचने गोला आ गया। पुलिस ने उससे घंटो पूंछताछ कर शाम को उसे पिता के हवाले कर दिया था, पर कुंडल नहीं दिया था।

पाइपलाइन लीकेज की वजह से सड़क पर बह रहा पानी हुआ बंद

संसारपुर खीरी। विकासखंड बांकेगंज के ग्राम संसारपुर गांव में सीसी रोड पर जल जीवन मिशन की पाइपलाइन लीकेज की वजह से अनावश्यक पानी सड़क पर बह रहा था जिसको सुधार कर बंद करवा दिया गया है। जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बूंद बूंद पानी बचाने की बात कर रहे हैं और कह रहे हैं कि, जल संचय केवल एक पॉलिसी नहीं है, ये एक प्रयास भी है और यूं कहें कि ये एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है और उत्तरदायित्व भी है। आने वाले पीढियां जब हमारा आंकलन करेंगी तो पानी के प्रति हमारा रवैया, शायद उनका पहला पैरामीटर होगा। दूसरी ओर पानी सड़क पर अनावश्यक रूप से बह रहा था जिसकी खबर वायरल होने के परिणाम स्वरूप प्रशासन हरकत में आया और जल जीवन मिशन के जेइ अमरकांत अवस्थी ने जल जीवन मिशन के कर्मियों को आदेशित करते हुए तत्काल लीकेज बंद करवाया जिससे अनावश्यक रूप से सड़क पर बह रहा पानी कर दिया गया।

धूमधाम से मनाया गया यमद्वितीया पर्व एवं वार्षिकोत्सव

श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा ने श्री चित्रगुप्त धर्मशाला लखीमपुर में आयोजित किया कार्यक्रम

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा (रजिस्टर्ड) लखीमपुर खीरी द्वारा श्री चित्रगुप्तपुरम, गढ़ी रोड़ स्थित श्री चित्रगुप्त कायस्थ धर्मशाला में यमद्वितीया एवं वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से संपन्न किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि युवराज दत्त महाविद्यालय के पूर्व प्रवक्ता डॉक्टर अजय आगा रहे। मंच संचालन संस्था सचिव कुलदीप श्रीवास्तव समर ने बेहद खूबसूरत अंदाज़ में किया।

भगवान चित्रगुप्त की पूजा, आरती, दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्चन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में मंचापूर्ति, बैज अलंकरण एवं माल्यार्पण आदि औपचारिकताओं के बाद संस्था महामंत्री चित्रांश अनूप सिंह अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष लोकेंद्र श्रीवास्तव ने वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए आय व्यय का ब्यौरा दिया। इस बीच महिला विंग की नवनियुक्त जिलाध्यक्षा अर्चना श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनीता निगम सहित पूरी महिला टीम के साथ संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त अध्यक्षा श्रीमती श्रीवास्तव ने संस्था विस्तार एवं कायस्थ समाज के विकास के प्रयास का संकल्प भी लिया। वार्षिकोत्सव में सुर एवं संगीत के ताने बाने से सुसज्जित कार्यक्रम में कायस्थ प्रतिभाओं द्वारा सुरमयी प्रस्तुतियों एवं थिरकते कदमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभाओ की हर प्रस्तुति पर कार्यक्रम स्थल करतल ध्वनि से गुंजायमान होता रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर अजय आगा ने कहा कि सोदहारण प्रेरणादायी कहानी सुनाकर कायस्थ एकता का संदेश दिया। अंत मे संस्थाध्यक्ष डॉक्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने वार्षिकोत्सव में आये सभी अतिथियों को धन्यवाद देते हुए संस्था की उपलब्धियों एवं उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। स्पंदन नर्सिंग होम के डॉक्टर अंजित सिंह का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संरक्षक राजेश श्रीवास्तव एडवोकेट, उपाध्यक्ष मुकेश सक्सेना, इंजीनियर राजेश श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, आदि लोग सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लखीमपुर खीरी अध्यक्ष डॉक्टर मंजुला बरतरिया, पूनम आगा, सुधाकर लाला, नरेंद्र श्रीवास्तव, सहित सैकड़ो कायस्थों ने उपस्थिति दर्ज करवाते हुए कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

बेलरायां से बेलापरसुवा जाने वाला मार्ग हुआ जर्जर

बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।

बेलरायां से बेलापरसुवा जाने वाला मार्ग इन दिनों जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो गया है। सड़क जर्जर होने से राहगीरों सहित स्कूल आने वाले छात्रों को भी दिक्कतें होती हैं। साथ बार्डर पर तैनात आधा दर्जन एसएसबी कंपनियां इन्ही रास्तो से होकर जाती है जिससे आधा घंटा रास्ते के जगह पर घंटो लग जाता है।

बेलरायां कस्बे के व्यापारीयो चंद्रमोहन, सतीश अग्रवाल, कपिल वर्मा, गुडडन अग्रवाल ने बताया कि जब इस सड़क के गड्ढे पीडब्ल्यूडी द्वारा भरे जाते है ठेकेदार द्वारा सामग्री घटिया सामग्री लगाए जाने से सड़क चंद दिनों में ही फिर से जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो जाती है जिससे इस पर चलने वाले राहगीरों को बहुत परेशानी होती है। आये दिन किसी न किसी का वाहन खराब होता है, रास्तो की वजह से खराब होते रहते है वाहन अभी चीनी मिल चलने की वजह से भी अधिकतर किसानों को दिक्कत होती है लेकिन पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की लापरवाही से हमेशा राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है और किसानों का ट्राली व डनलप पलटने को ज्यादातर खतरा रहता है।

बैंक सुरक्षा गार्ड की बंदूक से निकली गोली, सड़क पार बैठे सोने-चांदी के व्यापारी को लगी

पुलिस ने बैंक गार्ड को किया गिरफतार

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। सोमवार को मोहम्मदी रोड स्थित एक बैंक के गार्ड के हाथ की बंदूक से अचानक फायर हो गई। बंदूक से निकली गोली के छर्रे सडक पार करते हुए दुकान में बैठे एक सोने चांदी के व्यापारी के कमर के हिस्से को रगडते हुए निकल गई। हालांकि घटना में कोई जान माल की क्षति नहीं हुई। लेकिन भारी भीड भाड भरे इलाके में हुई इस प्रकार की लापरवाही से लोगों में आक्रोश है। व्यापारी को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। गोला के मोहम्मदी रोड स्थित गोला पंजाब नेशनल बैंक मे सोमवार को सुबह लगभग दस बजे बैक क तैनात सुरक्षाकर्मी सुनील कुमार के हाथ में पकडी हुई बारह बोर की बंदूक लोड करते समय अचानक फायर हो गई। फायर की घटना से रोड पर हडकंप मच गया। जबकि बंदूक से निकली गोली व छर्रे सडक पार करते हुए दूसरी ओर उपासना ज्वैलर्स पर अपनी सोने चांदी की दुकान में बैठे व्यापारी शिव कुमार सोनी के पेट के साइड मे जा घुसी। अचानक फायर की आवाज व पेट साइड में गर्माहट का अहसास होने पर उन्होने देखा कि खून निकल रहा था। जिस पर हडबडाकर इधर उधर देखा। घटना की खबर पर गोला थाने के प्रभारी क्राइम इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर गार्ड को लापरवाही के आरोप में पकडकर थाने लाई।

श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन

सुनाई गई प्राकट्य की कथा

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

गोला गोकर्णनाथ के नीलकंठ मैदान मे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पण्डित मयंक शेखर पाण्डेय ने भगवान सुकदेव ऋषि द्वारा राजा परीक्षित को श्रृष्टि उत्पत्ति की कथा और कपिल मुनि व माता देवहूती का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

पौराणिक शिव मंदिर के निकट नीलकंठ मैदान में कथा के यजमान अमित गुप्ता सपत्नीक बने।बहुत ही श्रद्धा से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवणपान कर रहे हैं। कथा व्यास ने माता सती व भगवान भोले नाथ की कथा का महात्म सुनाया। प्रफुल्लित हो गए। इस अवसर पर श्री राम बाजपेई, रामायण सभा के अध्यक्ष मुनेन्द्र शुक्ला, ओम प्रकाश दीक्षित, सुनील कुमार बाजपेई, अशोक अवस्थी, उमेश दत्त मिश्र, कमल नयन बाजपेई, संजय साहनी, दिवाकर पाण्डेय, चन्द्रशेखर अवस्थी व वीरेन्द्र तिवारी सहित तमाम लोगों ने कथा का श्रवणपान कर पुण्य के भागी बन रहे हैं।

पत्रकार की तहरीर पर बंधक बनाये जाने सहित बैंक प्रबंधन पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

बिजुआ खीरी। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के थाना भीरा इलाके में आर्यावर्त बैंक रायपुर मालपुर में हुई एक घटना की कवरेज करने गये पत्रकार दीपक पंडित के द्वारा वीडियो बनाये जाने और सवाल से नाराज बैंक कर्मियों नें पत्रकार दीपक पंडित को बंधक बनाकर उनके मोबाइल से न सिर्फ वीडियो डिलीट किये बल्कि उनके दोनों मोबाइल तोड़कर गाली गलौच भी की। अपने साथ हुई घटना की जानकारी दीपक पंडित ने अपने पत्रकार संघ बिजुआ को दी पत्रकार संघ के अधिकारियों में मामले को गम्भीरता से लेते हुये तत्काल उच्चाधिकारियों से वार्ता की और बैंक प्रबंधन के खिलाफ़ मुकदमा पंजीकृत किये जाने की मांग की उधर लखीमपुर से लेकर लखनऊ तक के अधिकारियों ने घटना को गंभीरतापूर्ण लिया गया अपने साथ हुई इस घटना के क्रम में दीपक पंडित ने भीरा थाने में तहरीर देते हुये आरोप लगाया कि कवरेज के दौरान बैंक कर्मियों ने दोनों मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट किया और दोनों मोबाइल को पटक कर तोड़ दिया इतना ही नही उनको बंधक बनाते हुये बैंक में ताला डाल दिया और गाली गलौच किया और जान से मारने की धमकी भी दी पत्रकार के साथ हुई इस घटना का अधिकारियों ने गम्भीरता पूवर्क संज्ञान लिया भीरा पुलिस ने फिलहाल पत्रकार दीपक पंडित की तहरीर पर बैंक प्रबंधन पर बंधक बनाये जाने जैसी गम्भीर धाराओं में मुक़दमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

सेंट जॉन्स स्कूल में शुरू हुआ तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं

मुख्य अतिथि ने मशाल जलाकर एवं फीता काट किया शुभारंभ

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

गोला नगर के पंजाबी कॉलोनी स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल फादर अनूप टिर्की के मार्गदर्शन में कालेज की हेड मिस्ट्रेस मुख्य अतिथि सिस्टर सीना रोज ने मशाल प्रज्वलन और फीता काट शुभारंभ किया। मशाल प्रज्वलन के बाद कॉलेज की पीटीआई शिक्षिका निधि सिंह ने मुख्य अतिथि को बैच लगाकर सम्मानित किया और कैप लगाई। कॉलेज के हेड ब्वॉय कुशाग्र सक्सेना के द्वारा स्पोर्ट्स प्रतिज्ञा पढ़ी गई। कॉलेज के हेड ब्वॉय कुशाग्र सक्सेना और सभी हाउस कैप्टन जिसमे जॉन्स हाउस के कैप्टन कृष्णा जलोटा, जेम्स हाउस के कैप्टन कृष्णा मिश्रा, पीटर हाउस के कैप्टन अमित वर्मा और पॉल्स हाउस के कैप्टन तन्मय पटेल सहित स्पोर्ट्स कैप्टन संस्कार शुक्ला, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन तान्या पांडे के द्वारा मशाल दौड़ लगाई गई। कक्षा दो के बच्चों के द्वारा पीटी सॉन्ग पर प्रदर्शन किया गया तत्पश्चात अन्य सभी प्रतियोगिताए पी टी शिक्षक प्रशांत सिंह और पीटीआई शिक्षिका निधि सिंह के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ऋतु साहनी ने किया। प्रतियोगिता दौरान स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ समेत छात्र छात्राओं ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

ये हुई प्रतियोगिताएं

ट्राईसाईकिल रेस, फ्रॉग रेस, म्यूजिकल चेयर, लेमन स्पून रेस, पिक एन पुट बॉल, सेक रेस, 100 मीटर रेस, खो खो, कबड्डी लीग जैसी प्रतियोगिताओं में नर्सरी केजी से लगाकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

ये रहे विजेता

ट्राईसाईकिल रेस छात्रों में नर्सरी ए से तेजस बाजपेई, छात्राओं में नर्सरी बी से आव्या विजेता रहे। फ्रोग रेस में छात्रों में एलकेजी से साध्वी कुमार और छात्राओं में एलकेजी से महम अंसारी विजेता रहे। म्यूजिकल चेयर में छात्रों में यूकेजी बी से शिवांश बाजपेई और छात्राओं मे यूकेजी ए से सिद्धि मिश्रा विजेता रहे। लेमन स्पून रेस में छात्रों में यूकेजी बी से अरहम अली और छात्राओं मे यूकेजी बी से आरोही गुप्ता विजेता रहे। पिक एंड पुट द बॉल में छात्रों में 1 बी से अनिक शम्स और छात्राओं में 1 बी से अनबिया विजेता रहे। सैक रेस में छात्रों में 2 बी से अथर्व वर्मा और छात्राओं में 2 बी से प्रतिष्ठा सूरी विजेता रहे। 100 मीटर रेस प्राइमरी में छात्रों में 5 बी से आकर्ष और छात्राओं में 5 बी से अनाया पटेल विजेता रहे। फॉग रेस में छात्रों में 5 ए से आयुष सिंह, छात्राओं में 4 सी से करिश्मा त्रिवेदी विजेता रहे।100 मीटर रेस जूनियर में छात्रों में 8 बी से आकर्ष शुक्ला, 6 बी से काव्या सिंघल विजेता रहे। 100 मीटर रेस सीनियर वर्ग में छात्रों में 12 ए से संस्कार शुक्ला छात्राओं में 9 बी से एंजेल गुप्ता विजेता रहे।

भगवान बुद्ध ने दिया समता का सन्देश : असीम अरूण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग (उ.प्र.) एवं पर्यटन विभाग (उ.प्र.) के संयुक्त तत्त्वावधान में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव के अन्तर्गत 'पालि साहित्य सम्मेलन-2024' का आयोजन 09 से 11 नवम्बर की अवधि में बुद्ध विहार शान्ति उपवन, आलमबाग (लखनऊ) में संपन्न हुआ। सम्मेलन के तीसरे दिन, समापन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि असीम अरुण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि मैडम रिनचेन

ल्हामो, माननीय सदस्य एन.सी.एम. दिल्ली, हरगोविन्द बौद्ध, का0 अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान तथा मुख्य वक्ता डॉ दीपक वोहरा, विशेष सलाहकार, मेड इन भारत, अफ्रीका थे।

असीम अरुण राज्य मंत्री ने बताया कि भगवान बुद्ध ने सामाजिक भेदभाव, जाति-पाति और धार्मिक कर्मकांडों के खिलाफ समता का सन्देश दिया। सभी को भगवान बुद्ध के मूल संदेशों को समझने के लिए पालि का अध्ययन करना चाहिए।

सम्मेलन के तीसरे दिन (समापन दिवस) के कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। सम्मेलन के तीसरे दिन 11 नवंबर को चार सत्रों में 30 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए जिनकी अध्यक्षता प्रो0 अरूण कुमार यादव, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने की। आपने बताया कि पालि भाषा बौद्ध धर्म के समझने के लिए तथ्यात्मक आधार बनी हुई है। समापन कार्यक्रम में हरगोविन्द बौद्ध ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा बताया कि पालि भाषा जो लुप्तप्राय हो रही थी, उसको जनमान्य की भाषा बनाये जाने की दिशा में प्रधानमंत्री द्वारा पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान कर एक सार्थक प्रयास किया गया है।

जनजातीय ग्रामों को मूलभूत सुविधाओं से अच्छादित किया जा रहा

प्रदेश सरकार अनुसूचित जनजातीय के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए कटिबद्ध है। इनको विकास की मुख्य धारा से जोड़ने तथा इनके चौमुखी विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया जा रहा है। राज्य सरकार इनको बुनियादी सुविधाएं जैसे- आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पानी आदि उपलब्ध करा रही है। असीम अरूण ने अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए संचालित 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' की जानकारी देते हुए बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर को किया। असीम अरूण ने बताया कि प्रदेश में 500 या उससे अधिक जनसंख्या के ग्राम जिसमें अनुसूचित जनजाति की कम से कम 50 प्रतिशत जनसंख्या हो, इस योजना से आच्छादित होंग।

कृषि मंत्री ने की खेत तालाब योजना की समीक्षा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

देश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को कृषि निदेशालय में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक, वर्षा जल संचयन की खेत तालाब योजना, पं. दीनदयाल किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत बीहड़ सुधार के कार्यों की समीक्षा की।

कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक की परियोजना को भूमि संरक्षण की पं. दीनदयाल योजना, खेत तालाब योजना तथा आरएडी योजना के साथ समन्वित उपचार कर जल संचयन, मृदा संरक्षण, अजीविका संवर्द्धन एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूक कर माडल वाटरशेड में अनुकरण कर

लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा भूमि संरक्षण अधिकारी के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर की जाए

जलागम विकास किया जाए। योजनाओं के लक्ष्य को तेजी से भौतिक प्रगति के निर्देश दिये, जिससे किसानों को किसी प्रकार की सिंचाई समस्या का सामना न करना पड़े तथा उनके खेतों का उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाई जा सके। इस योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर की स्थापना हेतु उद्यान विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्रता से तकनीकी स्वीकृति एवं त्रिपक्षीय अनुबंध के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि खेत तालाब खोद चुके लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा भूमि संरक्षण अधिकारी के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर की जाए।

खबरें एक नजर में

मेयर ने नगर निगम अधिकारियों को लगाई फटकार

लखनऊ। लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल ने सफाई, सड़क, सीवर और स्ट्रीट लाइट की खराब व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को डांट दिया। वे सोमवार को अचानक नगर निगम जोन-4 कार्यालय पहुंच थीं। उनके साथ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और बाकी अधिकारी भी थे। उन्होंने कहा सरकार एक तरफप्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की तैयारी कर रही है, दूसरी तरफआप लोगों की कार्य शैली से जनता की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। दरअसल, दिवाली के बाद से ही शहर में सफाई और स्ट्रीट लाइट की समस्या बढ़ गई है। यहां तक की पिछले दिनों मुख्यमंत्री आवास के पास स्थित पांच कालीदास मार्ग चौराहा ओर लोहिया पथ की स्ट्रीट लाइटें बंद मिली थीं। छठ पूजा के दिन यह स्थिति थी। पिछले दिनों सदन और कार्यकारिणी में पार्षदों ने सफाई और डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की समस्या उठाई थी। पार्षदों ने कहा था कि जनता की नाराजगी जनप्रतिनिधियों को झेलनी पड़ती है। सभी ने आने वाले दिनों में इस समस्या का जल्द से जल्द निपटारा करवाने की अपील की थी। टैक्स वसूली में जोन-4 पिछले साल नंबर एक पर था, लेकिन इस साल उसकी स्थिति खराब है। टैक्स वसूली के मामले में जोन इस बार अपने पिछले लक्ष्य से भी पीछे चल रहा है। इसको लेकर कई वार्ड के टैक्स इंस्पेक्टर को फटकार भी लगाई गई। पिछले दिनों नगर निगम के 39 इंस्पेक्टर को नोटिस भी दिया गया था। कार्यालय पहुंची मेयर ने कहा- टैक्स वसूली को लेकर लगातार अभियान तेज किया जाए। इस दौरान मेयर ने जोन अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें सीवर को लेकर सुएज कंपनी के अधिकारियों को फटकार लगाई। बैठक में जलकल के अधिकारी भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि उन लोगों ने ही सुएज को लेकर फीडबैक दिया था। मेयर ने सड़क की शिकायत मिलने पर चीफइंजीनियर महेश वर्मा को बैठक में बुला लिया। अभी निगम कोटे की कई सड़कें खराब पड़ी हैं।

41 माह के वेतन बकाया पर वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों का 41 माह के वेतन का बकाया होने पर गुस्सा फूट पड़ा। कर्मचारी आबिद रजा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए बकाया वेतन और प्रति माह समय से वेतन की मांग उठायी है। प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों ने दो टूक कहा कि बीते पांच माह में लगातार वेतन तय समय पर नहीं आया। दो से तीन माह पर वेतन के आने के कारण ही धीरे-धीरे 41 माह का वेतन बकाया हुआ है। वे वर्षो से कार्यरत है और अनियमितता के शिकार है, जिसे लेकर बोर्ड के अध्यक्ष तक से कई बार वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों ने सोमवार के अपराह्न बाद से कार्य बहिष्कार भी कर दिया है। कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार आगे भी जारी रहेगा। उन्हें उम्मीद है कि उनके वेतन संबंधित मांगों पर सुनवाई होगी, जिससे कर्मचारी व उनके परिवार को राहत मिलेगी।

बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसा सोमवार सुबह 11 बजे बंथरा के कुरौनी गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनी नगर ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान दीपक चौरसिया (28) के रूप में हुई है, जो बंथरा थाना क्षेत्र के खटोला गांव का रहने वाला था। वह अपने निजी कार्य से बिजनौर की ओर जा रहा था, तभी कुरौनी गांव के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। टक्कर के बाद दीपक सड़क पर सिर के बल गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। उपनिरीक्षक हरेंद्र यादव ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है। उनके आने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा।

डेंगू पीड़ित महिला ने लगाई फांसी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर इलाके में डेंगू की बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। महिला का शव घर में कुंडे के सहारे लटकता मिला। पति ने आनन-फानन में लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। अबरारनगर-खुर्रमनगर की रहने वाली बानो (25) पत्नी वसीम सिलाई का काम करती थी। खुर्रमनगर के रंगोली पैलेस के पास दोनों पति-पत्नी अपनी दुकान चलाते थे। वसीम ने बताया, बानो की काफी दिन से तबीयत खराब थी। डॉक्टर को दिखाया तो डेंगू होने का पता चला। इलाज के बाद भी राहत नहीं मिल रही थी। सोमवार सुबह करीब 5 बजे घर में कुंडे के सहारे फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। वसीम कुछ काम से बाहर गए थे जब वापस लौटे तो पत्नी को फंदे से लटकता पाया। इसके बाद फंदे से उतारकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बानो के एक 5 महीने का बेटा और 8 साल की बेटी है।

अखण्ड आर्यावर्त आर्य महासभा की बैठक 13 को

लखनऊ। अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के प्रकोष्ठो की आवश्यक बैठक आगामी 13 नवंबर को प्रातः 11 बज पार्टी मुख्यालय, एमडीएस टावर, कुर्सी रोड में बुलायी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के निर्देश पर बुलायी गई इस बैठक की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला ने बताया कि इस बैठक में पार्टी की समस्त इकाईयों के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य हिस्सा लेंगे। श्री शुक्ला ने बताया कि बैठक में पार्टी की भावी कार्यक्रमों की रणनीतियों पर चर्चा की जायेगी। इसके अलावा देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने को लेकर वर्षो से चलाये जा रहे अभियान को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न गैर राजनैतिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और कथावाचकों द्वारा चलाए जा कार्यक्रमों और सनातन के प्रति जागरूक यात्राओं का समर्थन, पार्टी द्वारा प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा और महाआरती कार्यक्रम को समस्त इकाईयों दिया अपने-अपने क्षेत्रों में करने आदि विषयों पर भी चर्चा की जायेगी।

खरगे के बयान का मंत्रियों ने दिया करारा जवाब

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वस्त्रों पर दिये गये बयान पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने करारा जवाब दिया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष के नाते मल्लिकार्जुन खरगे पूरी पार्टी का नेतृत्व करते है। उनका बयान पूरी पार्टी का बयान है, वह अपने बयान के लिए माफी मांगे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश ने कहा कि कांग्रेस ने सनातन पर हमला किया है। जब-जब सनातन संस्कृति पर हमला हुआ है, तब -तब कांग्रेस उसके समर्थन में खड़ी रही है। कांग्रेस का लक्ष्य देश में तुष्टीकरण की राजनीति करना है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस डी-रेल हो चुकी है। कांग्रेस के लोगों के पास अब कोई मुद्दा नहीं है। वे एसी कमरे से राजनीति करते है। यही कारण है कि साधु-संतों के

सीएम योगी के वस्त्रों पर टिप्पणी बेहद शर्मनाक : जयवीर सिंह

वस्त्रों पर टिप्पणी करने लगे है। राज्य के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर इशारा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष का बयान बेहद निंदनीय है। कांग्रेस का तो इतिहास रहा है, जिसमें बार-बार झूठ बोलना एवं सनातन संस्कृति का अपमान करना रहा है। कांग्रेस ने लोगों को बांटकर सत्ता हासिल की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पूरे प्रदेश के भीतर सत्तर वर्ष में पिछड़ों, दलितों और मुस्लिमों को धोखा दिया है। उत्तर प्रदेश में हासिये पर कांग्रेस के लोग है। साधु-संतों पर टिप्पणी कर के मीडिया पर बने रहना चाहते है। गेरुआ वस्त्र त्याग और बलिदान का प्रतीक है। उसका सभी सम्मान करते हैं। कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष अपने बयानों से सुर्खियां बंटोरने के लिए जाने जाते हैं। उन्हें बयानवीर कहना गलत नहीं होगा। वर्तमान समय में उपचुनाव को ध्यान में रखकर कांग्रेस अध्यक्ष ने बिना नाम लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वस्त्रों पर जो टिप्पणी की है, वो बेहद शर्मनाक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का बयान बेहद शर्मनाक है। किसी संत के विरुद्ध बोलने से पहले सोचना चाहिए। साधु-संतों के निर्देश पर यह देश चलता है। सनातन संस्कृति से ही हमारे देश की पहचान है।

भास्कर भवन का 2.95 करोड़ रुपए की लागत से होगा जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राम नगरी अयोध्या स्थित भास्कर भवन का 2.95 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण होगा। इसके लिए 2 करोड़ रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इससे आने वाले पर्यटकों को सुविधाएं मिलेंगीं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। मौजूदा वर्ष 2024 में जनवरी से जून के बीच उत्तर प्रदेश में करीब 33 करोड़ पर्यटक आए, जिनमें से लगभग 11 करोड़ पर्यटकों ने अयोध्या का दौरा किया। इसी को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग अयोध्या में पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। भास्कर भवन का विशेष महत्व है।

उपचुनाव : भाजपा-सपा के बीच चल रहे पोस्टर वार में बसपा की एंट्री

लखनऊ समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में उपचुनाव को लेकर भाजपा-सपा के बीच चल रहे पोस्टर वार के बीच बहुजन समाज पार्टी की भी एंट्री हो गई है। भाजपा के बटेंगे तो कटेंगे के नारे पर समाजवादी पार्टी हर रोज नए स्लोगन के साथ पोस्टर जारी कर रही है। बहुजन समाज पार्टी ने भी एंट्री ले ली है।बसपा ने नारा दिया है, बीएसपी से जुड़ेंगे, तो आगे बढ़ेंगे व सुरक्षित भी रहेंगे।

लखनऊ में बसपा कार्यालय के आगे इसका बड़ा पोस्टर लगा है।बसपा नेता मोहम्मद सरवर मलिक की ओर से लगे होर्डिंग में ऊपर की तरफबसपा मुखिया मायावती और उनके भतीजे आकाश आनंद की बड़ी सी तस्वीर लगी हुई है,नीचे की तरफ मोहम्मद सरवर और लखनऊ से बसपा की पूर्व मेयर प्रत्याशी शाहीन बानो की तस्वीर लगी है। यह होर्डिंग चर्चा में आ गई है। पोस्टर में बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे व सुरक्षित भी रहेंगे स्लोगन लिखा गया है। सपा के कई नेताओं ने विभिन्न स्लोगन के साथ होर्डिंग और बैनर टागे हैं।

सपा कार्यालय के बाहर सपा प्रवक्ता अभिषेक बाजपेई द्वारा लगाए गए पोस्टर में लिखा है पीडीए की होगी जीत, एकता की होगी जीत। अली भी हैं बजरंगबली भी हैं संग पीडीए के एकता की टोली भी है, जिसे देख विरोधियों में मच गई खलबली भी है। सपा लोहिया वाहिनी के उपाध्यक्ष मृत्युंजय यादव द्वारा जुड़ेंगे तो बढ़ेंगे का नारा दिया गया है। सपा के नेता रणजीत सिंह द्वारा पोस्टर लगाया गया है बांटने वाले बांट नहीं पाएंगे, काटने की बात करने वाले 2027 में मुंह की खाएंगे। सपा से जुड़ेंगे तो सेफ रहेंगे, नेक रहेंगे।

दिल्ली के सनातन संसद में उठेगा तिरुपति मंदिर का मुद्दा : देवकीनंदन

कई मंदिरों में ऐसे लोग काम कर रहे हैं, जो हिंदू आस्था में विश्वास नहीं रखते

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ पहुंचे धर्मगुरु देवकीनंदन महाराज ने सनातन धर्म और मंदिरों से जुड़े मुद्दों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा-100 करोड़ सनातनियों का यह विषय है। यह ऐसा मुद्दा है, जिसके बिना हम नहीं रह सकते। जिस तरह से मीडिया रिपोर्ट्स में तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी की मिलावट की खबर सामने आई, वह चिंता का विषय है। देवकीनंदन महाराज ने इसे एक बड़ी चिंता का विषय बताते हुए आरोप लगाया कि कई मंदिरों में ऐसे लोग काम कर रहे हैं, जो हिंदू आस्था में विश्वास नहीं रखते। उन्होंने कहा कि 16 नवंबर को दिल्ली में सनातन संसद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

लखनऊ की सड़क पर ऊंट घूमता देखकर लोग हुए आश्चर्यचकित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ के कुकरैल जंगल से खुर्रम नगर मुख्य सड़क पर ऊंट घूमता देखकर लोग आश्चर्यचकित हुए। सोमवार को सुबह से कम उम्र के ऊंट को देखने के लिए कल्याणपुर में भीड़ लग गयी। ऊंट को लोगों ने हरी घास और फल खिलाया। कल्याणपुर निवासी अभिषेक कुमार गुप्ता ने कहा कि बीती रात को मूवी देखकर लौटते हुए वह और उनके दोस्तों ने एक बजे ऊंट को गली में घूमते देखा। ऊंट की गर्दन में रस्सी बंधी थी, जैसे लग रहा था कि वह रस्सी तोड़कर कहीं से भागा है।

लखनऊ में खुला अनोखा पुस्तकालय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी में तैयारी करने वाले छात्रों के लिए बड़ी खबर है। स्टडी हब कहे जाने वाले कपूरथला चौराहे पर ष्पुस्तकालयष् नामक एक लाइब्रेरी की शुरुआत हो गयी है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव के. रवीन्द्र नाइक ने किया।

पुस्तकालय नाम की इस लाइब्रेरी के संस्थापक विशाल कुमार सिंह ने बताया कि इस लाइब्रेरी में 800 से अधिक लोगों के एक साथ बैठकर पढ़ने की व्यवस्था है।

किफायती कीमतों में यह लाइब्रेरी अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को

आधुनिक तकनीक एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है लाइब्रेरी

एडवांस स्तर तक की सुविधा प्रदान करती है।

संस्थापक विशाल ने इस लाइब्रेरी की स्थापना काफी शोध करने के बाद की गई है, जिससे उन्हें छात्रों की अध्ययन सामग्री के साथ उनकी मांग और जरूरतों का स्तर भी ज्ञात हुआ। लाइब्रेरी में विभिन्न पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें हैरी पॉटर जैसी विश्वप्रसिद्ध सीरीज भी शामिल हैं। इसके साथ फ्री वाई-फाई, फोटोग्राफी सर्विस, आरामदायक सीट, पिक एंड ड्रॉप की सुविधा व किराये पर लैपटॉप आदि की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही, फ्री बेसिक स्टेशनरी और ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी शामिल है। इसके अलावा लाइब्रेरी परिसर में कैफे का प्रबंध भी किया गया है। इसमें समय-समय पर विभिन्न प्रकार की पौष्टिक खाद्य सामग्री और किफायती रेट पर शुद्ध भोजन भी प्राप्त किया जा सकता है। यह सारी सुविधाएं सिर्फ एक डिजिटल ऐप के माध्यम से उपलब्ध हैं।

कांग्रेस पार्टी दफ्तर में मनाई गई अबुल कलाम आजाद जयंती

लखनऊ, धारा लक्ष्य समाचार। कांग्रेस पार्टी के सूबाई दफ्तर में आज आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री,भारत रत्न एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व शिक्षाविद् मौलाना अबुल कलाम आजाद की 137 वीं जयंती मनायी गयी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने मौलाना आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौलाना आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि आजाद भारत व स्वतंत्रता संग्राम में मौलाना आजाद के बहुमूल्य योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उनका एक-एक कदम देश को आजाद कराने व राष्ट्र के निर्माण को समर्पित था। हम सभी लोगों को उनके समर्पण, बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लेने की आवश्यकता है इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृजेन्द्र सिंह, संजय शर्मा, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह, रविन्द्र पटेल, नावेद नकवी, अन्नु सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद रहे।

भूमि पूजन के साथ शुरू हुई हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2024 की तैयारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां गायत्री जनसेवा संस्थान नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2024 का आयोजन मान्यवर कांशीराम संस्कृतिक स्थल,स्मृति उपवन, बांग्ला बाजार, आशियाना, लखनऊ में किया जा रहा है।

आज तैयारी कार्य प्रारंभ करने के प्रथम सोपान में भूमि पूजन कर प्रभु श्री गणेश जी, माता गायत्री जी,माता लक्ष्मी, माता दुर्गा जी, माता सरस्वती जी, माता काली जी एवं माता पृथ्वी जी सहित समस्त देवी देवताओं का आह्वाहन कर पूजन, आरती कर

कार्यक्रम की सफलता कुशलता एवं जग कल्याण के लिए कामना की गयी।

मुख्य आयोजक एवं महोत्सव समिति के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, विनय दुबे, रनवीर सिंह ने पूजा हवन कर कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रभु जी से कामना की। कार्यक्रम में आयोजन समिति में विशेष रूप से संतोष श्रीवास्तव, हेमू चौरसिया, मोनालिसा, रोली जायसवाल, सनी गुप्ता,शुभम गुप्ता, सूरज जैसवानी, हिताशु दीक्षित, नीलम श्रीवास्तव, प्रदीप शुक्ला, मनीष पंडित, अंशुमान सिंह, सत्य शरण सिंह, अमित तिवारी, ठाकुर राम सिंह,रोली सिंह, भारती सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह, सरुपा तिवारी, सौम्या शुक्ला, दीपिका मिश्रा, तृप्ति पांडे, एड गोविंद कनौजिया, एडवोकेट शक्ति सिंह, रवि पाण्डेय, विवेक कुमार, शुभम आदि उपस्थित रहे। भूमि पूजन का कार्य वैदिक पंचामृत संस्थान के पंडित अनुराग मिश्र शास्त्री जी द्वारा संपन्न कराया गया।

तकनीक | कार्य की गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए ड्रोन फुटेज का उपयोग

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास पर अब है ड्रोन की नजर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता की निगरानी और आकलन के लिए ड्रोन तकनीक को लागू किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया।

सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, ड्रोन अब गांवों में आवास निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सिंचाई, सड़क निर्माण, खेल के मैदान और वृक्षारोपण परियोजनाओं सहित महत्वपूर्ण पहलों की निगरानी कर रहे हैं। इन कार्यों की प्रगति की पुष्टि करने के लिए जिला स्तर पर विशेष निगरानी दल गठित किए गए हैं, जिनमें मनरेगा योजना के तहत काम भी शामिल हैं, जिन्हें आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है।

इस अभिनव प्रयोग का उद्देश्य ग्रामीण

विकास में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, साथ ही अधिकारियों को उनके प्रदर्शन के लिए जवाबदेह बनाना है। सरकार का मानना है कि इस तरह से तकनीक का उपयोग करने से न केवल विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

मोदी सरकार के राष्ट्रीय विकास एजेंडे के अनुरूप, योगी प्रशासन शासन को बढ़ाने के लिए तकनीक पर जोर देता है।

ग्रामीण विकास योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिलेवार निरीक्षण के साथ ही ड्रोन निगरानी के माध्यम से मनरेगा कार्यों की निरंतर निगरानी की जा रही है। प्रगति का दस्तावेजीकरण करने और कार्य की गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए ड्रोन फुटेज का उपयोग किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ गुणवत्ता में किसी भी तरह की कमी के बिना इच्छित लाभार्थियों तक पहुंचे।

ग्रामीण विकास में गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सरकार वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर रही है। इन निरीक्षणों के बाद जिला अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी, खासकर उन क्षेत्रों में जहां परियोजनाएं निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करती हैं।

सरकार ने जिला अधिकारियों को इन निरीक्षणों की निगरानी करने वाली राज्य स्तरीय ड्रोन टीमों के साथ पूरा सहयोग करने का निर्देश दिया है। मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है कि अधीनस्थ अधिकारी और कर्मचारी ड्रोन टीमों की प्रभावी रूप से सहायता करें। पहल के पैमाने के जवाब में, ड्रोन निगरानी के व्यापक कवरेज को सुनिश्चित करने, विकास परियोजनाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए राज्य मुख्यालय पर तैनात टीमों की संख्या बढ़ा दी गई है।

इस पहल का पहला सफल परीक्षण बांदा जिले में किया गया था। मुख्यमंत्री की इस पहल से न केवल ग्रामीण विकास में पारदर्शिता आएगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। पारदर्शिता में सुधार और उच्च गुणवत्ता वाले काम को सुनिश्चित करके, कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

रेज कॉस्मेटिक्स का लखनऊ में भव्य लांच

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नवीन सौन्दर्य प्रसाधनों की अभूतपूर्व श्रंखला रेज कास्मेटिक्स का सोमवार को भव्य लांच किया गया। लांच कार्यक्रम का शुभारंभ होटल हयात में रेज कास्मेटिक्स की फाउण्डर सुषमिता गुप्ता, अभिनेत्री सारा अली, संगीता ने दीप प्रज्वलित कर गणेष वंदना से किया।

इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम में मॉडल ने अनोखे अंदाज में कई फिट की लिपिस्टिक का माडल दिखाकर लोगों को इसके बारे में बताया। रेज कास्मेटिक्स की फाउण्डर सुषमिता गुप्ता ने कहा कि रेज लिपिस्टिक 8 रंगों में उपलब्ध है, साथ ही लिप और चिक टिंट 5 शेड में लांच की गयी है।

उन्होने बताया कि हमारे दोनो प्रोडेक्ट 100 प्रतिशत नेचुरल है, इसे किसी पशु को बिना नुकसान पहुचाएं

बनाया गया है। उन्होने बताया कि रेज कास्मेटिक्स महिलाओं को आत्म अभिव्यक्ति की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिये डिजाइन की गयी है। जब एक महिला अपने को सुन्दर बनाने के लिये मेकअप करती है तो वह उस समय सभी तनाव और चिंताओं को भूलकर खुद को सजाने सवांरने में लग जाती है जिससे वह संतुष्ट होती है, और अपने को बेहतर महसूस करती है, कहीं न कहीं यह मेकअप उसे स्वास्थ्य रहने व सफाई की ओर प्रेरित करता है। सुषमिता ने बताया कि रेज के दोनो प्रोडेक्ट नेचुरल है जो सभी तरह की त्वचा और आयु वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर बनाएं गये हैं, इसका लुक लग्जरी लगेगा। यह कम कीमत में बेहतर प्रोडेक्ट पेश करती है। इस अवसर पर शहर की कई ब्यूटिशियनस, माडल और अतिथि उपस्थित रहे।

प्रधान पर लगा शारीरिक शोषण करने का आरोप

पीड़िता की तहरीर पर मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नरायनपुर वली के प्रधान का शर्मनाक कारनामा प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान पर थाना क्षेत्र के ही एक गांव की इक्कीस वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर चार वर्ष तक उसका शारीरिक शोषण करने और युवती के द्वारा प्रधान से शादी करने का दबाव बनाने पर उसे दुत्कार कर भगा दिये जाने का आरोप है। युवती की तहरीर पर थाना देहात कोतवाली में नरायनपुर वली के प्रधान रानू शुक्ला के खिलाफ दुष्कर्म के मामले मे रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं धमकी देने के आरोप मे उसके भाई सुशील शुक्ला और बहनोई जितेंद्र पांडेय को भी आरोपी बनाया गया है।

युवती का आरोप है कि प्रधान रानू शुक्ला ने पहले उसे शादी के झांसे मे लिया,जिसके बाद चार वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण करते रहे। लेकिन जब बात शादी करने की आई तो आनाकानी करने लगे और शादी करने से मना कर दिया। वहीं समझौता करने के नाम पर बीते 8 नवंबर को भी लखनऊ ले जाकर पूरी रात शारीरिक शोषण करते रहे। दूसरे दिन 9 नवंबर को शादी करने के लिए साफ तौर से इनकार कर लाकर गोंडा के कोतवाली देहात के गेट पर सुबह 11 बजे छोड़ दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ग्राम प्रधान का सत्तासीन पार्टी के नेताओं से गहरा संबंध है। जिसकी धौंस दिखाकर आरोपी रानू शुक्ला कहता है कि उसका कोई कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता। उलटे पीड़िता के भाई को दुष्कर्म के मामलों में फंसा देने की धमकी भी दे रहा है। पीड़ित युवती का आरोप है कि शिकायत करने की बात पर ग्राम प्रधान के भाई और उसके रिश्तेदार भी उसको मारने-पीटने की धमकी देते हैं। पीड़िता की तहरीर पर थाना कोतवाली देहात ने तीन आरोपियों रानू शुक्ला, भाई सुशील शुक्ला, बहनोई जितेंद्र पाण्डेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए टीम को लगाया गया है। जब वह शादी के लिए तैयार हो गई तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया है और लखनऊ भी ले जाकर के समझौते के नाम पर शोषण किया है।



उन्होंने कहा कि पीड़िता की तहरीर पर तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके पीड़िता का मेडिकल परीक्षण और मजिस्ट्रेट के सामने बयान कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

ग्राम भवानीपुर में निर्मित होगा उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय 0.330 हेक्टयर भूमि का हुआ आवंटन

बहराइच समृद्धि न्यूज़ । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील सदर अन्तर्गत परगना हिसामपुर के ग्राम भवानीपुर में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पटखौली हुजूरुपर के निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 304 क्षेत्रफल 0.150 हेक्टयर व खसरा/गाटा संख्या 306 क्षेत्रफल 0.180 हेक्टेयर कुल 0.330 हेक्टयर भूमि का आवंटन बेसिक शिक्षा विभाग को किया गया है। डीएम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा हासिल करने में सुविधा होगी।

कृषक भ्रमण कार्यक्रम को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

योजना से कृषकगण भ्रमण/ प्रशिक्षण करके पशुपालन एवं बकरी पालन से संबंधित तकनीकी जानकारी करेंगे हासिल

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर से जनपद के 120 किसानों के दल को पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय मथुरा एवं केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा के लिए रवाना किया।

इन कृषकों में जनपद के 8 विकासखंडों से 8 कृषक प्रति विकासखंड तथा शेष 8 विकासखंडों से 7 कृषक प्रति विकासखंड इस प्रकार कुल 120 कृषक चयनित किए गए थे, जिन्हें इस प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया जा रहा है। सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत उक्त कृषकगण भ्रमण/ प्रशिक्षण करके पशुपालन एवं बकरी पालन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थी किसानों से बातचीत करते हुए उन्हें पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली तकनीकी जानकारी को वापस आकर अपने कृषि कार्य में अंगीकार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर सहित अन्य सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

साहित्यकार की अध्यक्षता में हुई काव्य गोष्ठी

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में साहित्यिक विमर्श एवं काव्य गोष्ठी दो सत्र में साहित्यकार राजेश ओझा के आवास मोकलपुर में लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार डॉ. सूर्यपाल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए प्रथम सत्र के काव्य गोष्ठी में गिरधर द्विवेदी वनराज,डॉ सूर्यपालसिंह,वरिष्ठ कवि घनश्याम अवस्थी,शिवाकांत मिश्र विद्रोही,हरीराम शुक्ल प्रजागर आदि उपस्थित कवियों ने साहित्यिक रचना सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। द्वितीय सत्र में साहित्य विमर्श में हम लिखते क्यों हैं? विषय पर डॉ. शैलेन्द्र नाथ मिश्र और डॉ. सूर्य पाल सिंह के व्याख्यान से उपस्थित लोगों में जिज्ञासा शांत हुई। डॉ. शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने देश की आजादी में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए माखनलाल चतुर्वेदी की पंक्तियों की चर्चा किया। डॉ. सूर्य पाल सिंह ने इस हाईटेक जमाने की चर्चा करते हुए किताबों के पठन पाठन पर मोबाइल से दुष्प्रभाव की बात कहते हुए सजग रहने की बात कही। उक्त काव्य गोष्ठी एवं साहित्यिक विमर्श में रंगकर्मी चक्रधर द्विवेदी, वामपंथी चेतना के विद्वान कृष्ण कांत धर द्विवेदी,बलरामपुर से आए कहानीकार प्रदीप मिश्र, कंजेभरिया मथुरा से आए लक्ष्मी नारायण अवस्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता राम फेर प्रजापति,देव प्रकाश ओझा एडवोकेट, विशेष ओझा, रुद्रांश, गौरव, रीतिका,अन्नू आदि उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब, जिम्मेदार मौन

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। जिला चिकित्सालय में मरीजों की सहूलियत के लिए लाखों रुपये खर्च कर लगाई गई एक्सरे और सिटी स्कैन मशीन जिम्मेदारों की लापरवाही से धूल फांक रही है। उधर मरीजों का एक्सरे पोर्टेबल मशीन से किया जा रहा है। इसमें मरीजों को फिल्म भी नहीं मिल रही है और लोगों को मोबाइल पर एक्सरे का फोटो लेना पड़ता है। डिजिटल एक्सरे मशीन खराब होने के बाद से मरीजों को फिल्म नहीं मिलती है। उन्हें पोर्टेबल एक्सरे मशीन से मोबाइल पर फोटो खिंचवा दी जाती है। वही फोटो डॉक्टर को दिखाई जा रही है, लेकिन जब इस रिपोर्ट में चोट क्लियर नहीं होती तो फिर डॉक्टर एक्सरे के लिए सलाह देते हैं। ऐसे में मरीज को मजबूरन बाहर से अधिक रुपया खर्च कर डिजिटल एक्सरे कराना पड़ता है। निजी लैबों पर इसके लिए करीब 900 रुपये फीस देनी पड़ती है। वहीं शासन द्वारा मरीजो के लिए मुहैया कराई गई सिटी स्कैन मशीन भी बीते वर्षों से खराब पड़ी है और जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं।

घुड़सवारी व डीजे के साथ निकली भगवान राम की बारात

कथा की समाप्ति पर आरती के बाद हुआ प्रसाद का वितरण, सुबह हनुमत पूजन में चावल से भक्तों ने किया अर्चन

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा आयोजित स्टेशन रोड स्थित श्री नूरामल मंदिर पर श्री बालाजी महोत्सव आयोजन में कथा के पांचवें दिन भगवान राम जी की बारात श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से निकलकर रानी बाजार, अग्रसेन चौराहा, साहबगंज होते हुए बारात कथा स्थल पर पहुंची।

बारात में घुड़सवारी,डीजे के साथ भगवान राम रथ पर सवार थे। जगह-जगह भक्तों ने भगवान राम जी का फूलों से स्वागत किया और आरती उतारी,बारात में डीजे के धुन पर- राम जी की निकलीं सवारी, राम जी की लीला है न्यारी...आदि कई भजनों पर श्रद्धालु भक्त मग्न होकर खूब झूमे। बारात में छात्र नेता उमेश शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश पांडे, संदीप मेहरोत्रा,संतोष सोनी, अशोक कसौधन, पुरानचंद गुप्ता , वरदान मेहरोत्रा , विशाल बंसल, आकाश गर्ग ,शलभ गर्ग ,राजू मोदनवाल सहित अन्य लोग बारात में शामिल होकर खूब झूमे। भगवान राम की बारात पहुंचते ही भक्ति भाव हो गये और मग्न होकर झूमने लगे। सज्जा पर शिवा पंडित की टीम रही। कथा की समाप्ति पर आरती हुई उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। सुबह हनुमत पूजन में बालाजी से विशेष प्रार्थना और चावल से भक्तों ने अर्चन किया। जिसमें महिला पुलिस दल बल के साथ मौजूद रही और चप्पे चप्पे पर नजर गड़ाए हुए थे।

पुलिस प्रशासन की तरफ से पूरी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। कथा के दौरान ऊषा रस्तोगी ,पूजा आर्य ,रिंकी रस्तोगी,श्रद्धा कुशवाहा, शिखा मोदनवाल, नैनी कसौधन, सुनील कुमार रस्तोगी, संतोष सोनी, प्रतीक टंडन, गौरव रस्तोगी, शानू कसौधन , बीनू कुशवाहा,अजय कसौधन, अंकित मिश्रा,अनुराग शर्मा, अभिषेक गुप्ता,चन्दन आर्य, आलोक सिंह , विवेक सिंह, अभिनाश गुप्ता, शुभम कसौधन, अमन वर्मा, सत्यम गुप्ता,राम शंकर कसौधन,वेद प्रकाश सोनी, गौरव गुप्ता, सोमनाथ रस्तोगी, राजू सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ड्रोन से निगरानी कर पकड़ी अवैध शराब व 1000 किलो लहन

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर टीम ने सोमवार तड़के जंगल से सटे क्षेत्र में ड्रोन से अवैध शराब निर्माण की निगरानी की। मौके से एक हजार किलो लहन और कच्ची शराब बरामद की। हालांकि शराब बनाने वाले लोग मौके से फरार हो गए। जिलाधिकारी मोनिका रानी और आबकारी आयुक्त गोंडा के निर्देश जिले की टीम ने अवैध शराब निर्माण के लिए छापेमारी अभियान चलाया। जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षक आदित्य कुमार, विमल मोहन वर्मा, अमित कुमार,पवन कुमार, सोनू कुमार की टीम ने कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के जंगल में टापू पर ड्रोन से अवैध शराब निर्माण का चिन्हांकन किया। इसके बाद मौके पर जाकर शराब निर्माण के लिए रखा एक हजार किलो लहन और ब्लैडर ट्यूब के अंदर से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि बरामद समान को नष्ट करवा दिया गया है। साथ अज्ञात के विरुद्ध थाने में शराब निर्माण के लिए केस दर्ज कराया गया है।

ट्रैक्टर-ट्राली ने बाईक सवार को रौंदा, मौत

अपनी शादी का कार्ड गया था बाँटने,लौटते समय बालेश्वरगंज के समीप हुआ हादसा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत बालेश्वरगंज- भरहापारा मार्ग पर रविवार देर शाम अपनी शादी का कार्ड बाँट कर बाईक से लौट रहे एक युवक को मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने रौंद दिया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं इस हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया तथा मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान किसी ने डायल 112 पुलिस को इसकी सूचना दी।जिसके बाद घटनास्थल पर पहुँची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस के जरिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज भेजवाया, जहाँ रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक वजीरगंज थाना क्षेत्र के मुड़िला भगोहर निवासी अमित मौर्य (25) पुत्र राजू मौर्य अगले महीने की 4 तारीख को अपनी होने वाली शादी का कार्ड बाँटने गया हुआ था। देर शाम करीब 8:30 पर जब वह कार्ड बाँटकर वापस लौट रहा था। तभी बालेश्वरगंज-भरहापारा मार्ग पर बाजार के समीप ही मिट्टी लदी अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली उसे रौंदती हुई निकल गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मुख्यालय भेज दिया गया है,अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप मे मनाई गई मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती

बहराइच समृद्धि न्यूज़। शहर के शेखख्यापुरा स्थित हरमैन माडर्न जूनियर हाईस्कूल मे स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप मे मनाई गई। इस अवसर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे स्कूल के बच्चो ने भाग लिया। डायरेक्टर मो मशकूर ने बताया कि पिछले दस साल से इस अवसर पर कई तरह के आयोजन होते रहे है। अबकी बार जूनियर मे प्रथम पुरूस्कार इफरा फिरदौस को प्रबंधक इश्तियाक अली ने लेमन सेट, दिया दूसरा पुरूस्कार जैद आलम को जूसर सेट स्कूल अध्यक्ष मो अब्दुल्ला ने दिया तीसरा इनाम बाउल सेट अनुज मिश्रा ने प्रायमरी मे पुंषपांशी वर्मा, इफरा, मोहसिना,सिदरत फात्मा को दिया। इस अवसर पर मो अब्दुल्ला ने कहा सभी बच्चे मन लगा कर अपने स्कूल व देश का नाम रोशन करे।

रामगोपाल हत्या मामले में छह 6 अभियुक्त गिरफ्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के महाराजगंज में 13 अक्टूबर को हुई हिंसा में रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में शामिल छह और लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा हो गई थी। हिंसा के दौरान रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या में शामिल मुख्य आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है। अब हत्या और आगजनी के षड्यंत्र में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर रही है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि पोखर की देखरेख में हरदी पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ की।थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि हिंसा में शामिल महाराजगंज कस्बा निवासी शकील उर्फ बबलू पुत्र हाजी मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद मोइन, फरहान राजा पुत्र मोहम्मद मोइन, मोहम्मद हबीब पुत्र मोहम्मद अमीन, तौसीफ राजा पुत्र मोहम्मद अमीन और मोहम्मद नूरानी पुत्र मोहम्मद अमीन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। लिस टीम ने सिपाही संदीप कुमार, विवेक पाल, प्रियंका राठौर शामिल रहे।

परिवहन विभाग के ढाबे पर दोगुना रेट में मिल रहा सामान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ बहराइच राजमार्ग पर घाघराघाट में परिवहन विभाग का ढाबा स्थित है। इस ढाबे पर यात्रियों को जमकर लूटा जा रहा है। निर्धारित मूल्य से दोगुना दाम पर सामान दिया जा रहा है। यात्रियों की शिकायत के बाद भी परिवहन विभाग के अधिकारी कोई भी कदम नहीं उठा रहे हैं। ऐसे में चारों तरफ से यात्री ही ठगे जा रहे हैं।शहर में स्थित रोडवेज बस अड्डे से प्रतिदिन लखनऊ के लिए 100 से अधिक बसों का आवागमन होता है। इनमें बहराइच के अलावा श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा और नेपाल की परिवहन विभाग की बस शामिल है। बस के यात्रियों को रियायत मूल्य पर समान मिले, इसके लिए लखनऊ बहराइच मार्ग के घाघराघाट में परिवहन विभाग से अनुबंधित राजधानी ढाबा संचालित है। यहां पर लखनऊ आने और जाने वाली बसों का ठहराव होता है। लेकिन अनुबंधित बस के यात्रियों को होटल और वहां आसपास के दुकानदारों द्वारा जमकर लूटा जा रहा है। आलम यह है कि बाजार में खुले में पांच रूपये में मिलने वाली चिप्स भी 10 रूपये में दिया जा रहा है। इतना ही नहीं 20 रूपये प्रति बोतल मिलने वाला पानी 30 रूपये में दिया जा रहा है। अगर यात्री सवाल करते हैं तो उन्हें डांटकर वापस कर दिया जाता है। इसकी जानकारी परिवहन विभाग को है, इसके बाद भी इस होटल और वहां के दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसका नतीजा है कि यहां यात्री रोजाना ठगे जाते हैं। इतना ही नहीं खाने का सामान भी ताजा नहीं दिया जा रहा है। बस यात्री अरुण मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव समेत अन्य ने बताया कि राजधानी ढाबा पर खुलेआम यात्रियों से लूट की जाती है।

खाने के सामान से लेकर धूम्रपान भी महंगा: परिवहन विभाग के अनुबंधित होटल में खाने का सामान तो महंगा मिलता ही है। धूम्रपान के सामान भी खुलेआम अधिक दाम पर बिकते हैं। कमला पसंद 20 रुपये में तीन, तो कैप्टन सिगरेट 10 रुपये का एक मिलता है। इसी तरह अंडा 15 रुपये पीस, आमलेट 40 रुपए प्लेट दिया जा रहा है। 200 ग्राम फूटी का बोतला मूल्य 20 रूपये होने के बाद भी 30 रूपये में बेचा जा रहा है। इसी तरह टिक्की एक प्लेट 30 रुपये का तो चना 20 रुपये में 50 ग्राम दिया जा रहा है।

ओवर रेटिंग पर होगी कार्रवाई : परिवहन विभाग के एआरएम ज्ञानचंद्र ने बताया कि होटल पर समान निर्धारित मूल्य पर यात्रियों को देने के निर्देश हैं। इसका रेट लिस्ट भी लगाया गया है। अगर कहीं मूल्य से अधिक दाम पर बिक्री की जाती है तो इसकी जांच करवाई जायेगी। जांच में सबकुछ सही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिवपुर ब्लाक क्षेत्र में छापेमारी के बाद अब फोन पर की जा रही है उगाही

मिहीपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़। शिवपुर ब्लाक क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के रहमों करम से कई मेडिकल स्टोर, नर्सिंग होम, एवं पैथोलॉजी आदि संचालित किया जा रहे हैं। जिनके पास न तो अनुभवी डॉक्टर हैं, न ही कोई डिग्री है। बावजूद इसके गरीबों का खून चूसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। हाल ही में स्थानीय लोगों की शिकायत पर सीएचसी शिवपुर क्षेत्र के रामपुर धोबियाहार में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की थी। इस दौरान पैथोलॉजी और अवैध नर्सिंग नोटिस भी दिया गया था था। उसी से संबंधित अब एक पैथोलॉजी संचालक को सीएचसी शिवपुर बताकर फोन किया गया। और फोन पर अधीक्षक से मिलने की बात कही गई। फोन पर संचालक से बात करते हुए वह व्यक्ति आई. जी. आर. एस पर रिपोर्ट लगाने की बात कह रहा है। ऊपर तक बात ना जाए इसके लिए जल्द अधीक्षक से मिलने की बात कही जा रही हैं। सूत्रों की माने तो सीएचसी शिवपुर में अधीक्षक की ओर से एक प्राइवेट व्यक्ति को रखा गया है। जो केवल नर्सिंग होम, मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी आदि से धन उगाही का कार्य करता है। वही इस संबंध में जानकारी लेने के लिए सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर नलिन राजा को फोन किया गया। लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

जनपद की 18 सहकारी समिति पर भेजी गई डीएपी

अधिक उत्पादन के लिए नैनो डीएपी एनपीके एवं जिनकेटेड सिंगल सुपर फास्फेट का करे प्रयोग: डॉ सूबेदार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रबी सीजन गेहूं सरसों मसूर , आलू चना मटर व अन्य फसलों की बुवाई के लिए सभी कृषक भाई को जिला कृषि अधिकारी बहराइच डॉ सूबेदार ने अच्छी फसल उत्पादन के लिए सुझाव देते हुए बताया कि नैनो डीएपी, एनपीके 20-20-0-13 एनपीके 12-32-16, एवं जिनकेटेड सिंगल सुपर फास्फेट एवं बोरोनेटेड सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग फसलों के लिए लाभकारी है । जनपद की 18 सहकारी समिति पर आज डीएपी भेजी जाएगी।

जनपद की सभी सहकारी समिति पर नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है । सभी किसान रबी की फसलों मे वैज्ञानिक संस्तुति के आधार पर ही ही उर्वरक का प्रयोग करें। अधिक उर्वरक के प्रयोग करने से मृदा का स्वास्थ्य खराब होता है जिसका असर उत्पादन पर भी पड़ता है। डीएपी उर्वरक का आवश्यकता से अधिक भंडारण भी ना करें । डीएपी में सिर्फ नाइट्रोजन एवं फास्फेट ही पाया जाता है।

जबकि एनपीके में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश एवं सल्फर पाया जाता है जबकि मार्केट में उपलब्ध जिनकेटेड सिंगल सुपर फास्फेट में फास्फोरस, कैल्शियम, सल्फर, एवं जिंक भी पाया जाता है। इसलिए यह फसलों के लिए ज्यादा लाभकारी है। जकिटेड सिंगल सुपर फास्फेट, बोरोनेटेड सिंगल सुपर फास्फेट के प्रयोग करने से हमें अलग से जिंक, सल्फर, बोरान एवं कैल्शियम फसलों को नहीं देना पड़ता है ।

थाना परिसर मे शिक्षकों के साथ सीओ ने की बैठक

बहराइच, समृद्धि न्यूज। क्षेत्राधिकारी पयागपुर राहुल पाण्डेय के नेतृत्व मे थाना परिसर के सभागार मे कार्यक्रम की योजना बनायीं। क्षेत्रधिकारी राहुल पाण्डेय ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के जो बच्चे नवोदय प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 के लिए आवेदन किए थे उनकी निःशुल्क तैयारी कराने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसमे उम्र होने स्पष्ट किया कि अभिभावक अपने पाल्यो कों बीआरसी तक लाने व ले जाने की जिम्मेदारी होंगी। हम लोग निशुल्क शिक्षा तथा कॉपी, नवोदय गाइड बच्चो कों देंगे और योग्य शिक्षक से कोचिंग की कक्षा शिक्षण करायेगे तथा व्यवस्था की जिम्मेदारी भी हम सभी की होंगी। कार्यक्रम से पूर्व तैयारी बैठक मे थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय,शिक्षक अर्चना पाण्डेय, निहारिका सिंह, राम खेलवन, अलोक शुक्ला, राहुल, राजेश पटेल, आदि लोग अपने विचार व्यक्त कर उक्त कार्यक्रम की सराहना की।

कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 अलीगंज जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1376/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 11.11.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 18.11.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किए जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 18.11.2024 को अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बॉक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 18.11.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Laying & Interconnection of P.V.C. pipe line 90 mm Dia 90 mtr at Indal Ganj, Faizullaganj III Ward, Lko	2300.00	Rs. 150	07 दिवस

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

किसानों के लिए सड़क पर उतरे सपाई

पुलिस से हुई झड़प, बोले- किसान खाद, बीज और पानी के लिए परेशान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

रायबरेली में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा किसानों को खाद, बीज और पानी की आपूर्ति न मिलने को लेकर था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने डीएम ऑफिस तक एक जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप था कि प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं को अनदेखा कर रही है, खासकर गेहूं की बुवाई के मौसम में किसानों को आवश्यक सामग्री मुहैया नहीं हो रही।

पुलिस की नाकाबंदी और कार्यकर्ताओं का संघर्ष: प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने पहले से ही नाकाबंदी कर रखी थी और उन्हें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रोकने की कोशिश की। बावजूद इसके, सपा कार्यकर्ता पुलिस की नाकाबंदी को पार करते हुए डीएम कार्यालय की ओर बढ़े, और पुलिस का पीछा करते हुए वहां पहुंचे। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करके रोका गया, लेकिन वे धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव का बयान: समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि किसानों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं और सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो समाजवादी पार्टी और उसके कार्यकर्ता इससे भी बड़े प्रदर्शन करेंगे और प्रदेश से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेंगे।

आवारा मवेशी से टकराई बाइक, युवक की मौत

सलोन रायबरेली। आवारा मवेशी से बाइक सवार के टकराने से मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के रघुपुर गांव के पास का है।जहां कालू जलालपुर निवासी प्रदीप घर जा रहा था।इसी दौरान बाइक का अनियंत्रित होकर आवारा मवेशी से टकरा गई।जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया।जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

महराजगंज इन्हौना मार्ग का सहायक अभियंता ने किया औचक निरीक्षण

महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्रीय जनता जागरूक हो तो सरकार की किसी भी योजना के अंतर्गत हो रहे कार्य को पूर्ण गुणवत्ता परक तरीके से अमली जामा पहनाया जा सकता है। क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला देखने को मिल रहा है जहां महराजगंज इन्हौना मार्ग की गुणवत्ता को लेकर विगत दिनों ग्रामीणों द्वारा उठाए गए सवाल और किए गए हंगामे के बाद पूरा सरकारी तंत्र इस रोड की गुणवत्ता को लेकर कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता है और इसी को लेकर आज सोमवार को सहायक अभियंता ÷अलका÷ बन रही इस रोड का औचक निरीक्षण करने पहुंची उनके पहुंचते ही पीडब्ल्यूडी विभाग में हड़कंप मच गया आनन-फानन मौके पर अवर अभियंता ओपी गौड़ भी पहुंच गए बाकायदा सहायक अभियंता अलका ने वन बाई वन व्यास क्षेत्र का डीबीएम खुदवाकर सैंपल भरवाए और अपने साथ ले गई है। एक बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि बन रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों द्वारा उठाए गए सवाल पर वह जांच करने आई है की मानक अनुरूप यह सड़क बनाई जा रही है या नहीं सैंपलिंग के बाद आई रिपोर्ट के मुताबिक कमी पाए जाने पर ठेकेदार और विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

खबरें एक नजर में

कार से बचने के चक्कर में खाई में पलटा ट्रक, चालक घायल

बछरावा रायबरेली। सामने से आ रही कार से बचने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गया, चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घटना रविवार सोमवार की देर रात्रि 2 :00 के आसपास की बताई गई है। ट्रक चालक ट्रक में गत्तों को लादकर आजमगढ़ से कानपुर के लिए जा रहा था। बछरावां मौरावा मार्ग पर पहुंचते ही बिशुनपुर ग्राम के पास मौरावा की तरफ से आ रही एक कार से बचने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। चालक घायल होकर ट्रक में काफी देर तक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। राहगीरों को ट्रक पलटने की जानकारी होने पर आगे का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला और निजी अस्पताल में इलाज करवाया गया। चालक संत कुमार तिवारी पुत्र राम भगत तिवारी निवासी खिरीटी थाना चकरनगर जनपद इटावा निवासी आजमगढ़ से कानपुर जा रहा था।

ऑटो ने बाइक सवार पति-पत्नी को मारी टक्कर, घायल

बछरावा रायबरेली। बाइक पर सवार पति और पत्नी को अनियंत्रित ऑटो चालक ने टक्कर मार दी, हादसे में दोनों घायल हो गए। जब बाइक सवार पति रमाशंकर तिवारी पुत्र श्री नाथ तिवारी अपनी पत्नी मधुरिमा तिवारी आगामी 23 नवंबर को अपनी पुत्री के विवाह के कार्ड बांटने के लिए रायबरेली से बछरावां की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह कुंदनगंज के निकट जोहवासर्की मोड पर पहुंचे, कि अचानक अनियंत्रित ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों को गंभीर चोटे आ गई। राहगीरों के द्वारा एंबुलेंस की सहायता से दोनों को बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया, परंतु पति रमाशंकर की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

टप्पेबाजों ने एटीएम कार्ड बदलकर निकाले चालीस हजार

सलोन रायबरेली। टप्पेबाज़ो ने एटीएम कार्ड बदलकर 40 हज़ार रुपये निकाल लिए। एटीएम कार्ड धारक टप्पेबाज़ी का शिकार होने के बाद दर दर की ठोकर खा रहा है। मामला सलोन थाना इलाके के सूची कस्बे का है। यहाँ सलोन के रहने वाले नन्दलाल सूची कस्बा स्थित एटीएम से पैसे निकाल रहे थे तभी पीछे से एक टप्पेबाज़ आया और उसने धक्का दे दिया। धक्का लगने से नन्दलाल के हाथ से एटीएम गिर गया उसी दौरान टप्पेबाज़ ने गिरे हुए एटीएम को उठाने के दौरान एटीएम बदल दिया। थोड़ी देर बाद नन्दलाल के पास चलीस हज़ार निकलने का मैसेज आ गया। जानकारी करने पर नन्दलाल को पता चला कि उसका एटीएम बदल गया है। फिलहाल नन्दलाल ने सलोन थाने में तहरीर दी है।

मनाई गयी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती

रायबरेली। स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर स्कूल की हेड- मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने उनको पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। स्कूल की शिक्षिका मंजू शर्मा ने मौलाना आजाद के विषय में बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के विरूद्ध लम्बी लड़ाई लड़ी। एक सच्चे भारतीय होने के कारण उन्होंने स्वतंत्रता के बाद भारत में रहकर इसके विकास के लिए अनेक कार्य किये। वह देश के पहले शिक्षा मंत्री बने और शिक्षा पद्धति सुधारने की जिम्मेदारी ली। वे कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। अब्दुल कलाम आजाद की जयंती को लोग राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हैं। आज राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर स्कूल की छात्राओं अनुष्का, शिवी, ईशा और उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत साक्षरता के महत्व को दर्शाती लघु नाटिका दर्शनीय होने के साथ-साथ शिक्षाप्रद भी रही।

सियार के सामने आने से बाइक अनियंत्रित, तीन घायल

बछरावा रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर तिलेडा गांव के पास सियार के सामने आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे मासूम सहित बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार अमित बाजपेई पुत्र रमेश बाजपेई उम्र 35 वर्ष निवासी बछरावां अपनी रिश्तेदार शालिनी त्रिपाठी पत्नी विनय त्रिपाठी उम्र 31 वर्ष एवं उनके पुत्र शिवम पुत्र विनय त्रिपाठी उम्र 4 वर्ष निवासी इचौली थाना बछरावां को भवानीगढ़ से बछरावां लेकर आ रहे थे तभी तिलेडा गांव के पास एक सियार अचानक बाइक के सामने आ गया, जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह बाइक सहित नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने उन्हें घर भेज दिया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला ने टीबीमुक्त भारत अभियान में किया 288 मरीजों का सफल इलाज

उतरौला (बलरामपुर)। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उतरौला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने टीबी (तपेदिक) के 288 मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज करके उन्हें स्वस्थ किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सी.पी. सिंह ने जानकारी दी कि जनवरी से अक्टूबर तक चले अभियान में टीबी रोगियों को चिन्हित करने का कार्य आशा कार्यकर्ताओं की सहायता से किया गया था। इस सर्वेक्षण के दौरान कुल 714 टीबी रोगियों को चिन्हित किया गया। इन रोगियों में से 288 का इलाज सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और उन्हें अब टीबी से मुक्त घोषित किया गया है। वहीं, 426 रोगियों का इलाज वर्तमान में जारी है। सिंह ने बताया कि टीबी रोगियों के इलाज के साथ-साथ हर मरीज को स्वास्थ्य सहायता के रूप में प्रति माह 500 रुपए का भुगतान भी किया जा रहा है, जिससे वे अपनी पोषण संबंधी जरूरतें पूरी कर सकें और शीघ्र स्वस्थ हो सकें। टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देशभर में टीबी रोग को खत्म करना है और उतरौला क्षेत्र में इस अभियान की सफलता इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने अभियान को सफल बनाने में शामिल सभी स्वास्थ्यकर्मियों, विशेष रूप से आशा कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की।

राणी सती दादी के जन्मोत्सव पर 211 महिलाओं ने दादी का किया मंगल पाठ

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर मे झुझनू वाली दादी का मंगल उत्सव भगवतीगंज स्थित अग्रवाल भवन के महाराजा अग्रसेन मंदिर में 12 वाँ मंगल पाठ उत्सव व राणी सती दादी के जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सहयोगी संस्था राणी सती दादी परिवार महिला मंगल समिति व आयोजक राणी सती दादी परिवार मंगल समिति भगवतीगंज बलरामपुर द्वारा कार्यक्रम किया गया जिसमें 211 महिलाओं ने दादी का मंगल पाठ किया राणी सती कथा की सुनाते हुए कलाकारों ने नृत्य नाटिका का मंचन भी किया अग्रवाल भवन के महाराजा अग्रसेन मंदिर में जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने राणी सती दादी के जन्म से लेकर शिक्षा-दीक्षा, शादी व वीरगाथा का वर्णन किया महिलाओं ने विधिविधान से हल्दी रस्म निभाई मेंहदी ओ मेंहदी इतना बता दे कौन सा काम किया है तथा जय दादी के जयकारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा कार्यक्रम में चुनरी व लाल साड़ी पहने महिलाओं ने राणी सती के भजन गाई जिसमें सूरत से आई पाठवाचिका सुरभी बिरजुका ने सुनाया कि चुनडी ल्याजा हा भवानी थारा सेवक आज रे, आढो ओढो ना दादी जी थोड़ा आगे आय रे, मान राख लो भवता को मैया थे तो आज रे, होंगे ठाठ निराले तेरे होंगे ठाठ निराले, एक बार तू भी दादी के घर में मंगल पाठ करा ले। दादी जी के मंगल को दादी ही सजाती हैं।

श्रद्धालुओं के लिए आसान नहीं तराई घाट पर गंगा स्नान

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर डलमऊ के एक दर्जन से अधिक घाटों पर श्रद्धालु गंगा स्नान करते हैं रूट डायवर्जन के चलते छोटे व बड़े वाहनों को फतेहपुर रोड की तरफ डायवर्ट किया जाता है जहां पर बनाए गए पार्किंग स्थलों में वाहनों को खड़े करने की व्यवस्था होती है इस बार अनिमेष के बाग की क्षमता बढ़ाई गई यहां पर इस बार कई गुना वाहन खड़े किए जा सकेंगे फतेहपुर रोड पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते सबसे ज्यादा गंगा स्नान शमशान घाट एवं तराई घाट पर होता है पूर्णिमा व अमावस्या में तराई घाट पर गंगा स्नान नहीं होता है केवल कार्तिक पूर्णिमा पर समतलीकरण करके यहां पर घाटों को स्नान योग्य बनाया जाता है सोमवार तक तराई घाट की स्थिति देखकर यह नहीं लगता कि यहां श्रद्धालु आसानी से गंगा स्नान कर सकेंगे 5 से 7 फीट गहरी खाई एवं उबड़ खाबड़ जगह के चलते गंगा स्नान करना आसान नहीं होगा अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने तराई घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया है आवश्यक पुलिस बल की तैनाती के लिए क्षेत्राधिकारी डलमऊ से जानकारी ली है हालांकि व्यवस्था को लेकर अभी भी एडिशनल एसपी संतुष्ट नहीं दिखाई पड़े।

तराई घाट पर बनाई जाएगी पुलिस चौकी: तराई घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए वहां पर इस बार एक अतिरिक्त पुलिस चौकी बनाई जाएगी जहां पर पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती होगी जो शमशान घाट से लेकर तराई घाट तक लगभग 1 किमी फैले हुए स्नान घाटों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे।

बनेगा अतिरिक्त बस स्टैंड: इस बार सराय दिलावर में बनने वाले बस स्टैंड के अतिरिक्त मकनपुर रोड पर मौहारी बाग में एक अतिरिक्त बस स्टैंड बनाया जाएगा जिससे बस द्वारा स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि दूर दराज से बस द्वारा गंगा स्नान के लिए श्रद्धालु सराय दिलावर बस स्टैंड पहुंचेंगे वहां से परिवहन निगम की बसों के माध्यम से वह फतेहपुर रोड पर स्थित मौहारी बाग बस स्टैंड पहुंच सकेंगे जिससे गंगा स्नान में सहूलियत मिलेगी।

गंगोत्री पैरामेडिकल एवं मेदांता के द्वारा आयोजित की गई केयर कनेक्ट कार्यशाला

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को शहर के पैरामेडिकल संस्थान गंगोत्री पैरामेडिकल रायबरेली में मेदांता अस्पताल लखनऊ के सहयोग से आयोजित एन एच केयर कनेक्ट प्रोग्राम के तहत कार्यशाला के प्रथम मॉड्यूल का प्रशिक्षण मेदांता अस्पताल लखनऊ की टीम के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक डॉक्टर शक्तिधर वाजपेई और मेदांता अस्पताल लखनऊ की ज्योति सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया ।इस कार्यशाला में मेदांता अस्पताल लखनऊ की टीम का नेतृत्व ज्योति सिंह ने किया, जिसमें मुख्य रूप से गिरजेश कुमार , मेदांता अस्पताल लखनऊ के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव प्रभात मिश्रा उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों के द्वारा ट्रेनी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को आधुनिक चिकित्सा पद्धति के बारे में नई-नई तकनीक व मेदांता अस्पताल लखनऊ में होने वाले चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया । आए हुए प्रशिक्षकों को संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी आयुष द्विवेदी के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया और बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य संस्थान के छात्र-छात्राओं का कौशल व सर्वांगीण विकास करना है, जिससे उन्हें नए-नए आधुनिक चिकित्सकीय कार्यों की जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर संस्थान की ओर से क्षमा शुक्ला ,अंजली शर्मा ,रेखा आदि उपस्थित रहे ।अंत में संस्थान के संरक्षक डॉक्टर शक्तिधर वाजपेई ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया व आगे होने वाले अन्य मॉड्यूल की ट्रेनिंग के बारे में अवगत कराया।

वीरता के प्रतीक थे वीरा पासी: डॉक्टर मातादीन पासी

महराजगंज रायबरेली: भाजपा के प्रांतीय सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी बछरावां विधानसभा डॉ मातादीन पासी के प्रतिष्ठान पर बीरा पासी की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई तथा संगोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। वीरा पासी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर मातादीन पासी ने कहा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं 1857 के विद्रोह के महान योद्धा वीरा पासी जोकि रायबरेली ही नहीं पूरे भारतवर्ष के लिए शान का विषय है वीरा पासी का जन्म 11 नवंबर 18 35 को रायबरेली जिले के गोविंदपुर गांव में हुआ था वीरा पासी रायबरेली के शंकरपुर रियासत के राजा राणा बेनी माधव बक्श सिंह के अंगरक्षक थे अंग्रेजो ने जब राजा को बंदी बनाकर ले गए तब वीरा पासी ने उन्हें छुड़ाया था इस काम में उन्होंने कई अंग्रेजों को मार डाला था ।इसके बाद राजा ने उन्हें राज्य का सेनापति बना दिया वीरा पासी का असली नाम शिवदीन पासी था बीरा पासी ने राणा बेनी माधव बक्श के साथ मिलकर नाना साहिब रानी लक्ष्मीबाई तात्या टोपे और मौलवी अहमदुल्ला जैसे विद्रोहीनेताओं के साथ अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी अंग्रेजों ने इस महान योद्धा के ऊपर 50000 का इनाम भी घोषित किया था। इस मौके पर शिवकुमार सिंह रामचंद्र लोधी सुभाष सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ईएनटी सर्जन के खिलाफ शांति भंग की नोटिस के बाद डॉक्टर हुए लामबंद

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जिला अस्पताल में कार्यरत ईएनटी सर्जन डॉक्टर शिवकुमार को जिला प्रशासन के द्वारा शांति भंग की नोटिस भेजने को लेकर पीएमएस संगठन ने नाराजगी जताई है। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर शिवकुमार और भाजपा नेता संतोष पांडे से जुड़े हुए मामले में डॉक्टर शिवकुमार के द्वारा भाजपा नेता संतोष पांडे पर रंगदारी मांगने को लेकर पूर्व में एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसकी वजह से संतोष पांडे जेल जा चुके हैं वहां से आने के बाद उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनके द्वारा कई शिकायतें जिला प्रशासन से की गई है। जिसमें डॉक्टर के द्वारा किए गए कृत्यों का जिक्र किया गया है साथ यह भी आरोप लगाया गया है कि डॉक्टर से मेरी जान माल को खतरा है। जिसकी एक जांच कोतवाली नगर में चल रही थी। एक रिपोर्ट शासन को सौंपी गई है जिसमें कहा गया है कि डॉक्टर शिवकुमार की वजह से शांति व्यवस्था बिगड़ सकती है। इस नोटिस को लेकर पीएमएस संगठन आज पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से मिला उन्होंने कहा कि हम डॉक्टर 24 घंटे अपनी सेवा देते हैं। समाज की सेवा करते हैं। हम किसी का अहित कैसे कर सकते हैं। जिला प्रशासन से अनुरोध है कि वह निष्पक्ष जांच करें और फर्जी तरीके से भेजी गई नोटिस की दोबारा जांच कराए।

सीएमएस संघ के अध्यक्ष ने की शांति भंग का नोटिस वापस करने की मांग: सीएमएस संघ के अध्यक्ष डॉ मनोज शुक्ला ने कहा कि डॉक्टर शिवकुमार के ऊपर अनर्गल आरोप लगाए गए हैं। हमारी प्रशासन से मांग है कि उन्हें जो शांति भंग का नोटिस दिया गया है वह वापस लिया जाए। पीएमएस संघ के सचिव डॉक्टर शरद कुमार कुशवाहा ने कहा कि जो व्यक्ति संतोष कुमार पांडे है जिसने डॉक्टर शिवकुमार पर निराधार आरोप लगाए हैं। वह खुद एक फ्रॉड व्यक्ति है जिसकी पुष्टि स्वयं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री बुद्धि लाल पासी ने अपने लिखित पत्र में की है। मेरी मांग प्रशासन से यह है कि एक फ्रॉड व्यक्ति के निराधार आरोप के आधार पर एक डॉक्टर पर शांति भंग का आरोप लगाना जायज नहीं है। डॉक्टर पर लगाया गया आरोप वापस लिया जाएं और संतोष कुमार पांडे पर उचित कार्रवाई की जाए। वही एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह ने कहा की कोई दूध का धुला तो नहीं है अब हमारे हाथ में कुछ नहीं है अब तो मामला कोर्ट के मजिस्ट्रेट में है।

यातायात पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर वाहन चालकों को किया जागरूक

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी यातायात बृजनन्दन राय के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 11.11.2024 को प्रभारी निरीक्षक यातायात मय टीम द्वारा वीर विनय चौराहा, टैक्सी स्टैण्ड/ बस स्टैंड आदि स्थानों पर आम जन में पंपलेट वितरण कर यातायात नियम और संकेत को प्रति जागरूक किया गया। बलरामपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा आज बलरामपुर में 05 अलग-अलग जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं बताया कि यातायात के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए।

बलरामपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा अभियान के दौरान आमजन को शराब पीकर वाहन ना चलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के दृष्टिगत यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया।

यातायात माह

1. दो-पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना।
2. कभी भी शराब पीकर गाड़ी नही चलाना।
3. कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनना।
4. वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नही करना तथा कोई स्स्र नही भेजना व देखना।
5. हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करना तथा अपने परिजनों से पालन करने हेतु बताना ।
6. सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने हेतु सदैव तत्पर रहना ।

इस दौरान बलरामपुर यातायात पुलिस द्वारा वीर विनय चौराहे पर हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों की विरुद्ध ई चालान की कार्रवाई की गई व पार्वती इंटर कॉलेज जनपद बलरामपुर में सभी छात्र-छात्राओं को पंपलेट वितरण कर यातायात नियमों का संकेत के बारे में जागरूक किया गया तथा यह भी बताया गया कि अपने-अपने परिजनों को यातायात नियम नियमों को पालन करने हेतु प्रेरित करें जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उचित समय पर इलाज मिलने की समय सीमा को गोल्डन ऑवर कहते हैं । यह समय दुर्घटना के बाद का पहला घंटा होता है । इस दौरान अगर घायल व्यक्ति को तुरंत और ज़रूरी इलाज मिलता है, तो उसके बचने की संभावना बढ़ जाती है, के बारे में भी जानकारी दी गयी।

शटर काट कर सर्राफे की दुकान में चोरी

सादुल्लानगर/बलरामपुर। ज्वैलर्स की दुकान का सटर काट कर अज्ञात चोरों ने सोने व चांदी के जेवर पर हाथ साफ किया।अजय कुमार पुत्र राम सुन्दर की सादुल्लानगर बाजार में स्थित सर्राफा दुकान में अज्ञात चोरों ने 10/11नवंबर की रात में दुकान का शटर काटकर वहां से लाखों के सोने और चांदी के आभूषण पार कर ले गए।घटना का पता तब चला जब सोमवार सुबह दुकान के मालिक अजय कुमार पुत्र राम सुन्दर निवासी गूमा फातमाजोत (जायसवाल मार्केट बाजार)अपनी दुकान खोलने आए।शटर टूटा देख उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। चोरों ने बेहद योजनाबद्ध तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को संदेह है कि घटना में किसी परिचित व्यक्ति का हाथ हो सकता है, जिसने दुकान की गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी चोरों को दी होगी। घटना स्थल पर सीओ उतरौला राघवेन्द्र सिंह व थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह व फॉरेंसिक टीम व एसओजी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रहे हैं।पुलिस ने आसपास व बाजार के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस ने आस-पास के सभी सर्राफा व्यवसायियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चोरी की घटना से क्षेत्र के सर्राफा व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।

माँ तुलसी विवाह महोत्सव पर आज होगा भव्य भंडारा का आयोजन

उतरौला (बलरामपुर)। धर्म ध्वजाधारी परिषद के नगर अध्यक्ष रूपेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आगामी 12 नवम्बर 2024 को माँ तुलसी विवाह महोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुभाषनगर हाटन रोड स्थित उनके निवास स्थान पर शाम 7 बजे से शुरू होगा। इस विशेष आयोजन में शहर के प्रतिष्ठित अतिथि और श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दशरथ गद्दी, अयोध्या धाम के संस्थापक और अध्यक्ष, परमपूज्य महंत बृजमोहन दास जी महाराज पधारेंगे। इनके साथ देवी पाटन मंदिर, तुलसीपुर के परम पूज्य महंत मिथलेश नाथ योगी जी और महाराज राज कुमार दास जी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

रबी उत्पादकता गोष्ठी का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

कृषि मेले में डीएम ने कृषकों से वार्ता कर जाना सुझाव एवं समस्याएं

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

कृषकों को तकनीकी खेती की जानकारी प्रदान कर फसल उत्पादकता बढ़ाने एवं कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किए जाने को विकास भवन परिसर में आयोजित जनपद स्तरीय उत्पादकता गोष्ठी का शुभारंभ डीएम पवन अग्रवाल द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कृषि एवं कृषि संबंधित विभागों द्वारा संचालित कृषि कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल का अवलोकन डीएम एवं सीडीओ द्वारा किया गया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

इस अवसर में डीएम ने कृषि गोष्ठी में आए हुए कृषकों से वार्ता कर सुझाव एवं शिकायतें जानी एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कृषक भाइयों को कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषकों से धान की खरीद की जाती है। उन्होंने अपील किया कि जनपद में संचालित धान क्रय केंद्र पर ही धान का विक्रय करें, 48 घंटे के भीतर सभी का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि गोष्ठी में उपनिदेशक कृषि नरेंद्र कुमार द्वारा उर्वरक के रूप में सिंगल फास्फेट के प्रयोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि यंत्र योजना, पीएम कुसुम योजना आदि के बारे विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला गन्ना अधिकारी एवं सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषक बंधुओ को दी गई। लीड बैंक मैनेजर द्वारा कृषकों को वित्तीय सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डीएम द्वारा कृषकों को निःशुल्क बीज कीट का वितरण किया गया। इस दौरान सीडीओ हिमांशु गुप्त, जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, डीसी एनआरएलएम व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण रहें।

प्रदूषकों को दंड

ऐसे वक्त में जब केंद्र सरकार जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने तथा स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिये प्रतिबद्ध है, तो देश के विभिन्न संस्थानों व विभागों को भी पहल करनी चाहिए। सरकार के प्रयासों के बीच राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण यानी एनजीटी द्वारा वायु व मिट्टी प्रदूषण फैलाने के लिये पानीपत थर्मल पावर स्टेशन पर 6.93 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाना, तमाम प्रदूषक उद्योगों के लिये सबक है। ट्रिब्यूनल की कार्रवाई कानूनों का उल्लंघन करके पर्यावरण व जन-स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वालों के लिये संदेश है कि लक्ष्मण रेखा पार की तो बख्शे नहीं जाएंगे। पर्यावरण को क्षति पहुंचाने पर भारी मुआवजा देना होगा। दरअसल, इस थर्मल प्लांट से निकलने वाली राख आस-पास के ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही है। जिससे श्वसन समेत कई तरह के रोग बढ़ रहे हैं। इतना ही नहीं सड़कों पर प्रदूषण के चलते दृश्यता कम होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर एनजीटी ने थर्मल प्लांट के प्रबंधकों द्वारा पर्यावरण की क्षतिपूर्ति के लिये पेड़ों को लगाने में की गई खानापूर्ति को आड़े हाथ लिया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि आप ने पौधे लगाने का दावा तो किया है लेकिन क्या सुनिश्चित किया है कि उन पौधों में से कितने पेड़ बन पाए। हरित न्यायाधिकरण का कहना था कि पौधरोपण से ज्यादा महत्वपूर्ण पेड़ों की उत्तरजीविता सुनिश्चित करना है। यह उपाय पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्रदूषकों के निवारण के आधे-अधूरे प्रयासों को ही उजागर करता है। निश्चित रूप से एनजीटी की जुर्माना लगाने की यह कार्रवाई प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों को अपने तौर-तरीके बदलने को बाध्य करेगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पिछले एक दशक में तेल व गैस क्षेत्र में राजकोषीय सब्सिडी कम करने की दिशा में सार्थक पहल की है। लेकिन अभी भी स्वच्छ ऊर्जा से बिजली क्षमता का आधा हासिल करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने हेतु बड़े प्रयासों की जरूरत है। तभी भारत वर्ष 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन स्रोतों से ऊर्जा हासिल करने के लक्ष्य को हासिल कर पाएगा। जलवायु परिवर्तन सम्मेलन तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता व सब्सिडी कम करने पर बल देते रहे हैं। निस्संदेह, स्वच्छ ऊर्जा के स्थायी विकल्पों में निवेश करने से प्रदूषण से पैदा होने वाली बीमारियों पर अंकुश लग सकेगा। इसके साथ ही हम लक्षित कार्बन उत्सर्जन में भी कटौती कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन का दंश झेल रही दुनिया में जन स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिये जरूरी है कि प्रदूषण के कारकों की नियमित निगरानी हो व कानून के क्रियान्वयन में सख्ती से उद्योगों की जवाबदेही तय की जा सकेगी। जिससे हम प्रकृति के अनमोल संसाधनों हवा, पानी और मिट्टी को जहरीला बनने से रोक पाएंगे। इसमें दो राय नहीं कि पर्यावरण तथा स्वास्थ्य के आपातकाल से बचने के लिये शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण नितांत जरूरी है। हाल में पराली जलाने पर जुर्माना दुगना करने की नीति को इसी आलोक में देखना चाहिए। लेकिन साथ ही किसानों को पर्याप्त विकल्प भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

एएमयू का मैसेज : पढ़ोगे तो बढ़ोगे

शकील अख्तर

एएमयू का मुसलमानों के लिए क्या संदेश है? उनसे शिक्षा की बातें दिखावे के लिए की जाती हैं लेकिन वास्तव में उनकी शिक्षा पर टेढ़ी नजर है। हमने जब-जब मुसलमानों की एजुकेशन पर लिखा संघ भाजपा के लोगों ने सबसे ज्यादा उल्लासित होकर प्रतिक्रियाएं दीं। वे बड़े खुश होकर बताते हैं कि हां मुसलमानों में यह कमी है और वह उसे पूरा नहीं करते। लेकिन जहां वास्तव में मुस्लिम शिक्षा दी जा रही है वह हमेशा उनके निशाने पर रहता है।

ताजा उदाहरण अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी (एएमयू) है। सुप्रीम कोर्ट के ताजे फैसले के बाद फिर उस पर सवाल उठाना शुरू कर दिए हैं। सात जजों की बेंच ने बहुत गोलमाल फैसला दिया है। जिसे फैसला कहते हैं न्याय नहीं। तीन जजों की एक बैंच फिर बैठेगी ताकि मामला सुलगता रहे और वह बैंच यह फैसला करेगी कि यह माइनरटी संस्थान है या नहीं। फिलहाल जो चार तीन के बहुमत से फैसला हुआ है वह यह कि पहले 1967 में सुप्रीम कोर्ट ने इसका जो माइनरटी दर्जा खत्म करने का फैसला किया था उसे पलट दिया गया। माइनरटी का दर्जा बरकरार रहेगा। साथ ही एक महत्वपूर्ण सवाल यह उठाया कि इसे बनाया किसने था। किनके लिए बनाया था। संसाधान किसने जोड़े थे। जाहिर है कि इसके जवाब में एक ही नाम आएगा सर सैयद अहमद खां का। जिनके अनथक प्रयास से मुसलमानों की शिक्षा के लिए यह इदारा (संस्थान) बना। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यहां केवल मुस्लिम स्टूडेंट ही पढ़ते हों। यहां सभी धर्मों के लोग पढ़ते हैं और पढ़ाते हैं। एएमयू में हिन्दू स्टूडेंट के पढ़ने पर राही मासूम रजा का एक बड़ा अच्छा उपन्यास है- टोपी शुक्ला।

यहां से पहले ग्रेजुएट जो पास हुए वे ईश्वरी प्रसाद थे। जिन्होंने बाद में प्रसिद्ध इतिहासकार के रूप में अपना नाम किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे बीजेपी के नेता साहिब सिंह वर्मा, खिलाड़ियों में मेजर ध्यानचंद, लाला अमरनाथ जैसे खिलाड़ी यहां पढ़े। यूनिवर्सिटी ने ध्यनचंद के नाम पर तो एक होस्टल बनाया है जिसमें केवल हॉकी खिलाड़ियों को ही जगह मिलती है। ध्यानचंद के छोटे बेटे वीरेन्द्र सिंह इस होस्टल में रहे हैं। संगीतकार रवीन्द्र जैन भी वहीं पढ़े हैं। और भी बहुत नाम हैं। विश्वविद्यालय में 30 प्रतिशत से ऊपर हिन्दू छात्र-छात्राएं हैं और मेडिकल लॉ में यह संख्या 40 प्रतिशत है। विदेशी स्टूडेंट भी बहुत पढ़ते है। तीन बार तो यहां महात्मा गांधी आए हैं। बताइए ऐसी और कौन सी यूनिवर्सिटी है जहां गांधी जी इतनी बार गए हों। लेकिन हिन्दू-मुसलमान की राजनीति करने वाले एएमयू और जामिया मिलिया इस्लामिया को हमेशा टारगेट करते रहते हैं। जामिया के आईएएस कोचिंग सेन्टर में बड़ी तादाद में हिन्दू लड़के -लड़कियां तैयारी करते हैं और सिविल सर्विसेस में आते हैं। मगर हिन्दू-मुसलमान के चश्मे से देखने वाले सिर्फवहां से निकले मुसलमान लड़के-लड़कियों की लिस्ट ही जारी करके इसे आईएएस जेहाद कहते हैं। मुसलमानों को यही समझने की जरूरत है। कि पढ़ाई पर उन्हें नसीहतें भी दी जाएंगी और पढ़ने पर उलाहने भी। मतलब। उनका पढ़ना बर्दाश्त नहीं है। नसीहतें छोटा दिखाने के लिए दी जाती हैं। लेकिन पढ़ जाओ तो बड़ी तकलीफ होती है।

मुसलमान को इस समय केवल एक मुद्दे पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है और वह है एजुकेशन। मार्डन एजुकेशन। शुरू हमने एएमयू से किया है और एएमयू बनाने वाले सर सैयद ने यह शिक्षा संस्थान मार्डन एजुकेशन के लिए बनाया है। हमने जो बात शुरू में लिखी कि आपकी तालीम की कमी पर वे हमला करेंगे। उपदेश भी देंगे। मगर पढ़ने भी नहीं देंगे। रिएक्शनरी फोर्सेस सबसे ज्यादा शिक्षा से घबराती हैं। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों की शिक्षा ने ही उन्हें आगे बढ़ाया है और उनका आगे बढ़ना यथास्थितिवादियों के लिए सबसे ज्यादा तकलीफकी बात है। क्योंकि पढ़ने आगे बढ़ने के साथ ही वे सामाजिक न्याय की बात करते है और सामाजिक न्याय देना प्रतिगामियों को बिल्कुल मंजूर नहीं है। इसलिए वे दलित, पिछड़ों, आदिवासियों का ध्यान, पढ़ाई, नौकरी, सामाजिक न्याय से हटाने के लिए उनके मन में मुसलमानों के खिलाफनफ्रत भरते हैं। उनका असली निशाना मुसलमान नहीं है। मुसलमान के नाम का तो वे डर पैदा करते हैं। ताकि दलित पिछड़ा आदिवासी उनको वोट देता रहे और यथास्थिति में ही रहे। सामाजिक समानता की बात नहीं करे। समरस रहे।

समझना यही है। पढ़ाई से तकलीफ किसे है? उन्हें जो अब खुलकर बटेंगे तो कटेंगे, एक हैं सेफ जैसे हिंसक शब्दावली के नारे देने लगे हैं। बीजेपी की सारी राजनीति अब केवल ध्रुवीकरण पर केन्द्रित हो गई है। अभी लोकसभा में उन्हें तगड़ा झटका लगा है। देश में केवल 240 सीटें आईं। जो बहुमत की संख्या 268 से 28 कम हैं। और यह पूरी 28 सीटें बीजेपी की यूपी से कम हुई हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को यूपी से 61 सीटें मिली थीं। इस बार केवल 33 रह गई। जो झटका लगा वह मूल रूप से यूपी से था। यहां का दलित पिछड़ा वर्ग बीजेपी से छिटक गया। विपक्ष के साथ चला गया। उसी को वापस लाने के लिए यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने यह नारा दिया है जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह आज तक का सबसे हिसंक, भड़काऊ नारा है-बटेंगे तो कटेंगे। दलित पिछड़े वर्ग से कहा गया है कि अगर हमसे अलग हुए तो यह हो जाएगा ! मतलब देश में सरकार, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, कानून कुछ नहीं है। दस साल से सरकार हमारी है। केन्द्र में और सात साल से यूपी में मगर कटोगे ! क्या दलित पिछड़े वापस उनके साथ-साथ जाएंगे जो डरा कर उनसे वोट चाह रहे हैं? या उनके साथ जाएंगे जो कह रहें हैं जुड़ेंगे तो जीतेंगे, डरो मत ! डरा आप किससे रहे हो? सबको मालूम है। बेटियों तक के लिए कह दिया कि ले जाएंगे। जैसे मंगलसूत्र और भैंस के लिए कहा था। बेटियों को वस्तु पशु बना दिया। काल्पनिक डर। ध्रुवीकरण के लिए। डरो और वोट दो। यह इन्सान को सबसे निचले दर्जे पर रखना है। रोजगार नहीं, महंगाई को खुली छूट, सरकारी इलाज, सरकारी शिक्षा सब खत्म। केवल डर दिखाना। कि हमसे ही तुम बचे हुए हो। नहीं तो? उसके लिए जो शब्द दिया गया है, जिसे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सबसे निकृष्टतम कहा है कि- कटोगे !

कोई नहीं डरने वाला ऐसे झूठे डराने वालों से। हां देश जरूर कमजोर होगा। एक डरा हुआ देश बनाने की कोशिश से। डरा हुआ देश कैसे विश्व गुरु बन सकता है। यह उन्हें बताना चाहिए। कैसे आगे बढ़ सकता है? तरक्की कर सकता है? या वे चाहते ही नहीं हैं? तरक्की और दुनिया में सम्मानजनक स्थान? इसलिए एक डरा हुआ समाज, डरा हुआ देश बना रहे हैं। पता नहीं ! क्या चाहते हैं? वोट वोट वोट ! सत्ता सत्ता केवल सत्ता ! सोचना लोगों को है। और देश के बहुसंख्यकों को। यह बात हम देश के अल्पसंख्यकों को समझाने की हमेशा कोशिश करते हैं कि आपके जिताए कोई नहीं जीत रहा। न आपके हराए। इन सब के ज्यादा चक्कर में मत पड़िए। देश के बहुसंख्यकों ने ही नरेन्द्र मोदी को 240 पर रोका और योगी आदित्यनाथ को 80 में से केवल 33 दीं।

मुसलमान को इस समय केवल एक मुद्दे पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है और वह है एजुकेशन। मार्डन एजुकेशन। शुरू हमने एएमयू से किया है और एएमयू बनाने वाले सर सैयद ने यह शिक्षा संस्थान मार्डन एजुकेशन के लिए बनाया है। हमने जो बात शुरू में लिखी कि आपकी तालीम की कमी पर वे हमला करेंगे। उपदेश भी देंगे। मगर पढ़ने भी नहीं देंगे। रिएक्शनरी फोर्सेस सबसे ज्यादा शिक्षा से घबराती हैं। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों की शिक्षा ने ही उन्हें आगे बढ़ाया है और उनका आगे बढ़ना यथास्थितिवादियों के लिए सबसे ज्यादा तकलीफकी बात है। क्योंकि पढ़ने आगे बढ़ने के साथ ही वे सामाजिक न्याय की बात करते है और सामाजिक न्याय देना प्रतिगामियों को बिल्कुल मंजूर नहीं है। इसलिए वे दलित, पिछड़ों, आदिवासियों का ध्यान, पढ़ाई, नौकरी, सामाजिक न्याय से हटाने के लिए उनके मन में मुसलमानों के खिलाफ नफ्रत भरते हैं। उनका असली निशाना मुसलमान नहीं है। मुसलमान के नाम का तो वे डर पैदा करते हैं। ताकि दलित पिछड़ा आदिवासी उनको वोट देता रहे और यथास्थिति में ही रहे। सामाजिक समानता की बात नहीं करे। समरस रहे। समरसता भी संघ का गढ़ा शब्द है। समानता को कमजोर करने के लिए। रामदास अठावले बीजेपी के साथ केन्द्र में मंत्री हैं। मगर मायावती जैसे डरे हुए नहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा कि समरसता दलित के लिए घातक है। इसका मतलब है जैसे ऊपर से रखा जाए वैसे ही रहो। यह समानता जिसका उपयोग डॉ. आम्बेडकर करते थे उसे कमजोर करने के लिए है।तो बीजेपी कई तरह की राजनीति करने की कोशिश कर रही है। मगर उद्देश्य एक ही है। वोट, वोट, वोट ! और इसी के लिए वह दलित, पिछड़ा, आदिवासी को डरा रही है। मुसलमान के नाम से। मुसलमान क्या करे? कुछ नहीं। जो करना है वह संविधान, देश का विपक्ष और बहुसंख्यक समुदाय करेगा। उसे सिर्फ अपने विकास पर ध्यान देना है और विकास का रास्ता सिर्फ एक है। शिक्षा, शिक्षा और शिक्षा। यह एक काम उसके हाथ में है और उसे उस पर ही पूरा ध्यान लगाना चाहिए।

विचार

अभी राहुल को मीलों चलना है...!

के. विक्रम राव

केंद्रीय गृह मंत्रालय की छानबीन से पता चला कि राहुल गांधी अपनी सभाओं में भारतीय संविधान की फर्जी प्रति दिखाते हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने (09 नवंबर 2024) इस बात को झारखंड की छतरपुर विधानसभा सीट पर चुनावी सभा में उजागर भी किया। शाह ने कहा, राहुल गांधी जनसभाओं में संविधान के नाम पर लाल कवर वाली जो किताब लहराते हैं, उसमें ऊपर भले ही भारत का संविधान लिखा है, लेकिन उसके पन्ने कोरे हैं। वह नकली किताब है। यह भारत के संविधान और बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान है। किन्तु मेरी राय में राहुल गांधी पर यह मिथ्याचार का आरोप इसलिए नहीं लग सकता क्योंकि संविधान उनके जन्म से 25 वर्ष पूर्व पारित हुआ था। राहुल का ज्ञान तो केवल अपनी पैदाइश के बाद की घटनाओं तक ही सीमित हैं।

राहुल की अनभिज्ञता का एक और नमूना देखिये। यह प्रमाणित तथ्य है कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भीमराव आंबेडकर ने प्रस्तावना में सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द शामिल करने में पक्षधर नहीं थे। मगर राहुल इसी की पैरोकारी करते हैं। कृपया 17 अक्टूबर 1949 की संविधान सभा की कार्यवाही देख लें। संसद भवन के संदर्भ शाखा अथवा सत्नश्नश्वद्दद्यद्द पर देख सकते हैं। गया (बिहार) से निर्वाचित सदस्य बाबू ब्रजेश्वर प्रसाद (संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद के साथी) ने सर्वप्रथम संशोधन प्रस्ताव रखा था कि प्रस्तावना में हम भारत के लोग के बाद सेक्युलर तथा सोशलिस्ट शब्द जोड़ दिए जाएं, नेहरू ने इसे नजरअंदाज कर दिया। आंबेडकर चुप्पी लगा गए। इस संशोधन पर न हाथ उठे, न ध्वनि मत, न डिविजन मांगा गया। इसका कारण था की नेहरू की राय में यदि नए गणराज्य को सेक्युलर स्टेट कह देते तो भारत में बचे मुसलमान मानते कि की राष्ट्रधर्म विरोधी है। संशोधन के प्रस्तावक ब्रजेश्वर प्रसाद धर्मनगरी गया के वासी थे। लखनऊ विश्विद्यालय के पढ़े थे। खेतिहर मजदूरों के पुरोधा थे। आंबेडकर जो, 1942 में अंग्रेजी वाइसराय के मंत्री थे, अपनी मसौदा समिति से इस संशोधन को मनवा नहीं पाए। कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने परिभाषा दी (9 दिसम्बर 2006) कि सेक्युलर सोशलिस्ट भारत के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।

संसद में राष्ट्रवादी मुसलमानों का इस संविधान के प्रति नजरिया कैसा रहा? सैय्यद फजलुर हसन उर्फ हसरत मोहानी ने इस संविधान पर हस्ताक्षर करने ने इनकार कर दिया था। उनकी नजर में ये दस्तावेज त्रुटियों से भरा था। नेहरू स्वयं हसरत मोहानी को मनाते रहे। जिन्ना के इस विरोधी, इंकलाब जिंदाबाद का नारा देने वाले, कम्युनिस्ट शायर रहे हसरत मोहानी पर हर हिंदू को नाज है। अतः मूल मसला बनता है कि क्या सात दशक पुराना भारतीय संविधान बदला जाना चाहिए ? युगानुसार परिवर्तन का तकाजा क्या वस्तुनिष्ठ नहीं होगा ? राष्ट्र कब तक गातिहीन या प्रतिगामी दशा में रहेगा?

यह मुद्दा अनंतकुमार दत्तात्रेय हेगड़े ने अपने ढंग से उठाया (दिसंबर 2017)। हेगड़े ने सेक्युलर वाला पूर्वसर्ग निरस्त करने की बात की थी। आखिर आंबेडकर और नेहरू ने संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर शब्द लगाया ही नहीं था। वह तो आपातकाल (1975-77) में इंदिरा गांधी ने जोड़ा था। तो क्या भारत पहले पच्चीस वर्षों तक सेक्युलर नही था?

मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबडेकर ने तो राज्यसभा

में एक दफा यहां तक कह डाला था, मैं प्रथम व्यक्ति होऊंगा जो इस संविधान को जला दूंगा (राज्य सभाः 19 मार्च 1955)। तब पंजाब के कांग्रेसी सदस्य डॉ. अनूप सिंह ने चौथे संशोधन (निजी संपत्ति विषयक) पर चर्चा के दौरान डॉ. आंबेडकर से उनकी भस्म कर डालनेवाली हुंकार पर जिरह भी की थी। सांसद तथा संपादक/सांसद स्वर्गीय के. रामाराव ने राज्यसभा में डॉ. आंबेडकर की संविधान जला डालनेवाली उक्ति पर टिप्पणी की थी, डॉ. आंबेडकर एक सियासी पहेली, एक मनोवैज्ञानिक गुत्थी तथा मानसिक तौर पर रुग्ण हैं। यदि आज हेगड़े ने कह दिया होता है कि सेक्युलर संविधान को जला दो तो लोग उन्हीं को भस्म कर देते। आखिर भारतीय संविधान कोई गीता, बाइबिल या कुरान तो हैं नहीं कि जिसमें तब्दीली वर्जित हो। यह तो मानवकृत है। फिर मानव कब से सर्वथा दोषमुक्त हो गया ?

नेहरू से मोदी तक के दौर में इसी संविधान को 105 बार संशोधित किया जा चुका है। ताजातरीन वाला है वस्तु एवं सामान्य सेवा कर (जीएसटी) हेतु किया गया संशोधन। इंदिरा गांधी ने तो 42वें संशोधन (1976) द्वारा सर्वोच्च न्यायालय से ऊपरी पायदान पर संसद को रखा था। तब संसद में कांग्रेस का अपार बहुमत था। सारा विपक्ष जेल में था। तभी संसदीय प्रणाली की जगह राष्ट्रपति पद्धति का प्रस्ताव विचाराधीन था। भला हो जनता पार्टी सरकार का कि दोनों अधिनायकवादी प्रस्तावों को तज दिया गया।

भारतीय संविधान के प्रति मोह पालने वालों को कुछ तथ्य पता चलना चाहिए। केवल 166 दिन में निर्मित इस संविधान के मसौदे पर ही प्रथम चरण में ही दो हजार संशोधन पेश हुए थे। संविधान सभा के सदस्य वयस्क मताधिकार के आधार पर वोटरों के माध्यम से निर्वाचित नहीं हुए थे। प्रांतीय विधान मंडलों के विधायकों द्वारा 1946 में परोक्ष रूप से 292 लोग चुने गए थे। 29 रजवाड़ों ने 70 प्रतिनिधि मनोनीत किए थे। इन सबका जनाधार क्षीण था। हर सदस्य वर्ग हित का रक्षक तथा पोषक था। संविधान बनने के समय दिल्ली की सड़कों पर विपक्ष ने नारा लगाया था- यह आजादी झूठी है, देश की जनता भूखी है। नेहरू के तेवर चढ़ जाते थे। मगर आज उनके पडनाती का वही अंदाज है। वैसी ही बात करते हैं।

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

साहित्य

है जीवन कितना अनमोल

अंजली चौरसिया
टेहरका निवारी (मध्य प्रदेश)

है जीवन कितना अनमोल प्रिय,
मैं एक नाम में समझ गई
राम कहूँ चाहे कृष्ण कहूँ मैं
अर्थ एक है, भिन्न नहीं..।।

जबसे मैंने तुमको जाना
खुद को मैं पहचान गई,,
अँखियाँ तरस गई दरशन को,
तुम मेरे घनश्याम वही..।।

प्रश्न असीमित उठ रह मन में,
तुम उनका उत्तर बन आये
राम छबि है, कृष्ण सुरूप है,
तुम मेरे भगवन, बन आये..।।

राशिफल

मेषः- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता के लिए नये उत्साह का संचार होगा। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

वृषभः- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

मिथुनः- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

कर्कः- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

सिंहः- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्याः- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

तुलाः- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

वृश्चिकः- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

धनुः- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

मकरः- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

कुंभः- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

मीनः- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

दक्षेस की चुनौतियां और भारत की भूमिका

डॉ. सत्यवान सौरभ

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस/सार्क) के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए लगातार पहल की है। हालांकि, भारत के प्रयासों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रभावशीलता सीमित रही है। भारत सार्क के भीतर आर्थिक सहयोग, संपर्क और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। भारत दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसका उद्देश्य अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना था। भारत ने आतंकवाद और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए सार्क के प्रयासों का नेतृत्व किया है, जिसमें कई सुरक्षा सहयोग पहलों का प्रस्ताव दिया गया है। भारत ने 1987 में आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन के निर्माण का नेतृत्व किया। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण सार्क की प्रभावशीलता सीमित बनी हुई है।

साफ्टा के बावजूद, अंतर-सार्क व्यापार 5 प्रतिशत से कम बना हुआ है, जो खराब आर्थिक एकीकरण और सार्क की आर्थिक क्षमता को साकार करने में सीमित सफलता को दर्शाता है। आसियान के साथ भारत का व्यापार सार्क देशों के साथ उसके व्यापार से अधिक है, जो महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में सार्क की विफलता को रेखांकित करता है। प्रमुख राजनीतिक मतभेदों, विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच, ने शिखर-स्तरीय सहभागिताओं को बाधित किया है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया रुक गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जो राजनीतिक सामंजस्य के टूटने का संकेत था। सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में आम सहमति की आवश्यकता होती है, जिससे पहल धीमी हो गई है, क्योंकि सदस्य देशों के बीच असहमति अक्सर प्रगति को रोक देती है।

पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण सार्क मोटर वाहन समझौता लागू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क प्रयास रुक गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ने अक्सर सार्क की पहल को पटरी से उतार दिया है और इसकी समग्र प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। 2016 में उरी हमले के कारण भारत ने सार्क शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को और झटका लगा। सार्क सदस्यों, विशेष रूप से भारत और छोटी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक आर्थिक मतभेदों ने समान आर्थिक सहयोग हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद से आठ गुना अधिक है, जिससे व्यापार वार्ता और अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा होता है। राजनीतिक इच्छाशक्ति और क्षमता की कमी के कारण सार्क समझौतों को अक्सर कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण देरी का सामना करना पड़ता है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए सार्क खाद्य बैंक का कम उपयोग होने के कारण व्यावहारिक प्रभाव बहुत कम रहा है।

कई दक्षेस देश आर्थिक और रणनीतिक सहायता के लिए चीन जैसी बाहरी शक्तियों पर निर्भर हैं, जिससे सार्क का आंतरिक सहयोग कमजोर हुआ है। नेपाल और श्रीलंका की चीनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर बढ़ती निर्भरता ने सार्क की क्षेत्रीय एकता को कमजोर किया है। सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सुपर नेशनल निकाय का अभाव है, जिससे यह क्षेत्रीय नीतियों को लागू करने में अप्रभावी हो गया है। यूरोपीय संघ के विपरीत, सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या विवादों को हल करने के लिए अधिकार रखने वाले संस्थान नहीं हैं।

भारत अलग-अलग सार्क सदस्यों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है जिससे अधिक बहुपक्षीय सफलता मिल सकती है। कनेक्टिविटी और व्यापार पर बांग्लादेश के साथ भारत के हालिया प्रयासों ने सार्क की सीमित प्रगति के बावजूद द्विपक्षीय सहयोग में सुधार किया है। भारत सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में सुधार के प्रयासों का नेतृत्व कर सकता है, आम सहमति के बजाय बहुमत आधारित निर्णयों की वकालत कर सकता है, जो अक्सर प्रगति को रोकता है। भारत बिम्सटेक तंत्र के समान सुधारों का प्रस्ताव कर सकता है, जिसने क्षेत्रीय समझौतों में अधिक लचीलापन दिया है। भारत सार्क ढांचे के भीतर व्यापार सुविधा, संपर्क परियोजनाओं और निवेश को बढ़ाकर गहन आर्थिक एकीकरण के लिए प्रयास कर सकता है।

बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के साथ परिवहन संपर्क पर भारत की बीबीआईएन पहल पाकिस्तान की अनिच्छा को दरकिनार करती है और उप-क्षेत्रीय सहयोग की क्षमता को प्रदर्शित करती है। भारत सार्क देशों के बीच सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक कूटनीति, शैक्षिक आदान-प्रदान और पर्यटन का लाभ उठा सकता है। सदस्य देशों के छात्रों के लिए भारत की सार्क छात्रवृत्ति ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। भारत को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश जारी रखना चाहिए जो पूरे क्षेत्र में संपर्क को बढ़ाते हैं, व्यापार और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को सुविधाजनक बनाते हैं। भारत-नेपाल रेल लिंक परियोजना क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, भले ही सार्क-स्तरीय पहल ठप हो गई हो। संगठन की चुनौतियों के बावजूद सार्क में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका सुधार के अवसर प्रस्तुत करती है। द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देकर, क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देकर और संरचनात्मक सुधारों को आगे बढ़ाकर, भारत सार्क को पुनर्जीवित कर सकता है और दक्षिण एशिया की स्थिरता और विकास की संभावनाओं को बढ़ा सकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

नकली खाद बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

- पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई
- फैक्ट्री से 53 बोरी अवैध खाद, बोरियों की सिलाई करने वाली मशीन के साथ भारी मात्रा में कैमिकल बरामद

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

जिले में नकली खाद बनाने वाली अवैध फैक्ट्री पर पुलिस प्रशासन ने संयुक्त छापेमारी कर अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मध्यप्रदेश के रास्ते उत्तरप्रदेश की सीमा से सटे ग्रामीण इलाके में संचालित फैक्ट्री पर पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्यवाही से फैक्ट्री संचालकों में हड़कंप मच गया। एसडीएम ने फैक्ट्री से 53 बोरी अवैध खाद, बोरियों की सिलाई करने वाली मशीन के साथ भारी मात्रा में कैमिकल बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है । महोबा में कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के मध्य प्रदेश सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के गांव सोरा में एक ग्रामीण के मकान को किराए में लेकर अवैध खाद बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी जिसको लेकर मुखबिर की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली खाद की बोरियां बरामद की है साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । महोबा अपर जिला अधिकारी राम प्रकाश ने बताया कि यह अवैध कारोबारी मध्य प्रदेश से सस्ते दामों पर नकली खाद लाकर यहां पर नई बोरियों में प्रिंट करा कर खाद को बाजार में बेच रहे थे जिससे किसानों की फसलों और खेतों को भारी नुकसान होने की आशंका बनी हुई थी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कुलपहाड़ एसडीएम व पुलिस प्रशासन की टीमों को संयुक्त रूप से गांव में संचालित अवैध खाद फैक्ट्री पर छापेमारी की गई है जिसमें नकली खाद की 53 बोरियां बरामद हुई है। साथ में सिलाई करने वाली मशीन व कुछ केमिकल भी बरामद हुआ है। इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।

महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

मौदहा, हमीरपुर। गृह कल के चलते क्षेत्र के एक गांव महिला ने तंग आकर फांसी लगा आत्महत्या करने की कोशिश की मगर मौके पर परिजनों नेक जाकर महिला की जान बचा ली है। सिसोलर गांव निवासी पूजा 35 वर्ष पत्नी राम प्रकाश देवरानी और जेठानी के बीच झगड़ा हो गया पीड़ित पूजा ने बताया कि जेठानी का पुत्र सत्तू आकर गाली गलौज करने लगा और मारने करने के लिए दौड़ा जिससे तंग आकर पूजा ने घर पर ही नीचे स्टूल रखकर गमछे से छत के कुंड से फांसी लगा आत्महत्या करने की कोशिश की मौके पर परिजनों के मौजूद होने पर आनन फानन में फांसी से उतर मौदहा के सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद हालात में सुधार बताया है। वही परिजन अस्पताल से छुट्टी कर अपने घर सिसोलर ले गए हैं।

खाटू श्याम के भक्तों ने निकाली शोभा यात्रा

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बा कुरारा में खाटू श्याम के भक्तो द्वारा खाटू श्याम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे बैंड बाजे व डीजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। महिलाओं व पुरुषो द्वारा खाटू श्याम के जयकारे लगाते चल रहे थे। खाटू श्याम के भक्तो द्वारा कस्बे में शोभायात्रा का आयोजन खाटू श्यामके जन्मोत्सव के पूर्व संध्या पर धूमधाम से किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां सजाई गई थी। भक्त

गण डीजे व बाजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। खाटू श्याम के जयकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा मुख्य बाजार से प्रारंभ होकर लालमन पुलिया से बेरी तिराहा बस स्टैंड होते हुएथाने के सामने से होते हुए नगर पंचायत के सामने से होकर भौली रोड होते हुए बाजार में संपन्न हुआ। इसके बाद भक्तो द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रवि गुप्ता अवधेश गुप्ता विष्णु गुप्ता विभम गुप्ताएसहित खाटू श्याम भक्त मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

मौदहा, हमीरपुर। खेत से घर लौट रहे किसान को बाईक स्टार्ट करते समय तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। ललपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम स्वासा खुर्द निवासी राजेश पुत्र नत्थू ने बिवार थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते दस नवम्बर को उसका भाई प्रमोद खेत से घर आने के लिए बाईक स्टार्ट कर रहा था उसी समय तेज रफ्तार अनियंत्रित लोडर ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया और बाईक भी क्षतिग्रस्त हो गई।जिसे एम्बुलेंस के सहयोग से सीएचसी छानी और फिर जिला अस्पताल हमीरपुर ले गए लेकिन फिलहाल उसका कानपुर में इलाज चल रहा है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रांसफार्मर नहीं बदलने से सिंचाई बाधित, ग्रामीणों में रोष

मौदहा, हमीरपुर। क्षेत्र के न्यूरिया गांव के लगभग आधा सैकड़ा किसानों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके यहां के नलकूप संख्या 137 में लगा ट्रासफार्मर काफी समय से खराब है जिसे बदलने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से पत्र व्यवहार किया है लेकिन जेई द्वारा निजी नलकूप चालकों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ट्रासफार्मर नहीं बदला जा रहा है जिससे लगभग डेढ़ सौ बीघा जमीन असिंचित पड़ी हुई है। मामले में उपजिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

दुकानदार ने नकली गहना देकर 90 हजार हड़पे, शिकायत

राठ(हमीरपुर)। महिला ने सर्राफा दुकानदार पर सोने की नकली झुमकी देकर 90 हजार रुपए हड़प करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के नई बस्ती पठानपुरा मोहल्ला निवासी मानवती पत्नी मंगल सिंह पासवान ने बताया कि पठानपुरा मोहल्ला निवासी सर्राफा दुकानदार से डेढ़ तोला की सोने की झुमकी बनवाई थी। उसके दुकानदार को 90 हजार रुपए नकद दिया था। उस दुकानदार ने झुमकी नकली बना दे दी। कुछ दिन तक वह झुमकी पहनती रही है। एक साल बाद उक्त सर्राफा दुकानदार ने फोन करके बताया कि झुमकी नकली और ठीक नहीं बनी है। 14 मई को उक्त दुकानदार घर आकर झुमकी ले गया और सात दिनों में वापस करनी बात कही। बताया कि अभी तक उक्त दुकानदार ने उसकी झुमकी नहीं दी। जब वह झुमकी मांगती है तो वह गाली गलौज करता है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

चोर ने साइकिल चुराई

राठ। कुर्रा रोड लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी कुलदीप अहिरवार ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करता है। रविवार को उसकी साइकिल घर के बाहर खड़ी थी। तभी दोपहर में चोर उसकी साइकिल चोरी करके ले गए। उसने साइकिल की खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चला है। बताया कि घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर साइकिल ले जाते हुए कैद हो गया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कबाड़ बीनने वाले युवक को बंधक बनाकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

राठ(हमीरपुर)। चोरी का आरोप लगाकर कबाड़ बीन रहे युवक को बंधक बना कमरे के अंदर जमकर मारा.पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली के अकौना गांव निवासी शहजाद पुत्र मलखान ने बताया कि वह कबाड़ बीनकर अपना पालन पोषण करता है। सोमवार को वह राठ की नहर बाईपास पर कबाड़ बीन रहा था। तभी चार युवकों ने चोरी करने का आरोप लगाते हुए उसे कमरे के अंदर ले गए और उसे बेहरमी से मारा.पीटा। मारपीट से उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

जान से मारने की दी धमकी, पुलिस से शिकायत

मौदहा हमीरपुर। कस्बा निवासी एक युवक द्वारा ट्रांजैक्शन के पैसे न दिए जाने पर गाली गलौज जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी है जिससे आहत होकर कोतवाली प्रभारी से लिखित शिकायत की है। कस्बा निवासी फत्तेपुर निवासी रोहित कुमार पुत्र कल्लू ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले के युवक सोनू साहू पुत्र चंद्रिकाने बारह हजार ट्रांजैक्शन आईडी से ट्रांसफर कराया और पैसे देने से आनाकानी कर रहा है मांगने पर गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कोतवाली में पुलिस को दो हजार रुपये देने की बात कह रहा है जिससे आहत होकर पीड़ित ने थाना प्रभारी को तहरीर सौप कर न्याय की गुहार लगाई है वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

थाने से चंद कदमों की दूरी से बाइक चोरी

महोबा। जनपद के अजमेर थाने से चंद कदमों की दूरी पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया जिसका सीसीटीवी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जो अजनर पुलिस की कार्यशैली को दर्शा रहा है। बताया जाता है की रविवार रात्रि 12 बजे के आसपास थाने से चंद कदमों की दूरी पर बने मकान के बाहर खड़ी बाइक का लॉक तोड़कर चोरों ने एक बाइक चोरी कर ली जिसका सीसीटीवी वायरल होने के बाद अजनर पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगना लाजिमी हो गए हैं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दरअसल बता दें 21 वर्षीय हरेंद्र पुत्र गुलाब सिंह निवासी मगरिया अपने रिश्तेदार के घर अजनर ग्राम किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया हुआ था रात्रि में कार्यक्रम होने के बाद हरेंद्र अपनी गाड़ी को मकान के बाहर रखकर सो गया तभी रात्रि में 12:00 बजे के बाद एक व्यक्ति द्वारा उसकी गाड़ी का लॉक तोड़कर गाड़ी की चोरी कर ली गई यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसके आधार पर पीड़ित ने अजनर थाने में लिखित शिकायती पत्र देकर उसकी मोटरसाइकिल खोजने की गुहार लगाई है पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल जिस तरीके से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया बुद्धजीवी बोल रहे है की अजनर पुलिस के लिए यह कहावत सही साबित हो रही कि चोरों ने पुलिस की आंखों से काजल ही चुरा लिया।

हार-जीत की बाजी लगा रहे छहः गिरफ्तार

महोबा। एसपी महोबा पलाश बंशल के निर्देशन में अवैध रुप से संचालित जुआ व सट्टा में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरादमगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में बीते रोज़ 11 नवम्बर 2024 को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई वरिष्ठ उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 6 अभियुक्तगण क्रमशः चुन्नू प्रजापति पुत्र इशुवा उम्र करीब 58 वर्ष निवासी लौड़ापहाड़ मोचीपुरा थाना कबरई जनपद महोबा, विनोद पुत्र रजवा कपड़िया उम्र करीब 42 वर्ष निवासी लौड़ापहाड़ मोचीपुरा थाना कबरई जनपद महोबा, ओमप्रकाश कुशवाहा पुत्र भूरा कुशवाहा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी विशालनगर थाना कबरई जनपद महोबा, जयकरन वर्मा पुत्र मंगल वर्मा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी लौड़ा पहाड़ मोचीपुरा थाना कबरई जनपद महोबा, कल्लू पुत्र सुन्दर लाल प्रजापति उम्र करीब 45 वर्ष निवासी लौड़ापहाड़ थाना कबरई जनपद महोबा, रामकरन पुत्र बन्ना प्रजापति उम्र करीब 58 वर्ष निवासी लौड़ा पहाड़ मोचीपुरा थाना कबरई जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के सिद्ध बाबा स्थान के पास मोहल्ला विशालनगर से गिरफ्तार किया गया। जिनकी तलाशी में 2800 रुपये, मालफड 8500 रुपये व 52 ताश के पत्ते बरामद हुये। बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु.अ.सं. 331/24 धारा 13 जी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

एक दिवसीय एकादशी मेले में उमड़े लोग, जमकर उठाया लुप्त

पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।

पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के पठारी कदीम के पास अर्धकुंवारी माता मंदिर में सोमवार को एक दिवसीय एकादशी मेले का आयोजन किया गया जिसमे भरवारा चारूआ पठारी कदीम द्वासी पनारा रिछा चुरारी सतारी बौरा सहित अन्य गांवों से लोग मेला देखने के लिए आए मेले में लोगो ने जमकर खरीददारी की, तो वही एकादशी होने की वजह से मेले में गन्ने की भी जमकर बिक्री हुई। ग्रामीणों ने बताया की एक गन्ना का मूल्य 15 से 20 रुपए तक रहा। साथ ही पूजन की सामग्री भी लोगों ने खरीद की उधर भरवारा में भी देव प्रबोधिनी एकादशी को लेकर लोगों ने सुबह से ही दिवाली खेलना सुरू कर दिया था जो देर रात्रि तक उत्सव चलता रहा इस मौके पर प्रहलाद यादव चंदू यादव चुनटा यादव अरविंद्र सतीश चन्द्र जयसिंह राजबहादुर सहित अन्य लोग शामिल रहे।

हमीरपुर से महाकुंभ में भगवा रंग कराकर भेजी जाएंगी रोडवेज बसें

- साठ में पचास बसें जाने के फरमान से विभाग भौचक्का, क्या होगा सवारियों का

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

प्रयागराज में आगामी माह में होने वाले महाकुंभ में जिले से रोडवेज बसों को जाने वाला बेड़ा सभी भगवा रंग का होगा,जो बसे भगवा रंग की नही है उन्हे रंग रोगन कराने के बाद ही प्रस्थान किया जायेगा।

जानकारी के मुताबिक जिले में रोड में चलने वाली रोडवेज की साठ बसें है जिसमे शासन ने कहा है कि कम से कम हमीरपुर जिले से पचास बसों का बेड़ा भेजा जाये वह भी सभी भगवा रंग की बसे होना अनिवार्य है। हालाकि यदि इतनी बसे प्रयागराज भेज दी जायेगी तो जिले से यात्रियों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ेगा मगर इस मामले में शासन से फिर से विचार करने को कहा गया है। एआरएम आरपी साहू ने बताया कि निगम के पास फिलहाल भगवा रंग की बसे पच्चीस से ज्यादा होगी मगर जो बसे यहां से भेजी जायेगी वह

भगवा कलर की ही जायेगी उनका रंगरोगन कराया जायेगा हालाकि शासन की मंशा है कि लोहिया बसों को ज्यो का त्यो रहने दिया जाये। शेष बसों का रंग बदलवाया जा सकता है। महाकुंभ जनवरी माह के तीसरे सप्ताह से शुरु हो जायेगा फरवरी के अंत तक संचालित होगा। यदि एक माह के लिये इतनी बसे महाकुंभ के लिये प्रस्थान कर जायेगी तो यात्रियों के आने जाने के लिये क्या होगा पूरा विभाग उधेड़ बुन में फंसा है। हालाकि प्रयागराज के जाने के लिये जब यात्री पर्याप्त हो जायेगे तो यहा से प्रयाग राज के लिये सीधे रोडबेज की बस भेजी जायेगी शासन का मानना है कि महाकुंभ के लिये आने जाने वाले यात्रियों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

डग्गामार वाहन रोडवेज को लगा रहे हैं चूना, डबलडेकर बसों में सांस लेना मुश्किल

हमीरपुर। रोडवेज के एआरएम आरपी साहू ने बताया कि डग्गामार वाहनो के संचालन से विभाग की आय दिनो दिन गिरती जा रही है वही डबल डेकर की बसे सड़क में धड़ल्ले से दौड़ रही है कोई रोक टोक नही है जिससे विभाग का राजस्व का नुकसान हो रहा है। एआरएम का कहना है कि इसके लिये कई मर्तवा बैठक उच्चाधिकारियों की अध्यक्षता में हो चुकी है मगर उसका कोई असर नही हो रहा है। श्री साहू का कहना है कि इस मामले में वह उच्चाधिकारियों को पत्र भी लिख चुके है। इधर सीएनजी वाहन की सुविधा होने से आटो व अन्य डग्गामार वाहन इतनी तेजी से रोड में दौड़ते है जिससे कोई न कोई घटना होती रहती है। एआरएम का कहना है कि डबल डेकर की बसो में इतनी ज्यादा सवारिया ठूस कर भर ली जाती है कि यात्रियो को सास लेना मुश्किल हो जाता है यदि यही हाल रहा तो बस के अन्दर कभी न कभी कोई बडी घटना हो सकती है। इस मामल में एआरटीओ को कार्यवाही करनी चाहिये।

आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज, चौकाने वाले तथ्य आये सामने

राठ। कस्बे के मियांपुरा मोहल्ले में पांच दिन पहले युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक युवती की मां ने युवक पर पुत्री को आत्महत्या के लिए उकसाने की कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मियांपुरा मोहल्ला निवासी धम्मी पत्नी महेंद्र कुमार ने बताया कि पांच नवंबर की शाम करीब साढ़े छह उसकी 21 वर्षीय पुत्री शिवानी ने घर की दूसरी मंजिल की किचन में दुपट्टे से फांसी लगा ली थी। इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई से झांसी रेफर कर दिया। छह नवंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे झांसी मेडिकल कालेज में उसकी पुत्री की मौत हो गई। बताया कि उसे अपनी बड़ी पुत्री ममता से बात करने में पता चला कि संदीप पुत्र ईश्वरदास निवासी सरगांव थाना मझगवां उसकी पुत्री को लगातार फोन करके धमकता एवं जबरदस्ती मिलने के लिए परेशान करता रहता था। उसकी पुत्री घटना के पांच दिन पूर्व ही मेडिकल से प्रेग्नेंसी टेस्ट किट लेकर आई थीं। चौक करने पर पता चला कि वह प्रेगनेंट हैं। बताया कि जब उसकी पुत्री में यह बात संदीप को बताइए तो वह गाली गलौज करने लगा। कहने लगा कि में कुछ नहीं कर सकता जहां मरना है तो मर जाओ। पुत्री लगातार चार दिन से संदीप को उसकी प्रेग्नेंसी के बारे में बताती रही। बताया कि संदीप ने उसे आत्महत्या करने के लिए कहा। तभी उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। बताया कि उसके पास से प्रेग्नेंसी किट मिली और उसकी डायरी से कुछ अन्य तथ्य प्राप्त हुए हैं। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सिंचाई कार्य करते समय मोटर में उतरे करंट से किसान की मौत

महोबा। श्रीनगर थाना क्षेत्र के बिलखी गांव में खेत में सिंचाई करने के दौरान समरसेबल का करंट लगने से किसान की मौत हो गई आनन फानन में परिजनों द्वारा किसान को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने डॉक्टरी परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया है। मृतक किसान के शव का पंचनामा भर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। सदर तहसील क्षेत्र के बिलखी गांव के रहने वाले खुमान सिंह कुशवाहा अपने खेत पर सिचाई का काम कर रहे थे तभी अचानक समरसेविल बन्द होने के चलते किसान देखकर सुधार कर रहा था इसी दौरान मोटर में अचानक करंट उतरने से वह बेहोश होकर गिर पड़े थे घर मे किसी भी परिजन के न होने से काफी देर बाद उन्हें जिला अस्पताल के इमरजेंसी में लाया गया जहां डॉक्टरों ने डॉक्टरी परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

बैंक मित्र से तमंचे की नोंक पर लूट लिए दो लाख रुपए, पुलिस जांच में जुटी

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

इंडियन बैंक से पैसा निकाल कर अपने घर की ओर जा रहे बैंक मित्र से अज्ञात बाइक सवारों ने तकरीबन दो लाख रुपए की लूट कर ली। पीड़ित ने बताया कि सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवारों ने उसके आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और तमंचे की बल पर बैग में पड़े पूरे पैसे लेकर भाग निकले।

कोतवाली क्षेत्र के छिमौली गांव निवासी रमेश चंद्र पुत्र शिवरतन निषाद ने कोतवाली में दिए अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि सोमवार को शाम 4:00 बजे वह अपने साथी गयादीन पुत्र रामरतन के साथ इंडियन बैंक शाखा से एक लाख अस्सी हजार रूपये निकालकर अपने गांव की ओर जा रहा था तभी बड़ेरी नाला के पास सामने से आ रहे तीन अज्ञात बाइक सवारों ने उसके पास से गुजरते हुए दोनों लोगों की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और कनपटी में तमंचा लगाकर रुपयों से भरा बैग लेकर भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि बैग में उसके बैंक की पासबुक समेत अन्य जरूरी दस्तावेज और अलग से भी 6 हजार रूपये पड़े थे जिसे छीनकर अज्ञात चोर मौदहा की तरफ निकल गए। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने तथा पैसों एवं कागजातों से भरा बैग बरामद करने की मांग की है। नगर समेत क्षेत्र के ग्रामों में इस समय चोरीए लूट एवं डकैती की घटनाएं चरम सीमा पर हो रही है जिनकी आए दिन नए-नए प्रकार से पुलिस को सूचना दी जाती है लेकिन कोतवाली पुलिस ऐसी बड़ी घटनाओं को नजर अंदाज कर सिर्फ अतिरिक्त आय के स्रोत जैसे मामले ढूंढने की फिराक में लगी रहती है और लुटेरे दिन प्रतिदिन ऐसी घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती देने का काम करते हैं।

शहर में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

बीते सोमवार को शासन के निर्देशानुसार सड़क, पटरियों और नाला-नाली पर अवैध अतिक्रमण कर आवागमन बाधित करने वाले दुकानदारों के खिलाफ पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान से अतिक्रमणकर्ताओं में हड़कम्प मच गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महोबा अवधेश कुमार के आदेश पर कर अधीक्षक हरिश्चन्द्र यादव के कुशल निर्देशन में पालिकाकर्मियों के सहयोग से नगर के आल्हाचौक से अशोकचौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका कर्मियों द्वारा सड़क पटरियों और नाला-नालियों के ऊपर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का सामान बलपूर्वक हटवाया गया। साथ ही दुकानदारों को पुनः अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गयी। अनेक दुकानदारों ने टीम को देखते ही अपनी-अपनी दुकान का सामान अन्दर रख लिया जिन्हें जमकर फटकार लगायी गयी।

समाचार पत्र के ज़िला संवाददाता से बातचीत में अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि पालिका द्वारा समय समय पर अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध अभियान चलाया जायेगा। जिससे यातायात सुचारू रूप से संचालित होने के साथ साथ आम जनमानस को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। अभियान के दौरान कर अधीक्षक हरिश्चन्द्र यादव, प्रभारी सफाई भूपेन्द्र कुमार, रामसेवक समेत पालिकाकर्मी व पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों के साथ हुई मासिक विचार गोष्ठी

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

बीते 11 नवम्बर 2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ समायिक विषयों पर परिचर्चा हेतु मासिक विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनपद में अपराध नियंत्रण, शान्ति एवं कानून-व्यवस्था, क्षेत्रीय समस्याओं एवं पुलिसिंग में अपेक्षित सुधार आदि विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श कर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सम्मानित सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर जनहित में प्राप्त सुझावों से जनपद की क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण हेतु पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने में सहायता प्राप्त करना है, साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण पहलुओं पर पुलिस के दृष्टिकोण से अवगत कराने तथा विचारों के परस्पर आदान-प्रदान से एक-दूसरे को समझने में सहायक होगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष सन्तोष कुमार चौरसिया, जिला महामंत्री भाजपा अंकुर शिवहरे, सांसद प्रतिनिधि अर्पित गुप्ता सहित जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारी क्रमशः अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़, सीए जाकिर हुसैन, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर मौजूद रहे।

भूगर्भ जल दोहन पर जुर्माना अथवा सज़ा से बचाव हेतु लें एनओसी, कराएं रजिस्ट्रेशन

- उ.प्र. भूगर्भ जल प्रबंधन एवं विनियमन अधिनियम-2019 के तहत दोषी पाए जाने पर होगी कार्रवाई

महोबा। मुख्य विकास अधिकारी व सदस्य सचिव जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद, महोबा द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल अधिनियम-2019 के अन्तर्गत राज्य में गैर अधिसूचित क्षेत्र तथा अधिसूचित क्षेत्रों में स्थापित समस्त औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक और सामूहिक जल उपयोगकर्ताओं को भूजल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र व पंजीकरण का प्रावधान किया गया हैं। इसके अतिरिक्त बेधन अभिकरणों का भी पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। इसलिए समस्त औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसरंचनात्मक और सामूहिक भूजल उपयोगकर्ताओं (अधिष्ठान यथा होटलों, लॉजों, आवासीय कालोनियों, रिजॉर्ट, निजी चिकित्सालयों, परिचर्या गृहों, कारोबार, प्रक्षेत्रों, माल्स, वाटर पार्कों इत्यादि मौजूदा एवं प्रस्तावित भूजल उपयोगकर्ताओं को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल अधिनियम-2019 के अन्तर्गत भूगर्भ जल विभाग के पोर्टल के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी पंजीकरण हेतु तत्काल आवेदन किया जा सकता है।

तीन दिवसीय मेले में दंगल का हुआ आयोजन

- अमर सिंह व बृजराज सिंह ने कुश्ती में हासिल की जीत

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

ज़िले के चरखारी ब्लॉक के ग्राम जरौली उजनेडी दमदमा क्षेत्र स्थित मां काली के मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें नवमी के दिन हुए विशाल दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में नेता नायक एवं महादेव नायक द्वारा दंगल की शुरुआत कराई गई। दूरदराज से आए हुए पहलवानों ने अपने-अपने दांवपेंच दिखाएं। जिसमें अमर सिंह पहलवान धौहल व नारायण फतेहपुर की कुश्ती कराई गई जिसमें अमर सिंह धौवल को विजय प्राप्त हुई वहीं बृजराज पहलवान रिवई वालों की कुश्ती अमित पहलवान बांदा से कराई गई। जिसमें बृजराज पहलवान की जीत हुई। ऐसी दर्जनों कुश्ती कराई गई। इन कुश्तियों ने ग्राहकों का मन मोह लिया। वही आयोजित मेले व दंगल में सुरक्षा विभाग द्वारा भी कोई कसर नहीं नहीं छोड़ी। थाना खरेला से आए थाना अध्यक्ष खरेला सतवेंद्र कुमार भदौरिया, उपनिरीक्षक अभिलाष यादव, कांस्टेबल प्रवीण कुमार, अखिलेश कुमार सहित पुलिस टीम ने मेले व दंगल में आए हुए पहलवानों एवं कमेटी के सभी सदस्यों का हौसला बढ़ाकर संपूर्ण मेले का भ्रमण करते हुए दुकानदारों से वार्तालाप कर सुरक्षा का एहसास दिलाया। दंगल के माइक से घोषणा करके मेले में आए हुए दर्शकों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। मेले में रात के समय दर्शकों के लिए रामलीला का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जरौली किशन कुमार, समाजसेवी राम रतन गुरुदेव, ग्यासी राजपूत पूर्व प्रधान जरौली, शिवकुमार राजपूत (अध्यापक) लखन राजपूत, रामपाल राजपूत, प्रमोद राजपूत, लखन राजपूत, रामकुमार राजपूत,राजेंद्र दादी राजपूत निवासी ग्राम दमदमा, जयहिंद राजपूत ग्राम कुशरमा व छबिलाल अध्यापक ग्राम कुड़ार सहित दर्जन जिम्मेदार समाजसेवी लोग मौजूद रहे।

नशीली ड्रग्स की बिक्री पर करें कार्रवाई : डीएम

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के ब्लैक स्पॉट्स वाले स्थानों पर एक्सीडेंट रोकने के लिये प्रभावी कदम उठाये जाए। यातायात के नियमों को तोड़ने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए। हाइवे पर ई-रिक्शा से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिये ई-रिक्शा को हाइवे पर चलने से रोका जाए। सभी ई-रिक्शा चालकों को सूचित कर दिया जाए कि वह हाइवे पर ई-रिक्शा न चलाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लैक स्पॉट्स वाले स्थान असेनी मोड़, दारापुर मोड़, कोटवा मोड़, लक्षबर बजहा मोड़, रसौली मोड़, बिंदौरा मोड़, किसान पथ पर बबुरिहा मोड़ आदि स्थानों पर अक्सर सड़क दुर्घनाएं होती रहती है, इन स्थानों पर दुर्घनाएं रोकने के लिये सम्बंधित विभाग के अधिकारी प्रभावी कदम उठाए जिससे दुर्घटनाओं की पुनरावृति पर रोक लग सके। इसके अलावा कस्बों व प्रमुख चौराहों पर अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा/ वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने गत माह की बैठक के कार्यवृत्त को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड किये जाने की स्थिति तथा गत बैठक में लिए गए निर्णयों के सापेक्ष कृत कार्यवाही की भी समीक्षा की।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि नियमानुसार दवा विक्रेता बिना डाक्टर के पर्चे के ऐसी दवा विक्रय न करें जो नशीली दवाओं की श्रेणी में आती हैं।

उन्होंने कहा कि दवा की दुकानों से ऐसी दवाओं की बिक्री करते हुए पाए जाने पर दुकानदार के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। ऐसे ड्रग्स की बिक्री रोकने के लिए निर्धारित क़ानूनी प्रक्रिया को कड़ाई से लागू किया जाए।

जिलाधिकारी आज नारकोटिक्स के सम्बंध में संबंधित अधिकारियों के साथ ज़िला स्तरीय समिति की ज़ूम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज, डिग्री कॉलेज आदि के परिसरों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि इन स्थानों समेत स्कूलों आदि में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के दुष्प्रभाव के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि अवैध शराब रोकने में पुलिस से समन्वय स्थापित करते हुए नियमित अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्यवाही की जाए।

उन्होंने कहा कि निर्धारित नियम क़ानूनों के अंतर्गत ही अफीम की खेती हो, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि एनडीपीएस के अंतर्गत मामलों में पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और प्रकरणों में पुलिस प्रशासन से समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करें।

डेंगू के बढ़ रहे है मरीज विभागीय रोकथाम के उपाय शून्य

ज़ैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। हाल ही मे इस क्षेत्र में दो मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं जिनका इलाज चल रहा है। पहला मरीज सोहिलपुर गांव का है।जहां ग्राम पंचायत सोहिलपुर निवासी सुधीर कुमार (35) को पिछले कुछ दिनो से बुखार था।शनिवार को उन्होने ज़ैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक को दिखाया और डेंगू की जांच कराई। सोमवार को आई रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हुई जिसके बाद उन्हे अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया। दूसरा मरीज ज़ैदपुर कस्बे का निवासी है।बीजेपी नेता और जिला पंचायत सदस्य हारुन राईन,जिनकी डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आई।उन्हें लखनऊ के एक बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहाँ कुछ सुधार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया,लेकिन अभी भी उनकी प्लेटलेट्स की संख्या कम है।इस कारण उनका इलाज डॉक्टर की निगरानी में घर पर जारी है।

ज़ैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ सुशील कुमार सरोज ने बताया कि सोहिलपुर गाँव निवासी सुधीर कुमार का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है और उनकी रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई है।स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लिया है और रोग की रोकथाम के लिए कदम उठाए जा रहे है।

भंडारे के साथ सम्पन्न हुई श्रीमद्भागवत कथा

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। पिछले एक सप्ताह से दो स्थानों पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का सोमवार को भण्डारे के साथ समापन हो गया। गोतौना गाँव में रणवीर सिंह मुन्ना एवं ग्राम्यांचल महाविद्यालय के निकट हरिशरण महराज के आवासों पर गत 4 नवम्बर से चल रही कथा के समापन पर आयोजित हुए भंडारों में भाजपा नेता अरुण शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, समाजसेवी दीपू तिवारी, प्रधान राजीव मोहन चौधरी, प्रधान सोनू सिंह, गोपाल सिंह, एडवोकेट अमरनाथ शुक्ला, शिक्षक मदन मोहन वर्मा, देवा सिंह, शिव बरन मौर्य, सोमिल शुक्ला, महेंद्र मिश्रा, हरीबख्श शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

भक्ति में झूमते नजर आए बाबा खाटू श्याम के भक्त

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

नगर के लिल्हौरा वार्ड में औशानेश्वर मार्ग पर मन्नत हॉस्पिटल के निकट आयोजित तृतीय खाटू श्याम महोत्सव में सोमवार की देर रात तक भक्त खाटू श्याम जी की भक्ति में झूमते नजर आए। अयोध्या लखनऊ एवं कानपुर से पधारे प्रसिद्ध भजन गायकों ने वहां पर मौजूद भक्तों को निहाल कर दिया। भजन उत्सव के दौरान आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गई। खाटू श्याम महोत्सव के तहत सोमवार को विजयी हनुमान मंदिर से ढोल नगाड़े के साथ विशाल निशान यात्रा निकाली गई निशान यात्रा में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरी यात्रा के दौरान सभी झूमते नजर आए। सुबह 10 बजे निकली निशानयात्रा दोपहर बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जहां पर खाटू श्याम महाराज को सजे दरबार में विराजित किया गया। शाम 6:00 बजे से शुरू हुए भजन उत्सव में मशहूर भजन गायक अयोध्या से पधारे संदीप आचार्य बंकू सिस्टम लखनऊ से आई श्रेया शुक्ला विनय मिश्रा एवं कानपुर से पधारे अभिषेक शुक्ला द्वारा बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया गया इस अवसर पर राधा कृष्ण हनुमान जी की भव्य झांकियां प्रस्तुत की गई। महोत्सव में सजा बाबा का भव्य शीशमहल दरबार और कोलकाता के फूलों से किया गया बाबा का श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा।

श्रीमद्भागवत कथा कल होगी शुरू

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।क्षेत्र के सराय रावत गांव में आगामी 13 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होने जा रहा है यह जानकारी देते हुए मुख्य यजमान ग्राम प्रधान संतोष शुक्ला ने बताया कि वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास श्री मुरली मनोहर शास्त्री द्वारा संपन्न कराए जाने वाले इस साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 13 नवंबर को भव्य कलश यात्रा से होगा। आगामी 20 नवंबर को पूर्णाहुति के बाद ब्रह्म भोज का आयोजन किया जाएगा।

विद्युत तारों में बाधा बन रहे पेड़ों की छटाई शुरू

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

विद्युत सप्लाई तारों के बीच आने वाले पेड़ की डालों व पत्तों को काटने का कार्य युद्ध स्तर पर लगातार जारी है। जोकि विभिन्न मोहल्ले में चार घंटे विद्युत सप्लाई को बंदकर जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन की मौजूदगी में कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को होने वाली विभिन्न समस्याओ से निजात दिलाने के लिये उक्त कार्य किया जा रहा है।बताते चलें कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा सप्लाई के तारों से सटे तमाम पेड़ की डालों व खरपतवार सहित फैले हुए पत्तों को हटाने हेतु लगातार काम आज भी जारी रहा।जो तीन चार दिन तक आगे भी चलता रहेगा।जूनियर इंजीनियर मिर्जा परवेज़ हुसैन की देख रेख में सुरेन्द्र कुमार,मो वसी, फुरकान, आशिफ,इरशाद, पुल्की, रूपेंद्र, रोहित शुक्ला, नरेन्द्र सहित तमाम कर्मचारी सोमवार को थाना चौरहा से वसीनगर रोड पर पेड़ों की सफाई का कार्य करते रहे।इस संबंध में एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियो के आदेशानुसार सप्लाई में बाधा बनने वाले पेड़ की डालों को कटवाने का काम जारी है जो तीन चार दिन अभी और चलता रहेगा। इस कार्य से उपभोक्ताओं को तमाम दिक्कतों से निजात मिलेगा।

आगे एसडीओ संदीप सिंह बताया कि मौथरी गांव में संदीप के घर के पास मेगा कैम्प लगाकर बकाया वसूली करने के साथ होने वाली मीटर बिल सहित विभिन्न समस्याओं को देखा जा रहा है।

परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बीजापुर स्थित खेल मैदान में किया गया। शुभारंभ मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दिनेश रावत व ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने सयुक्त रूप से किया।

कंपोजिट विद्यालय घरकुइयां की छात्र पायल द्वारा सरस्वती वंदना एवं माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर की बालिकाओ द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से विधायक, ब्लॉक प्रमुख, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुशील जायसवाल, रंजीत सिंह महंत, युवा नेता गोविंद पाठक, गौतम पाठक का स्वागत किया गया। 50 मीटर 100 मी 200 मी दाऊद की खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले विजेताओं के अलावा कबड्डी एवं को-को प्रतियोगिताओं में विजेता होने वाली टीमों के खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांज मेडल से सम्मानित किया गया विधायक दिनेश रावत ने सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों टीमों को मेडल देकर सम्मानित किया एवं जिला स्तर की खेल प्रतियोगिता में प्रतिभा करने एवं विजई होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सक्रिय योगदान देने वाले शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रदीप मिश्रा बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सत्यदेव सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा,योगेंद्र मिश्रा, अनिल सिंह राजेंद्र किशोर पांडे रुद्रकांत वाजपेई, मदन मोहन वर्मा, मुबीन अहमद, रामसागर ,महेंद्र सिंह प्रेमराज अवधेश पाठक सावना बृजेश सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

हादसे में बाल-बाल बचे ट्रैक्टर ट्राला चालक

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

पुआल के बंडल की लोडिंग करने वाला ट्रैक्टर ट्राला अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराकर खाई में पलट गया गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ चालक बाल बाल बच गए। यह हादसा सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कमेला चौबीसी मार्ग पर मरूई के समीप सोमवार की सुबह हुआ। बताया जाता है कि खेत से पुआल का बंडल बनाने का ठेका है। गैर प्रांत से आए ठेकेदार क्षेत्र में जगह जगह प्लांट बनाए हुए हैं उनके कर्मचारी किसानों के खेत से पुआल का बंडल बनाकर प्लांट पर इकट्ठा करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कमेला चौबीसी सिंगल रोड है इसके बावजूद पुआल लादकर चालक काफी तेजी में चलते हैं तो कई चालक ऐसे हैं जो नाबालिग है फिर भी सड़क पर तेजी के साथ फर्राटे भरते रहते हैं जिससे कि अन्य राहगीरों में भी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

आरटीओ प्रशासन सख्त, राजस्व समीक्षा को लेकर दिये निर्देश

अयोध्या,समृद्धि न्यूज।

शासन की एक मुश्त समाधान योजना की अधिसूचना के अन्तर्गत अधिकाधिक वाहन स्वामियों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त के निर्देशों के क्रम में आरटीओ प्रशासन सुश्री ऋतु सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों को पूरे एक्शन मोड में आने के निर्देश दिए हैं।इसे लेकर सोमवार को अयोध्या संभाग के सभी जिलों के परिवहन अधिकारियों के साथ राजस्व समीक्षा बैठक की गयी। इसमें विभिन्न ट्रांसपोर्ट यूनियन (ट्रक,बस,टैम्पो,ई-रिक्शा) के पदाधिकारियों एवं व्यावसायिक वाहनों के डीलर शामिल रहे।

बैठक में आरटीओ प्रशासन सुश्री सिंह ने एक मुश्त समाधान योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिसूचना की दिनांक से तीन माह की अवधि के लिये आवेदन करने पर बकाया कर में विलम्ब पर लगने वाले जुर्माने पर सौ प्रतिशत छूट मिलेगी, सभी बकाया वाहन स्वामी या उनके विधिक वारिस आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिनके वाद कोर्ट,उप परिवहन आयुक्त या ट्रिब्यूनल में लम्बित हो तो वाद वापस लेने का प्रमाण देकर आवेदन किया जा सकता है। सुश्री सिंह ने बताया कि वाहन स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस संबंधित परिवहन अधिकारी प्रशासन/कराधान अधिकारी को तीन पहिया एवं हल्के मोटरयानों (7500 किग्रा सकल यान भार तक) के मामले में आवेदन शुल्क के रूप में दो सो रुपये की धनराशि एवं अवशेष यानों हेतु आवेदन शुल्क के रूप में पांच सौ रुपए देना होगा।

वाहन स्वामी को यार्नी पर बकाया देय कर करों की कुल धनराशि एकमुश्त जमा करनी होगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए वाहन स्वामी परिवहन विभाग की वेवसाइट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

राजनीति में सादगी व शुचिता के पर्याय थे मार्कण्डेय चंद : राजनाथ

बाराबंकी। प्रखर समाजवादी नेता और पूर्व मंत्री पूर्व मंत्री मार्कण्डेय चंद की 10वीं पुण्यतिथि सोमवार को गांधी भवन में स्मृति सभा आयोजित हुई। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गांधीवादी अध्येता राजनाथ शर्मा ने कहा कि मार्कण्डेय चंद दूरदर्शी सोच के नेता थे। उनके जैसी सादगी व राजनीति में शुचिता अब कम ही देखने को मिलती है। वह संबंधों का निर्वाह करने में आगे रहते थे। विकास के प्रति उनकी सोच ने ही उन्हें महान बनाया। ऐसे नेताओं के पदचिन्हों पर चलने से ही समाज में समरसता आएगी। श्री शर्मा ने आगे कहा कि मार्कण्डेय चंद प्रभावशाली राजनेता थे। वह कई बार विधायक और मंत्री रहे। उनकी राजनीति में समाजवादी विचारधारा की झलक दिखाई पड़ती थी। वह पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर और जॉर्ज फर्नांडिस के निकटम मित्रों में रहे। वे गांव-गरीब व किसान के हित में आजीवन कार्य करते रहे।

परिक्रमार्थी महिला श्रद्धालु ने लगाया अवैध धन की मांग

अयोध्या, समृद्धि न्यूज। रामनगरी में परिक्रमा करने आई एक महिला श्रद्धालु से धन की मांग के साथ अभद्रता व छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला श्रद्धालु द्वारा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराई गई है।देर शाम तक पीड़ित महिला श्रद्धालु की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की बात सामने आई है। पीड़ित महिला श्रद्धालु ने बताया कि यदि उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई तो कार्रवाई कराने के लिए वह उच्चाधिकारियों के साथ साथ मुख्यमंत्री से भी मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराएगी। जानकारी के मुताबिक किया पीड़ित महिला श्रद्धालु साधना चतुर्वेदी के मुताबिक वह जनपद सिद्धार्थनगर की रहने वाली है। शनिवार को अपने साथ में आए सहयोगियों के साथ अपने गुरु स्थान सुरसर मंदिर में आकर रात रुकी थी और यहां से निकलकर चौदह कोसी परिक्रमा की शुरुआत की थी। रविवार को जब वह चौदह कोसी परिक्रमा करके वापस लौटी तो शाम करीब साढ़े आठ बजे खुद को मंदिर का कर्मचारी बताने वाला भोला जायसवाल मंदिर की यज्ञशाला में उसके पास आकर मंदिर में रुकने के एवज पांच हजार रुपए की मांग करने लगा।जब उसने बताया कि वो और उसके साथ आए लोग मंदिर के पुराने भक्त हैं तथा प्रतिवर्ष चौदह कोसी/पंचकोसी परिक्रमा में आकर यहां रूकते है और अपनी क्षमता के अनुरूप दान स्वरूप आर्थिक सहयोग देकर वापस चले जाते है तो इस पर वह भड़क गया और प्रार्थिनी को अश्लील गालियां देते हुए अभद्रता व छेड़छाड़ करने लगा।स्वयं को अकेला पाकर जब उसने अपने सहयोगियों को आवाज दी तो मौके पर पहुंचे उसके साथियों ने इस घटना को देखा और पुलिस में शिकायत करने की बात कहने लगे।इस पर वह व्यक्ति पीड़ित महिला श्रद्धालु को पुलिस में शिकायत करने पर फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला।पीड़ित महिला श्रद्धालु ने बताया कि यदि उनकी शिकायती पत्र पर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा तो अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए वे न केवल उच्चाधिकारियों से मिलेंगी बल्कि मुख्यमंत्री से मिलकर भी अपनी शिकायत दर्ज कराएंगी।

दिनेश बावरा-शम्भू शिखर के हास्य ने बटोरी वाहवाही

धुरियापार/उरुवा/गोरखपुर समृद्धि न्यूज।

कला सरोकार एवं फिराक गोरखपुरी साहित्यिक मंच द्वारा श्री रामरेखा सिंह इंटर कालेज उरुवा बाजार के तत्वावधान में रविवार को आयोजित कवि सम्मेलन में दर्शकों के वाह -वाह, तालियों और ठहाकों पूरा प्रांगण गूंज उठा। कवि सम्मेलन में दूर-दूर से आए देश के प्रसिद्ध कवियों ने क्षेत्रवासियों का अपनी कविताओं से दिल जीत लिया। कवि सम्मेलन में मंच की अध्यक्षता कवि सुनिल कुमार तंग ने किया मंच संयोजन प्रदीप मिश्रा ने और मंच का संचालन प्रसिद्ध कवि दिनेश बावरा ने किया। कवि सम्मेलन का उद्घाटन प्रसिद्ध कवि शम्भू शिखर, दिनेश बावरा, भालचंद्र त्रिपाठी,कमल आग्नेय, सुनिल कुमार तंग,डॉ निशा राय, हिमांशी बावरा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रसिद्ध कवि कमल आग्नेय ने रामचरितमानस, राम के गुणगान और चंद्रशेखर आजाद पर देशभक्ति की कविता सुना कर मन मोह लिया। डॉ निशा राय ने एक कप अदरक वाली चाय और प्रेम रस पर काव्य पाठ किया। सुनिल कुमार तंग अपने प्रसिद्ध काव्यपाठ लोगों को सुनकर जमकर तालियां बटोरी। शम्भू शिखर ने अपने चुटकीले अंदाज से लोगों को हंस हंस कर लोटपोट करा दिया। प्रसिद्ध कवि दिनेश बावरा ने अपने अनोखे अंदाज से लोगों को दिवाना बना दिया। देर रात तक काव्य पाठ चलता रहा।जिसका लोगों ने जमकर आनंद लिया।

अंत में समिति के पदाधिकारियों ने शॉल व स्मृति चिह्न देकर अतिथियों को सम्मानित किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने सबको धन्यवाद दिया।

हाइवे पर छत विक्षत अधेड़ का शव हुआ बरामद

मसौली, बाराबंकी। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रसौली ओवरब्रिज पर बीती रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से मरे एक अधेड का क्षतविक्षत शव मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक की शिनाख्त नही हो सकी है। सोमवार की भोर ओवरब्रिज से गुजर रहे लोगो ने देखा कि अयोध्या से लखनऊ जाने वाले मार्ग पर एक क्षतविक्षत शव पड़ा हुआ है जिसकी सूचना सफदरगंज पुलिस को दी गयी मौक़े पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त की कोशिश की परन्तु पहचान नही हो सकी लोगो के मुताबिक मृतक कूड़ा बीनने का कार्य करता है पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दहेज की मांग पूरी न हुई तो विवाहिता को घर से निकाला

जालौन, उरई। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाला। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोहन थाना क्षेत्र निवासी चांदनी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता रामजी ने उसकी शादी दिसंबर 2020 में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी मोहन के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल के लोग दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और अतिरिक्त दहेज के रूप में बाइक और सोने की जंजीर की मांग करने लगे। पिता की हैसियत ऐसी नहीं है वह उनकी इस मांग को पूरा कर पाते। इस बारे में जब उसने ससुरालियों को बताया तो उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

डीपीएस ने चैंपियनशिप में जीते 13 मेडल

इटावा, समृद्धि न्यूज।

दिल्ली पब्लिक स्कूल,इटावा ने लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित यूपी स्टेट ताईक्वांडो चैंपियनशिप फेडरेशन कप 2024-25 में शानदार खेलों का प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मैडल जीतकर अपने स्कूल और जनपद को पुनः गौरवान्वित किया है। राजधानी लखनऊ के चौक स्टेडियम में दिनांक 17 से 19 अक्टूबर तक यूपी स्टेट ताईक्वांडो फेडरेशन कप चैंपियनशिप आयोजित की गई थी जिसमे पूरे उत्तर प्रदेश के सीबीएसई के ईस्ट,वेस्ट,नॉर्थ एवम साउथ जोन के लगभग 1500 ताईक्वांडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा की प्रधानाचार्या भावना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, हमारे स्कूल की खेल प्रशिक्षिक व ताईक्वांडो कोच ÷आराधना तिवारी÷ के कुशल दिशा निर्देशन ने ही हमारे इन नन्हें चैंपियंस ने स्टेट लेवल पर भी शानदार विजयश्री हासिल की है।

इस स्टेट लेवल ताईक्वांडो चैंपियनशिप में ईस्ट वेस्ट,नॉर्थ,साउथ जोन के अंतर्गत आने वाले राज्यों के सभी सीबीएसई स्कूलों के बेहतरीन खिलाडी प्रतिभाग कर रहे थे लेकिन हमारे डीपीएस इटावा के इन नन्हें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड,3 सिल्वर,4 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने विद्यालय के नाम दर्ज कर लिए इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के क्लास 7 की छात्रा पावनी जैन ने गोल्ड मैडल जीता तो वहीं क्लास 7 की ही छात्रा अंशिका गोयल ने भी गोल्ड मैडल जीता।

कार्यालय ग्राम पंचायत जखा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2024-25 अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.11.2024 से 19.11.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

निविदा मूल्य-100 रू.

क्र. सं.	ग्राम पंचायत	कार्य का विवरण	कार्य की लागत	धरोहर राशि	सामग्री आपूर्ति	लम्बाई	समय
1.	जखा	बकरी शेड निर्माण कार्य अशरफ अली पुत्र शंकर लाल के बाड़े में	1.45	2 प्रतिशत	ईंटा,गिट्टी, बालू, सीमेन्ट पाइप चद्दर आदि		6 माह
2.	जखा	बकरी शेड निर्माण कार्य ग्याप्रसाद पुत्र भौनिया के बाड़े में	1.45	2 प्रतिशत	ईंटा,गिट्टी, बालू, सीमेन्ट पाइप चद्दर आदि		6 माह

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओ धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान **सचिव**

कार्यालय अधिशासी अभियंता चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, महोबा

पत्रांक-529/विज्ञापन/01 **दिनांक- 11.11.2024**

अल्पकालीन निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/प्लम्बरों से मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें दिनांक 12.11.2024 को प्रातः10:00 बजे से आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 14.11.2024 सायं 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र के साथ टेण्डर फीस (1 प्रतिशत) एवं धरोहर धनराशि (2 प्रतिशत) निम्नानुसार अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा- महोबा के इण्डियन बैंक की खाता संख्या 20284875480 IFSc Code IDIB000M556 पर आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम के नाम जमा की जायेगी, जमा रसीद संलग्न करने पर ही दिनांक 13.11.2024 से 15:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, कार्यालय महोबा से प्राप्त की जा सकती है। बिना धरोहर धनराशि निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। शेष शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित धनराशि	धरोहर धनराशि 2%	टेण्डर फीस 1%	कार्य अवधि
1.	Replacement of pipe line at Kulpahar to Belatal of center Under Railway Puliya W/s Schime Kulpahar (In anticipation of approval)	273451.00	5470.00	2735.00	03 दिवस

अधिशासी अभियन्ता

लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर गिरफ्तार

घटना का खुलासा करते एसपी व मौजूद अभियुक्तगण

गिरफ्तार अभियुक्तगणों से माल हुआ बरामद

एक मंगलसूत्र, एक जोडी झाला, एक हार, दो अंगूठी, दो जोडी तोडिया, एक कमर करधनी, एक हार, एक जोडी बृजबाला, एक बेसर, दो बच्चों का कड़ा, एक हाफ पेटी, एक लौंग, एक जोडी कुंण्डल व 4700 रूपये नगद व एक तमंचा 315 बोर व 2 कारतूस जिंदा 315 बोर एवं एक मोटर साइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस रंग काला बरामद हुआ।

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

बीते दिनों लूट की घटना अंजाम देने बाले अंतरराज्यीय गैंग के दो शातिर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया। कब्जे से लूटे गए जेवरात, नगदी आदि बरामद हुआ। तिर्वा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे कोतवाली पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र तिर्वा में लूट की घटना कारित करने वाले अंतरराज्यीय छेमार (कच्छा-बनियान) गैंग के शातिर अभियुक्तगण नाजिम उर्फ शशी पुत्र मोईन उर्फ भीखा, आमिर पुत्र रुआजिन को लूटे गए माल के साथ गिरफ्तार किया। 25 अक्टूबर रात्रि को थाना तिर्वा क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला गांधी नगर ककरिया से क्र 112 पर लूट की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल थाना तिर्वा पुलिस व पीआरवी मौके पर पहुंची तो पाया कि महाराम पुत्र प्यारे लाल दोहरे निवासी कनपुरा पोस्ट बिनौरा रामपुर थाना तिर्वा जिनका मकान गांधीनगर मोहल्ले के बाहर किनारे पर बना हुआ है।

महाराम उपरोक्त 25 अक्टूबर को अपने परिवार सहित खेती के काम से गाँव में गये थे। घर पर इनका पुत्र विवेक कुमार उम्र 34 वर्ष व मौसेरा भाई पंकज कुमार पुत्र ओमप्रकाश उम्र 24 वर्ष मौजूद थे। रात करीब 2:40 बजे विवेक को खटपट की आवाज़ सुनाई दी। तो चैक करने छत पर जा रहे थे। तभी पीछे से किसी ने इनके सर पर वार किया। विवेक अपने बचाव में छत पर चढ़कर पड़ोसी के घर में छुप गया। फिर कुछ देर बाद एक व्यक्ति पड़ोसी के घर के बाहर आता है। और 4 से 5 मिनट तक गाली गलौच किया व बाहर निकले के लिए कहा। घर में दूसरे कमरे में सो रहे पंकज के सिर पर वार किया था। घर का सामान व नगदी ले जाना बताया गया। विवेक व पंकज को सर में चोट आई थी। वादी दीपक पुत्र महाराम सिंह निवासी मोहल्ला गांधीनगर के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। मुखबिर की सूचना तिर्वा पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने भगतपुर्वा गांव के आगे पन्नापुर्वा जाने वाले मार्ग से अभियुक्तगण नाजिम उर्फ शशी पुत्र मोईन उर्फ भीखा निवासी चिमियावली थाना कोतवाली जनपद सम्भल हाल पता लुनियावास थाना खोह नागोरियान जिला जयपुर (राजस्थान) उम्र करीब 30 वर्ष, आमिर पुत्र रुआजिन निवासी सांगानेर थाना सांगानेर सदर जनपद जयपुर (राजस्थान) मूलपता चिमियावली थाना कोतवाली जनपद सम्भल उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण नाजिम उर्फ शशी उपरोक्त व आमिर उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों पर पहले से भिन्न- भिन्न धाराओं में कई मुकदमें दर्ज है।

अतिरिक्त इंस्पेक्टर के खिलाफ भाकियू भानू करेंगे प्रदर्शन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

अतिरिक्त इंस्पेक्टर द्वारा लोगों के साथ अभद्रता कर दोहरा मापदंड अपनाया गया जिससे नाराज होकर भारतीय किसान यूनियन भानू ने बीते रविवार को जिला कन्नौज के प्रमुख अध्यक्ष पद के पदाधिकारियों ने बैठक की जिसमें यह निर्णय लिया गया। 18.11.2024 दिन सोमवार को जिले के समस्त पदाधिकारी एकत्रित होकर 10:30 पर अतिरिक्त इंस्पेक्टर के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे जहां पर एसपी कन्नौज को बुलाया जाएगा और अतिरिक्त इंस्पेक्टर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। यह धरना एक अनिश्चितकालीन धरना व भूख हड़ताल का रूप ले सकता है यदि हमारी मांगों को ना माना गया धरना समाप्त तब ही होगा जब माँगे को पूरा किया जाएगा यदि आवश्यकता पड़ी तो कानपुर मंडल के सभी जिलों के पदाधिकारी को बुलाया जाएगा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को बुलाया जा सकता है। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव आर पी ठाकुर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित वर्मा, कानपुर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा रविकांत श्रीवास्तव, कानपुर मंडल अध्यक्ष छात्र मोर्चा प्रांजल चौबे, कानपुर मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा विकास यादव, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, कानपुर मंडल प्रचार मंत्री प्रेम चतुर्वेदी, कन्नौज जिला अध्यक्ष सत्यम गुप्ता, कन्नौज जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा सुशील कुमार राठौर, कन्नौज जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी रामकुमार यादव, जिला अध्यक्ष मजदूर मोर्चा नौशाद, छिबरामऊ तहसील अध्यक्ष अनिल शर्मा, छिबरामऊ तहसील अध्यक्ष महिला मोर्चा नेहा गुप्ता, छिबरामऊ नगर अध्यक्ष अंशु यादव , एवं 10 जिम्मेदार पदाधिकारी मौजूद रहे।

नवोदय विद्यालय शिक्षक विशिष्ट सजल सेवा सम्मान से हुए सम्मानित

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

सम्मान प्राप्त करते डॉ संतोष कुमार सजल

कृष्ण की नगरी में स्थित आरसीए महाविद्यालय मथुरा में सजल सर्जना समिति द्वारा षष्ठम सजल महोत्सव का आयोजन भव्यता से मनाया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक एवं हिंदी सेवाधर्मी डॉ. संतोष कुमार सिंह %सजल% के निः स्वार्थ भाव से हिंदी की प्रतिष्ठित सजल विधा में किए गए कार्यों के लिए समिति द्वारा सजल विधा के प्रवर्तक डॉ. अनिल गहलौत एवं उनकी धर्म पत्नी रानी गहलौत के कर कमलों द्वारा शॉल, प्रतीक चिह्न, पटुका, एक हजार पांच सौ रुपये के साथ विशिष्ट सजल-सेवा सम्मान प्रदान किया गया। बीते 5 सितंबर सजल स्थापना दिवस पर हुए एक सृजन प्रतियोगिता में दो विशिष्ट रचनाकारों में भी नाम शामिल होने के उपलक्ष में डॉ. सजल को डॉ. राकेश सक्सेना द्वारा प्रतीक चिह्न, पटुका और 1100 रुपये की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि यू के से जय वर्मा, सजल ऋषि डॉ. शिव ओम अम्बर, साहित्य भूषण डॉ महेश दिवाकर, साहित्य भूषण रामसनेही लाल शर्मा यायावर, इंजी0 संतोष कुमार सिंह, रेखा लोढ़ा, एडवोकेट हरवेंद्र सिंह गौर, निशेश जार तृषित जार, वृंदावन शोध संस्थान के निदेशक डॉ राजीव द्विवेदी सहित आदि लोग रहे।

पथराव के बाद युवक से की मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। गांव के लोगों ने गाली गलौज की और पथराव व मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मलिकपुर निवासी मोमीन खां पुत्र शमीम खां ने बताया कि 09 नवंबर की दोपहर लगभग 02.40 बजे गांव के सददाम, मुज्सिम, समसे आलम, शमीम उर्फहबलू उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसकी दीवाल को गिराने लगे। इसके बाद पथराव कर व लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वदेशी स्वावलंबन दिवस के रूप में मनाया दत्तोपंत ठेंगड़ी का जन्मदिवस

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

चित्र पर पुष्प अर्पित करती भाजपा नेत्री गीता पाठक व अन्य

- प्रधानाचार्य ने ठेंगड़ी के जीवन पर प्रकाश डाला, बोले उनके व्यक्तित्व से हम सबको शिक्षा लेनी चाहिए

क्षेत्र के पांडेयपुरवा गांव स्थित पंडित वृंदावन मेमोरियल विद्यालय में राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्मदिवस को स्वदेशी स्वावलंबन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री गीता पाठक रही।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार पांडेय ने दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन परिचय के बारे में बताया कि ठेंगड़ी के व्यक्तित्व से हम सबको शिक्षा लेनी चाहिए उनके द्वारा कई संगठनों का नेतृत्व किया गया जैसे भारतीय मजदूर, संघ स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय किसान संघ आदि। स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वाधान में मुख्य योजना के अंर्तगत जिला उद्योग केंद्र के द्वारा संचालित योजनाओं और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषित योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद टूलकिट योजना अनुसूचित जाति जन जाति प्रशिक्षण व अन्य पिछड़ा वर्ग योजना के तहत विशेष जानकारी दी। जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक शिवानन्द एवं घनश्याम राठौर मुख्य वक्ता के रूप में रहे। कार्यक्रम में लगभग 140 लोगों ने भाग लिया।

खबरें एक नजर में

मेहंदी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

छिबरामऊ, कन्नौज। उत्कर्ष अकादमी शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज छिबरामऊ में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उत्कर्ष अकादमी शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं में बढ़-कर कर भाग लिया विजय छात्राओं को संस्था के प्रबंधक बिजेंदर सिंह श्रीमती मिथिलेश ने विजय छात्रों को सम्मानित किया संस्था का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रावण वध होते ही जय श्रीराम के नारों से गूंजा पण्डाल

तिर्वा। कस्बे के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला समिति द्वारा 77वें रामलीला महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया जा रहा है। रामलीला के सप्तम दिन रावण वध की लीला का संजीव मंचन किया गया। रावण का वध होते ही पण्डाल में जय श्रीराम के नारे लगे। मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर भगवान श्रीराम के उद्घोष लगाए। रामलीला समिति के अध्यक्ष ब्रहमस्वरूप तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 77 बर्षों से इस रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर बर्ष विभिन्न जनपदों से प्रख्यात कलाकारों को आंमत्रित किया जाता है। जिनके द्वारा मरार्दापुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का संजीव मंचन किया जाता है। सप्तम दिवस की लीला में रावण वध की लीला का मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि कैसे भगवान श्रीराम ने विभिषण के बताने पर रावण की नाभी में वाण मारकर उसका वध कर दिया। रावण का वध होते ही भगवान श्रीराम के जयकारे लगे। इस मौके पर समिति के संरक्षक विनोद कुमार गुप्ता, नरेन्द्र मालिक, नरेश गुप्ता, भोला, रामऔतार मनवसिया सहित समिति के कई लोग मौजूद रहे।

मंदिर की भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम रोहली स्थित मां जाहरा देवी मंदिर परिसर के आसपास मेला की जगह है। प्रबंधक ने मंदिर की भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप लगाते हुए डीएम को प्रार्थना पत्र दिया हे। थाना तालग्राम के ग्राम गधैया ऊसर निवासी राजेश प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को बताया कि वह मां जाहरा देवी मंदिर का प्रबंधक है। मंदिर की भूमि पैतृक है। जिस पर उच्च न्यायालय प्रयागराज में अनिल कुमार बनाम सरकार आदि याचिका विचाराधीन है। बताया कि मंदिर की भूमि पर रोहली के पांच लोग लेखपाल से सांठगांठ कर अवैध रूप से निर्माण करा रहे हैं। मना करने पर धमकी दे रहे है। डीएम के निर्देश पर लेखपाल गौरव वर्मा ने अवैध निर्माण को रुकवा दिया है।

एक्सप्रेस-वे पर यातायात पुलिस ने स्पीड लेजर गन से की निगरानी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

एक्सप्रेसवे पर स्पीड लेजर गन से निगरानी करते यातायात प्रभारी आफाक खां

- 27 वाहन ओवर स्पीडिंग करते हुए पाए जाने पर दी हिदायत

वाहनों के तेज गति और लापरवाही से हो रही दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात पुलिस लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां द्वारा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्पीड लेजर गन के साथ ओवर स्पीडिंग करने वाली डबल डेकर बसों और अन्य गाड़ियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 27 वाहन ओवर स्पीडिंग करते हुए पाए गए। इसमें कई डबल डेकर बसें भी थी। यातायात पुलिस द्वारा एक्सप्रेस वे पर वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग के बारे में भी जागरूक किया गया।

अधिकतर वाहन चालकों को एक्सप्रेस वे में किसको किस लेन में चलना चाहिए। इसकी जानकारी न होने के कारण, लेन, चेंज करते समय गलत ढंग से ओवरटेकिंग करने के कारण खतरनाक दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं।

यदि एक्सप्रेस वे में अनुशासित ढंग से लेन ड्राइविंग और ओवरटेकिंग की जाए तो दुर्घटनाओं की संख्या बहुत कम हो जाएगी।

ब्लाक प्रमुख हसेरन के खिलाफ क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने खोला मोर्चा

तिर्वा, समृद्धि न्यूज।

हसेरन ब्लाक प्रमुख की कार्यशैली से नाराज होकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए मोर्चा खोल दिया। सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख पर विकास कार्यों में लापरवाही व भेदभाव के आरोप लगाए। 45 सदस्यों ने शपथ पत्र के साथ डीएम को अविश्वास प्रस्ताव की पेशकश की है। हसेरन ब्लाक में 60 क्षेत्र पंचायत सदस्य है। इसमें त्रिस्तरीय चुनाव के दौरान सदस्यों ने राजपुर गांव निवासी सीमा शाक्य पत्नी पुष्पेन्द्र शाक्य को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया था। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की आस्था ढाई साल में जबाव दे गई। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगने शुरू हो गए। सदस्यों में भी खीचतान होने लगी। किसी ने अध्यक्ष पर विकास कार्य में लापरवाही बरतने, तो किसी ने भ्रष्टाचार को लेकर आरोप लगाए। सोमवार को हसेरन ब्लाक के 45 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने एकजुट होकर जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे। वहां पर संयुक्त रूप से सदस्यों ने डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल को शपथ पत्र देकर अविश्वास प्रस्ताव के लिए पेशकश कर दी है। हालांकि अभी तक अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया को डीएम ने मंजूरी नहीं दी है। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य हरिमोहन सिंह बैस, प्रिया दुबे, प्रवीन राजपूत, विवेक, राजेन्द्र सिंह, प्रेम चन्द्र, चन्दन, आशुतोष, लालू सिंह राजावात सहित कई क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। तालग्राम स्थित बिजली घर से बिल जमा कर घर लौट रहे युवक की बाइक से नीलगाय टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया। ग्राम तिसौली निवासी सौरभ कुमार राजपूत (20) पुत्र आदित्य कुमार राजपूत सोमवार को बाइक से बिजली का बिल जमा करने के लिए तालग्राम स्थित बिजली घर गया था। जहां से घर लौटते समय लगभग 12.30 बजे निकवा के निकट अचानक सामने नीलगाय आ गई। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे पर परिजनों ने घायल सौरभ कुमार को निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

टैक्ट्रर के हल में फंसकर बालिका की मौत, परिजनों में कोहराम

तिर्वा, समृद्धि न्यूज।

- बिना पुलिस को सूचना दिए शव वापस ले गए परिजन

हरदोई जनपद के कटरी महादेवा गांव में एक ग्रामीण टैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। उसी दौरान टैक्टर पर बैठी उसकी पुत्री नीचे गिरकर टैक्टर के हल में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव घर वापस ले गए। कटरा महादेवा गांव निवासी विश्वनाथ सोमवार को टैक्टर में हल बांधकर अपने खेत की जुताई कर रहा था। वह अपनी 06 वर्षीय पुत्री प्रियंका को भी अपने साथ टैक्टर पर बैठाए था। जुताई के दौरान अचानक प्रियंका टैक्टर से फिसल कर नीचे गिर गई। जिससे वह टैक्टर के हल में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसको घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान प्रियंका ने दम तोड़ दिया। पुत्री की मौत का समाचार पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को वापस घर ले गए।

महिला सहित तीन को मारपीट कर किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। पड़ोस में आई बारात के बारातियों ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज की और महिला सहित उसके देवरों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कुलापुर के ग्राम सहतेपुर्वा निवासी सुनीता देवी पत्नी सुग्रीव ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 नवंबर की रात उसके पड़ोस में बारात आई थी। जनपद हरदोई के तीन लोग अपने साथियों के साथ देर रात लगभग 12.30 बजे उसके दरवाजे पर आए और उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने मना किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। उसे बचाने आए उसके देवर अर्जुन व लंकुश से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कार्तिक पूर्णिमा की तैयारियां अभी से पूर्ण कर ली जाएं

- जिलाधिकरी ने मेंहदीघाट का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

मेंहदीघाट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने आगामी कार्तिक पूर्णिमा के दृष्टिगत मेंहदीघाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेले में लाखों की संख्या में श्रद्वालुओं का आगमन होता है। अभी पर्याप्त समय है। समस्त प्रकार की तैयारियां अभी से पूर्ण कर ली जाये। उन्होनें कहा कि मेले में बैरिकेटिग, प्रकाश, पेयजल, स्वच्छता आदि की समुचित व्यवस्था की जाये। साफ-सफाई व्यवस्था एवं पार्किंग के लिये जगह चिन्हित करें। प्लान के अनुसार ही दुकानों को लगवाया जाये। जिससे यातायात प्रभावित न हो। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होने चाहिए। कहा कि मेले में प्रकाश की व्यापक व्यवस्था होनी चाहिए। चूंकि कार्तिक पूर्णिमा स्नान हेतु श्रद्वालु रात्रि में आते है और स्नान करते है। कहा कि सुरक्षा की दृष्टिगत घाटों पर बैरिकेडिंग लगाने के साथ ही समय- समय पर माइक द्वारा एनाउंसमेंट किया जाये। कि कोई भी श्रद्वालु खतरे के सांकेतिक निशान से आगे स्नान न करे। जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। कहा कि मेले में स्वास्थ्य विभाग का कैम्प लगवाया जाएं। कन्ट्रोल रूम की व्यवस्था की जाये। निरीक्षण के दौरान पीडी डीआरडीए सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पंजाब में युवक की मौत से मची चीख पुकार

- मृतक के पिता ने लगाया हत्या का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

मृतक धर्मवीर शाक्य।

पंजाब में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे चीख पुकार मच गई और परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। युवक लगभग 10 वर्षों से पंजाब की एक प्राइवेट खाद्य तेल कंपनी में मजदूरी करता था। तालग्राम के ग्राम नरुईया निवासी धर्मवीर (32) पुत्र देवदत्त शाक्य पंजाब के गंगसर ज्यतो स्थित प्राइवेट खाद्य तेल कंपनी में नौकरी करता था। फैक्ट्री से कुछ दूरी पर वह कमरा लेकर किराये पर रहता था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को पंजाब पुलिस को धर्मवीर शाक्य का शव अधजली अवस्था में कमरे से मिला। पंजाब पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी। पंजाब पहुंचने पर मृतक के पिता देवदत्त ने पुत्र की हत्या कर शव तेजाब से जलाये जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने कानूनी कार्यवाई के बाद शव परिजनों को सौप दिया। रविवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी सीता और मां शीलत देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक धर्मवीर के दो पुत्र अर्पित और रचित है। मां सीता के साथ दोनों बच्चें गाजियाबाद में पढ़ाई कर रहे है।

झूला से घायल किशोरी का लखनऊ में चल रहा इलाज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

मेला में झूला झूलते समय किशोरी के खाल सहित बाल उखड़ गए थे। इससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसका उपचार लखनऊ के पीजीआई हॉस्पिटल में चल रहा है। जबकि मेला में आले वाले बच्चों में अभी भी दहशत बनी हुई है।

शनिवार की शाम ग्राम माधौनगर में नित्यानंद सेवा समिति के द्वारा दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया था। रविवार को मेला का आयोजन शुरू होना था। शनिवार को मेला में झूला और अन्य दुकानें लगाई गई थी। तभी गांव के धर्मेंद्र कठेरिया की पुत्री अनुराधा (15) बच्चों के साथ झूला झूलने लगी। जहां झूला झूलने के दौरान उसके बाल झूले के बेलन में फंस कर लिपट गए। किशोरी ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। लेकिन तब तक उसके बाल खाल सहित सर से उखड़ गए। इससे किशोरी गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गई। परिजनों ने आनन फानन उसका प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया। जहां वह आईसीयू में भर्ती है और उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। घटना के बाद से बच्चों में दहशत बनी हुई है और मेला में झूलों से दूरी बना ली है। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि घायल किशोरी के पिता की तहरीर पर छिबरामऊ के मोहल्ला चौधरियान निवासी झूला मालिक करन कश्यप के विरुद्ध लापरवाही से झूला चलाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गुप्तांग पर हमला कर युवक को किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। शराब के नशे में बेबजह गाली गलौज कर रहे हैं युवक का विरोध करना पीड़ित को भारी पड़ गया। इसके बाद आरोपितों ने पीड़ित से गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी और उसके गुप्तांग पर प्रहार कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपितों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रसूलपुर निवासी शिवपाल पुत्र रघुवीर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि 30 अक्टूबर की शाम करीब 8.30 बजे गांव के ही रामनाथ व अवनीश शराब के नशे में बेवजह गाली गलौज कर रहे थे। जब उसने मना किया तो आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी और चाकू से उसके गुप्तांग पर प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। इसके बाद आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव से युवक की बाइक चोरी, दी तहरीर

गुरसहायगंज, कन्नौज। गांव में पाइप लाइन की फिटिंग करने आए प्लंबर की बाइक चोरी हो गई। बाइक को मौके पर न देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सदर कोतवाली के बिबिया जलालपुर द्वारिकापुर निवासी शिव पुत्र अनिल कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह रविवार की सुबह करीब 11 बजे ग्राम मिश्रापुर के ग्राम प्रधान चन्द्रकांत के आरआरसी सेंटर पर पाइप लाइन की फीटिंग करने गया था। उसने जलभराव होने के कारण आरआरसी सेंटर से पहले ही बाइक खड़ी कर दी और पाइप लाइन ठीक करने चला गया। देर शाम लगभग 06.20 बजे जब वह लौटा तो बाइक मौके पर न देख उसके होश उड़ गए। इसकी सूचना उसने सराय प्रयाग चौकी व कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस बाइक की तलाश कर रही है।

मारपीट में महिला सहित चार लोग घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। गांव में हो रहे शौचालय निर्माण को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों से महिला सहित चार लोग घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने घायलों को नगर की सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डिगसरा निवासी लाल सिंह पुत्र मंगली प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह ग्राम प्रधान के कहने पर ग्राम समाज की भूमि पर सोमवार की सुबह लगभग 09 बजे शौचालय का निर्माण करा रहा था। तभी गांव के लोगों ने इसका विरोध करते हुए गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसकी मां किरन देवी को मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष से रामकुमार ने बताया कि गांव के लोग उसकी भूमि पर शौचालय का निर्माण करा रहे थे। विरोध करने पर गाली गलौज की और उसे व उसकी नातिन ज्योति को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मौलाना अबुल कलाम आजाद का मनाया जन्मदिन

गुरसहायगंज, कन्नौज। कस्बा समधन स्थित मौलाना आजाद लाइब्रेरी में अबुल कलाम आजाद का जन्मदिन सोमवार की दोपहर लगभ 03 बजे केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। जिसमें गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता काजी नसीम अहमद अब्बासी ने की। उन्होने अबुल कलाम आजाद के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि अबुल कलाम ने देश को नई विचाराधारा और उर्जा देकर बेहतर मुकाम हासिल किया।

उज्जवला योजना के संबंध में जिलापूर्ति अधिकारी ने बैठक लेकर दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर को वितरण कराये जाने हेतु शासन द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके सम्बन्ध में आज दिनांक 11.11.2024 को जिला पूर्ति अधिकारी की अध्यक्षता में उज्जवला योजना के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी जिसमें जनपद के समस्त गैस वितरक, समस्त क्षेत्रीय बिक्री प्रबन्धक एलपीजी, समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

बैठक में गैस कम्पनी के समस्त बिक्री प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि 167133 उज्जवला के लाभार्थी हैं जिसके सापेक्ष 88423 लाभार्थियों द्वारा इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर 2024 से अब तक लाभ प्राप्त किया जा चुका है। उज्जवला गैस लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया जायेगा, जिनकी आधार केवाईसी पूर्ण हो गयी है तथा बैंक खाते से लाभार्थियों का आधार लिंक होने के उपरान्त ही इस योजना का लाभ प्राप्त हो सकेगा। इस योजनान्तर्गत लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर 2024 से दिसम्बर, 2024 तक है जिन लाभार्थियों द्वारा अभी तक अपने निःशुल्क गैस सिलेण्डर को प्राप्त नहीं किया गया है, ऐसे लाभार्थियों को सम्बन्धित गैस वितरक द्वारा एक सप्ताह में अवशेष समस्त लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। वर्तमान में प्रत्येक सिलेण्डर रिफिल का उपभोक्ता मूल्य रु0-842.42/-प्रति सिलेण्डर है। केन्द्र सरकार द्वारा पीएमयूवाई के अन्तर्गत अनुमन्य सब्सिडी रुपए

बैठक में मौजूद सेल्स एरिया आफीसर, गैस वितरक आदि

334.78/-प्रति सिलेण्डर है। उपभोक्ताओं को उनके खातों में धनराशि की प्रतिपूर्ति किए जाने हेतु 50 पैसे प्रति सिलेण्डर बैंक विनिमय दर है। तदनुसार नेट उपभोक्ता दर रुपए 508.14/- प्रति सिलेण्डर आंकलित होती है।

योजना के अन्तर्गत लाभार्थी सर्वप्रथम गैसे की बुकिंग करने के उपरान्त रू0 842.42 की धनराशि स्वयं जमा करते हुए गैस सिलेण्डर प्राप्त कर लिया गया है एवं आयल कम्पनी के समस्त गैस वितरक यह भी सुनिश्चित कर ले कि जिन लाभार्थियों के बैंक खाते में सब्सिडी की धनराशि अंतरित/ट्रान्सफर नहीं हुई है। उन लाभार्थियों के बैंक खाते में 03 दिवस के अन्दर सब्सिडी अंतरित/ट्रान्सफर होना प्रारम्भ हो जाए। वर्तमान में 05 किग्रा0 के तथा 14.2 किग्रा के सिलेण्डर प्रचलन में हैं, जिसमें 05 किग्रा सिलेण्डरों की संख्या नगण्य है।

ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों द्वारा वर्तमान में 05 किग्रा के सिलेण्डरों को 14.2 किग्रा के सिलेण्डरों में परिवर्तित करने का विकल्प उपलब्ध है। अतः इस योजना के अन्तर्गत मात्र 14.2 किग्रा0 के उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डरों की सुविधा अनुमन्य होगी।

समस्त सेल्स एरिया आफीसर/गैस वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वह उज्जवला के अवशेष लाभार्थियों का केवाईसी को अपडेशन कराये जाने हेतु सम्बन्धित ग्राम के सभ्रांत नागरिकों/ ग्राम प्रधान/उचित दर विक्रेतागण, गैस एजेन्सी कर्मियों/ हॉकरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। पम्पलेट/ दैनिक समाचार पत्रों/ सोशल मीडिया के माध्यम से उक्त योजना का व्यापक प्रसार-प्रचार करना सुनिश्चित करें।

कमालगंज में आज विराजमान होंगे बाबा खाटू श्याम

जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर, भक्तों में उत्साह

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

खाटू श्याम के जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आज (मंगलवार) को नगर में विराजमान किये जाएंगे महाराज खाटू श्याम।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को कमालगंज नगर में महाराज खाटू श्याम की स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जिसको लेकर नगर के लोग काफी उत्साहित हैं। वहीं स्थापना दिवस के मौके पर मनोज गुप्ता तथा उज्जवल गुप्ता ने बताया कि नगर के शिव दुर्गा मंदिर पर भगवान खाटू श्याम के मंदिर प्रांगण में मंगलवार को स्थापना कि जाएगी जिसको लेकर बाबा के भक्तों ने आज नगर भ्रमण की यात्रा निकाली तथा मंगलवार को निशान यात्रा भी निकल

खाटू श्याम की भ्रमण यात्रा निकालते भक्तगण

जाएगी। इस मौके पर सभी भक्तगण खाटू श्याम महाराज का जयकारा लगाते हुए नजर आए तथा हारे के सहारे की जय, हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा।

वहीं भक्तगणों ने यात्रा के दौरान रोड पर जमकर आतिशबाजी छुड़ाई। यात्रा शिव दुर्गा मंदिर से शुरु होकर बाबा गौरी शंकर महाराज तपस्वी वाले बाग से होते हुए पूरे कमालगंज में बाबा खाटू श्याम का नगर भ्रमण करवाया जाएगा। वहीं सभी भक्त ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए बाबा खाटू श्याम की नगर यात्रा में शामिल हुए तथा शाम को बाबा की स्थापना कर दी जाएगी। फिर मंगलवार को निशान यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर पंडित लक्ष्मीकांत दुबे, पुजारी धीरज नाथ शुक्ला, मनोज गुप्ता, उज्जवल गुप्ता, अमित गुप्ता, संजय चौरसिया, अरविंद गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

देवउठनी एकादशी आज, खूब बिके गन्ना, सिंघाड़ा व शकरकंद

बाजार में बिक रहे गन्ने

देवउठनी एकादशी की तिथि और मुहूर्त, 13 को होगा पारण

इस बार कार्तिक माह की एकादशी 11 नवंबर को शाम के 6.46 बजे से लेकर 12 नवंबर को शाम 04.04 बजे तक रहेगी। ऐसे में 12 नवंबर को उदय तिथि में होने के कारण देवउठनी एकादशी का व्रत इसी दिन रखा जाएगा। वहीं इसका पारण 13 नवंबर को सुबह 6 बजे के बाद किया जाएगा।

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

देवउठनी एकादशी का व्रत 12 नवंबर को रखा जाएगा। इस दिन से सभी शुभ व मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। देवउठनी एकादशी की पूर्व संध्या पर बाजारों में लोगों ने गन्ना, शकरकंद व सिंघड़े की जमकर खरीददारी की। हिंदू धर्म में देवउठनी एकादशी का विशेष महत्व है। हिंदू पंचांग के अनुसारए कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इसे प्रबोधिनी या देवोत्थान एकादशी के नाम से भी जाना जाता है।

इस बार देवउठनी एकादशी का व्रत 12 नवंबर को रखा जाएगा। इस दिन से सभी शुभ व मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। शास्त्रों के अनुसारए देवउठनी एकादशी के दिन ही जगत के पालनहार भगवान विष्णु चार महीने बाद योग निद्रा से जागते हैं और पुनः सृष्टि का कार्यभार संभालते हैं। इस दिन भगवान शालीग्राम और माता तुलसी के विवाह का भी प्रवधान है।

देवउठनी एकादशी एकादशी पर गन्ना, सिंघाड़े तथा शंकरकंद की पूजा की जाती है। जिसके चलते पूर्व संध्या पर बाजारों में इन चीजों की ग्राहकों ने काफी खरीददारी की। जहां प्रति गन्ना 15 से 20 रुपये, सिंघाड़ा 30 रुपये तथा शकरकंद 40 से 50 रुपये प्रति किलो बिकी।

प्रधान व कोटेदार तथा प्रधान पुत्र ने मिलकर दम्पति को पीटा

संकिसा, समृद्धि न्यूज।

अवैध कब्जे का लगाया आरोप मुकदमा दर्ज

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव पकरिया निवासी नन्दकिशोर पुत्र स्व0 अमर सिंह ने पड़ोसी गांव रूपनगर निवासी ग्राम प्रधान ब्रह्मानंद व प्रधान के छोटे भाई राशन कोटेदार ऐलकार तथा प्रधान के पुत्र भूपेंद्र के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 8 नबम्बर शाम 4 बजे नंदकिशोर अपने खेत पर था। इसी समय उक्त आरोपित प्रधान ब्रह्मानंद व प्रधान के पुत्र भूपेंद्र तथा प्रधान के छोटे भाई राशन कोटेदार ऐलकार एक राय होकर आए और दबंगई के बल पर नन्दकिशोर के खेत की मेड़ तोड़कर 4 गठ्ठा खेत के अन्दर घुसकर अपनी मेड़ बांधकर अवैध कब्जा करने लगे। जब नन्दकिशोर ने इसका विरोध किया, तो उक्त तीनों आरोपित गाली-गलौज कर लाठी-डंडों एवं लात-घूसों से नन्दकिशोर के साथ मारपीट करने लगे।

शोरगुल की आवाज पर नन्दकिशोर की पत्नी प्रेम कुमारी ने बचाने का प्रयास किया, तो उक्त आरोपितों ने प्रेम कुमारी के साथ भी मारपीट कर दी और सभी आरोपित को जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मारपीट में नन्दकिशोर व उनकी पत्नी प्रेम कुमारी के शरीर पर काफी चोटें आई।

मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच महिला दरोगा साधना यादव के सुपुर्द कर दी। महिला दरोगा साधना यादव ने बताया की जांच पड़ताल की जा रही है।

यातायात माह के तहत ट्रैफिक पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

ट्रैफिक पुलिस ने यातायात माह के ग्यारहवें दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों के पालन हेतु छात्र एवं छात्राओं को जागरूक किया।

यातायात माह नवंबर में पुलिस का पूरा जोर लोगों को जागरूक करने पर है। इसके तहत ट्रैफिक पुलिसकर्मी सड़कों पर खड़े होकर लोगों को नियमों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। चालकों को संकेतों व सड़क पर सुरक्षित चलने के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस की ओर से पंफ्लेट भी बांटे जा रहे हैं। इसके अलावा स्कूलों व अन्य जगहों पर भी कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को नियम सिखाए जा रहे हैं। सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने नगर के कई स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। उन्होंने बच्चों से अपील की है कि स्कूल जाते समय

छात्र-छात्राओं को जागरुक करती ट्रैफिक पुलिस

ठीक समय पर घर से निकलें, ताकि बस पकड़ने के लिए दौड़ना न पड़े। स्कूल से निर्धारित बस स्टाप पर बस में चढ़ें या उतरें। चौराहे पर या अनाधिकृत बस स्टाप से बस पर न चढ़ें न ही उतरें। टेंपो व ई-रिक्शा से स्कूल जाते समय सावधानी पूर्वक बैठें। सड़क पर दौड़ भी नहीं लगाएं। हमेशा सुरक्षित स्थान से ही सड़क को पार करें। इसके अलावा यातायात पुलिस की ओर से लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

थानाध्यक्ष ने साधु संतों की बुलायी बैठक

अप्रैल/मई में फसल कटने तक यथास्थिति बनाये रखने के दिये निर्देश

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

बीते दिन ऐतिहासिक रामताल मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर कब्जे को लेकर साधु संत दो धड़ों में बंट गये थे। दोनों ओर से थानाध्यक्ष को तहरीर दी गयी थी। जिस पर थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों की बैठक बुलाकर अप्रैल-मई तक दोनों पक्षों का कब्जा बरकरार रखने की बात कही। इसके बाद जो भी निर्णय होगा वह सभी को मानना होगा।

जानकारी के अनुसार बीते दिन कस्बा नवाबगंज स्थित अचरा रोड पर गांव कक्योली में बने ऐतिहासिक मंदिर रामताल के साधु संत अपने गुरु बाबा बालकदास की मृत्यु के बाद दो धड़ों में बंट गये। एक पक्ष ने मंदिर की भूमि पर कब्जा करने तथा दूसरे पक्ष ने गेहूं, धान आदि चोरी करने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी थी। जिस पर थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने उपरोक्त मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया था। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आज थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों की बैठक बुलायी तथा दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। जिस पर दोनों पक्ष एक दूसरे की बात मानने को तैयार नहीं थे, लेकिन उन्होंने बताया की मंदिर के ट्रस्ट में खेतीबाड़ी अधिक है और फसलें हो चुकी हैं। इसलिए अभी विवाद ना करें, क्योंकि जिन लोगों ने फसलें बोई हैं उनको नुकसान हो जायेगा। ऐसे में अप्रैल/मई तक दोनों पक्ष मंदिर पर अपना-अपना हक बरकरार रखेंगे और अप्रैल/मई में जो भी फसल उगेगी, उससे जो भी धन अर्जित होगा, उससे दोनों पक्षों की राय लेकर वह धन मंदिर के कार्यों में लगाया जाएगा। इसके बाद जैसी भी साधु संतों की इच्छा होगी वह वैसा कर सकते हैं। इसके लिए साधु संत अपने ही गुरुजनों संतों से राय लेकर अपना-अपना फैसला सुरक्षित करें। इस मौके पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, दरोगा इंद्रजीत सिंह, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा संतोष कुमार ने सभी साधु संतों से उनकी राय जानी।

साधु संतों की बैठक लेते थानाध्यक्ष

कई घंटे चली कड़ी मशक्कत के बाद साधु संत अप्रैल/मई तक यथास्थिति बनाये रखने को राजी हुए और लिखित समझौता हुआ। इस मौके पर संत प्रदीप भारती भैरव मंदिर भोलेपुर शिष्य मनोज भारती तथा भोलेपुर हनुमान मंदिर के महंत महात्मा हरिशंकर दास, लक्ष्मीकांत, रामदास, भोला दास, कन्हैया दास, गंगादास, बलराम दास सहित दर्जनों की संख्या में दोनों पक्षों से साधु संत मौजूद रहे।

आवास प्लस योजना सर्वे की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बीडीओ ने ली बैठक

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक लेते बीडीओ

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड अधिकारी ने शासनादेश के तहत आवास प्लस योजना सर्वे की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत में चल रही आवास प्लस सर्वे योजना के तहत विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारियां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के तहत कर्मचारियों को दी। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवास प्लस सर्वे योजना के तहत जो जानकारियां दी गईं उनका सभी कर्मचारियों में विभाजन किया। उन्होंने बताया की आवास प्लस सर्वे योजना के तहत जो भी कर्मचारी लगाए गए हैं वह बहुत ही इमानदारी से अपना कार्य करें। कोई भी पात्र लाभार्थी छूट न जाए और अपात्र लाभार्थी का किसी भी कीमत पर चयन न होने पाए। ऐसी कई बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा आवास प्लस सर्वे योजना के तहत जानकारी दी गईं।

इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, ग्राम सचिव अरविंद कुमार, कुलदीप राजपूत, प्रमोद शुक्ला, जगवीर सिंह यादव, मोतीलाल यादव, अखिलेश कुमार तथा नलकूप विभाग से लगाए गए कर्मचारी मौजूद रहे।

विषाक्त भोजन खाने से 18 की हालत बिगड़ी

अस्पताल में भर्ती फूड प्वाइजनिंग का शिकार अधेड़

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर निवासी सुमित पुत्र रक्षपाल का तिलक समारोह प्रोग्राम चल रहा था। रिश्तेदार देवराम, मयंक, मीरा, अर्जुन, नीरज, शिवम, राजपाल, रोली, अलका, सारला देवी, अभिषेक, गौतम, विमलेश, शकुन्तला, सुखराम, सीमा, प्रमोद, हंसराज, यश सहित लगभग 18 लोगों ने पकवानों को खाया और उन्हें उल्टियां दस्त होने लगे। हालत बिगड़ने पर सभी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। तिलक समारोह में पकवान खाने से सबकी हालत बिगड़ी है।

डीएम ने की कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले स्नान व मेले की तैयारियां की समीक्षा

समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले स्नान व मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ढाईघाट पर 12 से 18 नवंबर तक लगने वाले मेले व अटैनाघाट, श्रृंगिरामपुर घाट पर स्नान पर प्रकाश व्यवस्था, नदी के किनारों पर बैरिकेडिंग, तट का समतलीकरण कराने, नाव, नाविक व गोताखोरों की तैनाती करने, चेंजिंग रूम बनाने, अधिकारियों के लिये कैम्प बनाने के लिये निर्देशित किया। पांचाल घाट पर डीपीआरओ व ईओ नगर पालिका को उक्त व्यवस्था करने के लिये निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मेडिकल कैम्प व एम्बुलेन्स उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया गया। सभी घाटों पर अग्निशमन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा सभी घाटों पर महिला पुलिस की नियुक्ति करने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, एसडीएम कायमगंज. ईओ नगर पालिका, डीपीआरओ व संबंधित मौजूद रहे।

आबकारी निरीक्षकों ने देशी विदेशी मंदिरों की दुकानों का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला आबकारी के निर्देश पर आबकारी निरीक्षकों ने देशी व विदेशी मदिरा की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टाक रजिस्टर आदि देखे। जानकारी के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के निर्देश पर सोमवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ एवं थाना नबाबगंज पुलिस बल द्वारा आईजीआरएस शिकायत निस्तारण के क्रम में ग्राम कड़िउली में दविश दी गयी। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, आनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

मदिरा का निरीक्षण करते आबकारी निरीक्षक

बीते दो से चल रहा किसानों का धरना एसडीएम के आश्वासन पर हुआ समाप्त

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

जय जवान जय किसान लोक शक्ति सगठन के पदाधिकारियों ने बीते दो दिनों से चल रहे धरना प्रदर्शन को उपजिलाधिकारी के अश्वासन पर समाप्त कर दिया। जानकारी के अनुसार बीते दो दिनों से जय जवान जय किसान लोक शक्ति सगठन के पदाधिकारियों ने पॉच माँगों को लेकर मण्डी समिति में दरी बिछाकर धरने पर बैठे। सोमवार को किसानों ने उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि मन्दिर, अस्पताल व स्कूल के पास स्थित शराब के ठेके को वहाँ से हटाया जाए। मण्डी परिसर में किसानों के लिए बनाए गए नीलामी चबूतरों पर व्यापारियों का कब्जा है जिसको खाली करने के लिए कई बार अश्वासन मिला, लेकिन आज तक खाली नहीं कराए गए उन्हें तत्काल प्रभाव से खाली कराया जाए। बाढ़ से 156 गाय प्रभावित हैं। उनकी सुरक्षा हेतु गंगा तट पर बांध लगवाया जाए। नवाबगंज क्षेत्र के अचरा तिराहा निवासी अजब शाक्य के मकान से अवैध कब्जा हटवाया जाए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जो भी किसान अपनी समस्या लेकर जाती है, उसे भगा देते है। कोतवाली प्रभारी का जिले से बाहर ट्रांसफर किया जाए। इस दौरान राष्ट्रीय मध्यक्ष ठाकुर सत्य भान चौहान, कमलेश राजपूत, अग्निवंशी, देवराज, जोगराज, भाईयालाल, शेर सिंह, रामलड़ैते, रजनेश यादव, अवनीश तोमर मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से बालक घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नईवस्ती निवासी अनमोल उम्र 12 वर्षीय पुत्र संजय कुमार रोड किनारे दुकान से सौदा लेने जा रहा था, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अनमोल गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल अनमोल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

भाविप पांचाल शाखा ने किया दीपावली मिलन महोत्सव आयोजित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारत विकास परिषद पांचाल शाखा द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में दीपावली परिवार मिलन महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि नेहा श्रीवास्तव एवं श्याम प्रकाश, शाखा अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन, शाखा सचिव देवेंद्र नारायण श्रीवास्तव, महिला संयोजिका ममता सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया। सभी अतिथियों का स्वागत तिलक के माल्यार्पण द्वारा किया गया। परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम वंदे मातरम से कार्यक्रम का हुआ। दुष्यंत श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। संजीव बाथम ने संस्था का परिचय दिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नेहा श्रीवास्तव का स्वागत करती महिलायें

मुख्य अतिथि डॉ प्रशांत श्रीवास्तव ने पांचाल शाखा द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की एवं सभी सदस्यों के द्वारा समाज के प्रति उनके समर्पण को सराहा। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा किए जाने वाले जन जनजागरूकता के कार्यक्रम से जनता एवं समाज को काफी लाभ पहुंचता है और समाज अपनी संस्कृति को पहचानता है। परिषद द्वारा विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं से बच्चों को अपने देश एवं संस्कृति को जानने और समझने का मौका मिलता है। इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए। विशिष्ट अतिथि नेहा श्रीवास्तव ने कहा कि भारत विकास परिषद एक ऐसा गैर-राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन है जो लगभग 6 दशक से समाज के वंचित वर्ग की सेवा कर रहा है। जरूरतमंदों की मदद कर रहा है और आज भी अपने उद्देश्यों को लेकर संस्था इस तरह कार्य कर रही है। संस्था के सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के कार्यों की प्रशंसा की और जीवन मे सदैव खुश रहने का मंत्र दिया। अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन, सचिव देवेंद्र नारायण श्रीवास्तव एवं अन्य पदाधिकारी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में लकी ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय सदस्यों को पुरस्कार दिया गया। नेहा श्रीवास्तव ने क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अविका सिंह, काश्वी सिंह, गार्गी गुप्ता, आराध्या कटियार, अथर्व गुप्ता, गर्व गुप्ता आदि ने अपनी नृत्य की प्रस्तुति दी। परिषद के सभी सदस्यों को दीपावली उपहार दिये एवं आतिशबाजी भी छुड़ाई। अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन ने आभार व्यक्त किया। संचालन देवेन्द्र नारायण व अनुश्रिया अग्रवाल ने किया। व्यवस्था सुनील सक्सेना, प्रवेन्द्र गुप्ता, दुष्यंत श्रीवास्तव, रिंकी अग्रवाल ने संभाली। इस अवसर पर अनुपम पुरवार, ममता सक्सेना, मुकेश सक्सेना, नारायण प्रसाद अग्रवाल, अनिल सक्सेना, शिवम् गुप्ता, सचिन सिंह, गुंजन रस्तोगी, महावीर श्रीवास्तव, सर्वेश श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, रवि श्रीवास्तव, रोहित कटियार, ब्रजेश सक्सेना, ब्रजेश सिंह, मनोज अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, विवेक गुप्ता, दिनेश रस्तोगी, डॉ0 पंकज शुक्ला, कमल सक्सेना, रोहिताश श्रीवास्तव, द्रोण सिंह गंगवार, केदार साह, कन्हैया शुक्ला, योगेश वर्मा, अजय अग्रवाल, संदीप उपाध्याय, आयुष गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, शैलेश खंडेलवाल, विवेक गुप्ता, राजेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, विशाल खुराना, प्रवीण माथुर, शिवानी माथुर, पूनम जैन, रोमी श्रीवास्तव, नीलम सक्सेना, कमलेश श्रीवास्तव, अनीता सक्सेना, मुक्त रस्तोगी, पम्मी गुप्ता, शैली रस्तोगी, स्वाति खुराना, रीता यादव, कनक उपाध्याय, काजल उपाध्याय, शिप्रा सक्सेना, मोनिका अग्रवाल, रिंकी अग्रवाल, शिखा गुप्ता, सरिता शुक्ला, सीता साह, मोहिनी वर्मा, मानसी सक्सेना, श्वेता पुरवार, ज्योत्सना गुप्ता, रीना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मिस्टर एवं मिस फर्रुखाबाद ने भट्टे पर श्रमिकों को बांटे वस्त्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे एवं मिस फर्रुखाबाद शिवांगी चौहान द्वारा भट्टा श्रमिकों को कपड़े वितरित किए गए। कपड़े पाकर भट्टा श्रमिकों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि हम लोगों की कोई भी सुनने वाला नहीं है।

श्रमिकों ने बताया कि यहां पर हम लोगों का शोषण किया जाता है। हर्ष दुबे ने उन लोगों से अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा प्रदान करने और बाल मजदूरी न करवाने की सलाह दी। मिस फर्रुखाबाद शिवांगी चौहान ने बच्चों को कपड़े वितरित करते हुए काफी प्रसन्नता का अनुभव किया और उन्होंने कहा कि कभी भी हम लोगों की आवश्यकता हो हम लोग हमेशा सेवा के लिए तैयार है। साथ ही बच्चों के साथ सेल्फी ली। इस अवसर पर अभय तिवारी, केशव कुशवाह, अभिषेक कटियार, विशाल शाक्य, अंकित पांडेय, अनुपम मिश्र, रजत पांडेय मौजूद रहे।

कपड़े वितरित करते हर्ष दुबे व शिवांगी चौहान

मातृ शक्ति अपनी संतानों को देश प्रेम और हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए करें प्रेरित : विधायक महेश चन्द्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

माहौर वैश्य सभा का वार्षिकोत्सव भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में सम्पन्न हुआ। हर्षोल्लास के साथ समाज के लोगों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। चित्र कला, गुब्बारा दौड़, कुर्सी दौड़ के साथ हिन्दू धर्म और भारतीय संस्कृति वैभव पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मेहंदी लगाओ, थाल सजाओ, महिला अंताक्षरी, फैंसी ड्रेस, नृत्य, गायन, स्वास्थ्य शिशु आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

समाज की महिलाओं ने व बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया और लकी ड्रा सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि बदायूं के सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता के अलावा चिकित्सक डॉ. अरविन्द गुप्ता, कृष्णकांत महाजन ने बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने समाज को ज्यादा सशक्त और शिक्षित बनाने पर बल दिया। महेश चन्द्र गुप्ता ने मातृ शक्ति से कहा कि अपनी संतानों को देश प्रेम और हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए संस्कार प्रेरित बनाये। युवाओं को अपने अंदर राजनैतिक आकांक्षा जाग्रत करने की अपील की और देश की राजनीति में वैश्य समाज की हिस्सेदारी बढ़ाने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि एक दूसरे के पीछे न चलकर अपना नेतृत्व करने वाला बनना होगा। कृष्णकांत ने कहा कि समाज में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण बहुत जरुरी है। अरविन्द गुप्ता ने कहा कि समाज के वह हर समय तैयार है और समाज में सर्वाधिक सहयोग करने वाले भामाशाह रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष उमेश चन्द्र गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, नरेश चन्द्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, विशाल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। संचालन मुकेश गुप्ता व शिवम गुप्ता ने किया। आभार अध्यक्ष उमेश चन्द्र गुप्ता ने व्यक्त किया।

बदायूं विधायक को सम्मानित करते समाज के लोग

पीसीएस व आरओ/एआरओ की दो दिन परीक्षा कराने के विरोध में सपा छात्रसभा ने सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी छात्र सभा ने उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024, समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 को पूर्व की भांति आयोजित करने के संदर्भ में नगर मजिस्ट्रेट संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा।

परीक्षा की अलग-अलग पालियों के प्रश्न पत्रों में प्रश्नों की प्रकृति सरल व कठिन के पहचान की कोई प्रक्रिया नहीं है, इस अंतर को नॉर्मलाइजेशन से भरा नहीं जा सकता है। नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया लागू होने से उपयुक्त परीक्षा परिणाम में भी व्यापक विसंगति आ जाएगी। नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण व विवादित रही है, पूर्व में भी या विभिन्न परीक्षा परिणाम में व्यापक विसंगति उत्पन्न की गई है। स्केलिंग प्रक्रिया पूर्ण में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार व विधिक विवाद का प्रमुख कारण रहे हैं, जिसकी सीबीआई जांच अभी भी विचाराधीन है। परीक्षा परिणाम में विसंगति विधिक विवाद का कारण बनेगी और न्यायिक विलंबिता के कारण परीक्षा प्रक्रिया तय समय में पूर्ण नहीं हो पाएगी, इसका व्यय भार छात्रों पर पड़ेगा। इसी प्रकार नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया भी भ्रष्टाचार के लिए लूपहोल बनेगी व गलत परंपरा को जन्म देगी। उपर्युक्त विषयक परीक्षाओं के प्रकाशित विज्ञापनों में परिवर्तन भी न्याय संगत व वैध नहीं हैं। लोक सेवा आयोग द्वारा एक बार स्पेलिंग की प्रक्रिया का उन्मूलन कर पुनः उसी को लागू करने करना कहीं से भी उचित व तर्कसंगत नहीं है। लोकसेवा आयोग द्वारा मजबूत इच्छा शक्ति से परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाकर परीक्षाओं को पूर्व की भांति आयोजित कराया जाए।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, अखिल कठेरिया, सुभाष चंद्र शाक्य, देवेंद्र सिंह यादव, रामपाल सिंह यादव, निजाम अंसारी, राजपाल यादव, पवन यादव, नरेंद्र सिंह यादव, राहुल कुमार, जियाउल हक आदि लोग मौजूद रहे।

नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते सपा नेता

प्राथमिक शिक्षक संघ ने समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में संघ कार्यालय में मासिक बैठक सम्पन्न हुई। संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला ने किया। 8 सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा हुई और बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने मांग की है कि पूर्व में सेवानिवृत्त हुए अध्यापकों की सेवा पुस्तिकायें, पेंशन संसोधन हेतु बीएसए कार्यालय में मंगवाई गयी थी, अभी तक संबंधित विकास क्षेत्रों में वापस नहीं भेजी गयी है। उन्हें वापस भेजा जाये।

20 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष नियुक्त शिक्षकों से पुरानी पेंशन हेतु विकल्प पत्र लिया गया था। पत्रावली 31 अक्टूबर तक जिला स्तर से पूर्व होनी थी। उसकी स्थिति अवगत करायी जाये। 68500 व 69 हजार भर्ती बैच के सभी अध्यापकों जिनके एरियर वेतन का भुगतान हो चुका है। मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र वापस कराने हेतु तिथि निर्धारित की जाये। ऐसे अध्यापक, अध्यापिकायें जिनका जीपीएफ वेतन से कटता है। उपार्जित अवकाश मानव संपदा पोर्टल पर अपडेट नहीं है, अपडेट कराया जाये, एवं सभी विकास क्षेत्रों से शिक्षकों की ई-सर्विस बुक अध्ययतन पूर्ण करायी जाये।

अवकाश के दिवस में शिक्षक, अनुदेशक, अध्यापक से गैर शैक्षिक कार्य कराये जाते है। सभी को प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाये। विद्यालय में कायाकल्प के अपूर्ण कार्य पूर्ण कराने हेतु संबंधित विभाग के पत्राचार किया जाये। सभी विद्यालयों में पेयजल शुद्धता की जांच करायी जाये, आदि मांगों को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राजेपुर ब्लाक अध्यक्ष अमित मिश्रा, राजेश यादव, सुनील माथुर, राकेश यादव, उपेन्द्र गंगवार, निर्देश गंगवार, विकास गंगवार, अश्वनी चतुर्वेदी, मुन्नालाल यादव, गजेन्द्र सिंह, केपी सिंह, बलवीर सिंह, डा0 देवेन्द्र यादव, विजय कनौजिया, राजीव राजपूत, शीशराम आदि लोग मौजूद रहे।

चमार रेजीमेंट बहाल करने की उठायी मांग, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

चमार रेजीमेंट संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि पिछले सात-आठ सालों से मोदी सरकार में चीन की घुसपैठ एवं सीमावर्ती क्षेत्र में जहां तक हमारी सेना पैट्रोलिंग करती थी, वहां पर चीन द्वारा गांव बसा लिए गए एवं मिलिट्री बंकर बना कर चीन की सेना ने हजारों वर्ग किमी भूमि को कब्जे में ले लिया है, जो प्रदर्शित व साबित करता है कि वर्तमान सरकार के राज में देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं है।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजी हुकूमत ने 1943 में चमार रेजीमेंट का गठन कर एवं ट्रेनिंग देकर उसे जापानी सेना से लड़ने हेतु नागालैंड कोहिमा व रंगून वर्मा भेजा था, जहां चमार रेजीमेंट ने बहादुरी का परचम लहराकर जापानी सेना के 3270 सैनिकों को मार गिरा कर उसे नागालैंड, कोहिमा, रंगून सहित वर्मा से बाहर खदेड़ दिया था। जिसमें चमार रेजीमेंट 3227 जवान शहीद हुए थे। चमार रेजीमेंट से देश के निर्धन व कमजोर वर्ग चमार समुदाय के लोगों को देशभक्ति व देशसेवा कर बहादुरी का प्रदर्शन करने का जो सुनहरा मौका मिला था। अंग्रेजी हुकूमत ने तमाम मेडलों से सम्मानित करने के साथ ही चमार रेजीमेंट का फ्लैग प्रदान किया था। भारतीय सेना को मजबूत बनाने हेतु तत्काल चमार रेजीमेंट को बहाल करने की मांग की है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार सागर, रंजीत सिंह, रिजवान अहमद, मोहम्मद तारिक वसीम, मनोज कुमार, कृष्ण पाल, रामचन्द्र, विनोद कुमार, रमेश आदि लोग मौजूद रहे।

नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

बीईओ महीने में कम से कम 30 विद्यालयों में पढ़ाये : डीएम

बैठक लेते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नेशनल अचीवमेंट सर्वे/निपुण असेसमेंट टेस्ट 2024-25 कराने हेतु बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि जिला विद्यालय निरीक्षक जिले के सभी 405 स्कूलों में 25029 बच्चों को प्रत्येक शनिवार परीक्षा की प्रैक्टिस कराये। बीएसए ने बताया कि उनके सभी स्कूलों में प्रैक्टिस हो रही है। डीएम ने प्रैक्टिस की मॉनिटरिंग के लिये अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के लिये निर्देशित किया।

नेशनल अचीवमेंट सर्वे व निपुण असेसमेंट टेस्ट कराने के संबंध में बैठक सम्पन्न

डीएम ने बीईओ द्वारा शिक्षा की गुड़वत्ता पर ध्यान न दिये जाने पर नाराजगी जताई व निर्देशित किया कि सभी एआरपी अपने क्षेत्र के विद्यालयों में खुद जाकर पठन पाठन करेगे। बीईओ महीने में कम से कम 30 विद्यालयों में पढ़ाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

युवती की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कंपिल, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने दी तहरीर में बताया कि उसके विवाह की बात जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली के नगला माजिक निवासी बृजमोहन से चल रही थी। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से फोन पर बात करना शुरू कर दिया। युवक दो बार युवती के घर मिलने आया और उसको अपने घर भी ले गया। कुछ समय बाद युवक ने शादी करने से मना कर दिया। युवक ने युवती के नाम की आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर फोटो प्रसारित कर दिए। युवती के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। युवक ने खुदकुशी करने की धमकी देकर युवती के स्वजनों को फंसाने की बात कही। पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इग्नू की ऑनलाइन अनुकूल सत्र बैठक सम्पन्न, छात्रों को दी गई जानकारियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय के लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र द्वारा इग्नू अध्ययन केंद्र डी एन कॉलेज फतेहगढ़ के नव प्रवेशित छात्रों के लिए ऑनलाइन अनुकूलन सत्र (इंडक्शन मीटिंग) का आयोजन किया गया। शुभारम्भ इग्नू के कुलगीत के गायन के साथ हुआ।

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की वरिष्ठ निदेशक डॉ0 मनोरमा सिंह ने कहा कि इग्नू जन जन का विश्विद्यालय है जिसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक उच्च शिक्षा को पहुंचना है। विश्व विद्यालय में 200 से अधिक शैक्षिक कार्यक्रमों में 30 लाख से अधिक विद्यार्थी है। अतिरिक्त क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने इग्नू पाठ्यक्रमों में असाइनमेंट के महत्त्व, असाइनमेंट फाइल तैयार करने कि विधि, मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में बताया। असाइनमेंट अध्ययन केंद्र पर जमा करने कि अंतिम तिथि दिसंबर सत्रांत परीक्षा के लिए 25 नवम्बर तथा जून सत्रांत परीक्षा के लिए 31 मार्च है। उन्होंने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रोजेक्ट प्रपोसल, प्रोजेक्ट रिपोर्ट और लघु शोध प्रबंध तैयार करने कि प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। उप निदेशक डॉ0 रीना कुमारी ने इग्नू की परीक्षा से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन मार्च और सितम्बर में भरे जाते है। दिसंबर सत्रांत परीक्षा 1 दिसम्बर से प्रारम्भ होकर जनवरी के प्रथम सप्ताह तक चलेगी। असाइनमेंट को 30 प्रतिशत और मुख्य परीक्षा को 70 प्रतिशत भार अंतिम मूल्यांकन में प्रदान किया जाता है। सहायक निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने इग्नू की अध्ययन सामग्री के बारे में बताया। जिन छात्रों को डाक द्वारा अभी तक प्रिंटेड सामग्री न मिल पायी हो वे इग्नू ज्ञानकोष से अध्ययन सामग्री सॉफ्ट कॉपी डाउनलोड करके पड़ सकते है। इग्नू अध्यन केंद्र डीएन कॉलेज फतेहगढ़ के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार तिवारी ने अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी।

ऑन लाइन सत्र में मौजूद प्रोफेसर व छात्र

सहायक निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने इग्नू की अध्ययन सामग्री के बारे में बताया

तुलसी के पौधे वितरित करते पदाधिकारी

मां गंगा सेवा समिति ने वितरित किये तुलसी के पौधे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ के महामंत्री आशीष मिश्रा के प्रतिष्ठान पर तुलसी पौधे वितरित किये गये। समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र चतुर्वेदी के द्वारा तुलसी के पौधों का वितरण हुआ और लोगों को जागरूक किया गया। ज्यादा से ज्यादा घर में पौधे लगाए जिससे हम सभी लोगों को ऑक्सीजन प्राप्त होता रहे। तुलसी एक ऐसा पौधा है जो हमारे शरीर के सारे रोगों को दूर कर देता है, हम सभी लोगों को अपने-अपने घर में तुलसी का पौधा जरूर ही लगाना चाहिए। इस अवसर पर राजीव वाजपेई, हरिओम, दीपक अग्रवाल, हरिराम बाथम आदि आदि मौजूद रहे।

पति सहित दस लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अप्राकृतिक यौन सम्बन्ध बनाने व सोने के आभूषण छीन लेने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़िता ने पति सहित 10 आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में धारा 173(3) बीएनएसएस के तहत याचिका दायर की है।

थाना मऊदरवाजा के बड़ा खेल बजरिया निवासी पीड़िता ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि वर्ष 2013 में आवास विकास स्थित कृष्ण गोपाल नाम युवक रहता था। जिसने मुझे अपना नाम कामरान बताया। कथित कामरान बहला-फुसलाकर मुझे अपने साथ रखता था। कामरान ने मुझे डरा धमकाकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाये और मेरे साथ रिलेशनशिप के साथ रहता था। इसकी जानकारी जब मेरे घर वालों को हुई तो उन्होंने मुझे घर से निकला दिया। 8 वर्ष बीत जाने के बाद कथित कामरान ने अपना असली नाम कृष्ण गोपाल बताया और हिन्दू रीति रिवाज से विवाह करने की बात कही। जिसको सुनकर मैं अपमानित महसूस करने लगी और मैने हिन्दू रीति रिवाज से विवाह करने से मना कर दिया। आरोपी युवक कृष्ण गोपाल ने 11 जुलाई 2021 को मर्कज दिल्ली जाकर अपना धर्म परिवर्तन कर लिया और मुझसे निकाह कर लिया। जिसके बाद वह मुझे बतौर पत्नी रखने लगा। मैं गर्भवती हो गयी। इसकी जानकारी होने पर कृष्ण गोपाल ने मेरा मानसिक व शारीरिक शोषण करना शुरु कर दिया और मेरे साथ मारपीट की। जिससे मुझे अल्प समय में ही प्रसव पीड़ा होने लगी। मुझे मसेनी स्थित एक अस्पताल में भर्ती करा दिया। 24 दिसम्बर को मैने 6 माह की बच्ची को जन्म दिया। उसके अगले ही दिन बच्ची की मौत हो गयी। कामरान मां बीमार होने की बात कहकर अपने घर गोण्डा चला गया। कुछ दिन बाद कृष्णगोपाल उर्फ कामरान आया और फिर अपने घर चला गया। 20 जून 2023 को कृष्णगोपाल ने फोन कर बताया कि उसने नेहा दुबे पुत्री संतोष दुबे के साथ विवाह कर लिया है और मुझे बतौर पत्नी नहीं रखेगा। 14 अगस्त 2023 को कृष्णगोपाल उर्फ कामरान अपनी नौकरी पर प्राथमिक विद्यालय भकुसा विकास खण्ड शमशाबाद आया और मुझे मिला तथा धमकी दी कि हमारा तुम्हारा कोई रिश्ता नहीं है, अगर तुम मेरे और नेहा के बीच आयी तो जान से मार देगें। उसके साथ नेहा के भाई अभय और रोहित भी साथ थे। पीड़िता का आरोप है कि नेहा से विवाह कराने में नेहा के पिता संतोष दुबे, मां आशा दुबे, भाई अभय दुबे, रोहित दुबे व कृष्णगोपाल की मां देव कुमारी, बहन साधना, उपासना, बहनोई पुष्पेन्द्र शुक्ला ने षड्यंत्र के तहत दूसरा विवाह कराया। अक्टूबर 2023 को कृष्णगोपाल फर्रुखाबाद आया और एक होटल में रुका और मुझे बुलाकर तीन-चार दिन लगातार मेरे साथ यौन सम्बन्ध बनाये तथा मेरी सोने की चैन, अंगूठी भी छीन ली और समझौता की बात कहकर अपने साथ गांव गोण्डा ले गया। वहां मुझे 24 घंटे गोण्डा कोतवाली में बंधक बनाकर रखा। 10 सितम्बर 2024 को मुझे पर फोन पर आरोपियों ने धमकी दी कि तुमने कृष्णगोपाल को तलाक नहीं दिया तो तुम्हारे अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगें। जिससे तुम्हारी जिंदगी तहस-नहस हो जायेगी और मौका देखकर तुम्हारी हत्या करवा देगें। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज करवाकर आरोपियों पर कार्यवाही कराये जाने की मांग की है।

अप्राकृतिक यौन सम्बन्ध बनाने व तलाक न देने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला

सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम त्रुटिवश RANJIT KUMAR दर्ज हो गया है, जबकि वास्तविक व सही नाम RANJEET KUMAR है। जिसे मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज किया जाये।

रंजीत कुमार निवासी ग्राम टीला मसेनी, थाना कादरीगेट, जनपद फर्रुखाबाद।

भूल सुधार

हमारे समाचार पत्र में 29 अक्टूबर 2024 को पृष्ठ संख्या 11 पर विकास खण्ड शमशाबाद से ग्राम पंचायत से संबंधित भ्रष्टाचार के संबंध में समाचार प्रकाशित हुआ था। जिसमें गंगलऊ परमनगर प्रधान प्रतिनिधि सुशील यादव को एक बलात्कार के मामले में जेल जाने जैसी बात प्रकाशित की गयी थी, जो टंकण की त्रुटि के कारण ऐसा लिख गया था। जबकि मामला अपहरण का बताया गया। इसके स्थान पर बलात्कार शब्द लिख गया था। उसके लिए हमें बेहद खेद है।

झारखंड की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस, झामुमो और राजद पर तीखा हमला किया और उन पर बड़ी-बड़ी बातें करने और अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

झारखंड में भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को नमो एप के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की इस टिप्पणी के लिए भी आलोचना की कि उनकी पार्टी ने लोगों को झूठी गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड वन व खनिज संपदा से भरपूर क्षेत्र है। समृद्धि के बावजूद यहां विकास का आभाव और बेरोजगारी चरम पर है। इसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार व झारखंड की अमूल्य प्राकृतिक संपदा की बेतहाशा लूट है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां-जहां सत्ता में है, वहां के लोगों को ऐसे ही ठगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्वयं ही स्वीकार किया कि उनकी पार्टी ने झूठी गारंटियां दी हैं। खरगे ने कहा कि जितना कर सकते हैं, उतनी ही गारंटी दो। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड इस बार चुनावों में बदलाव करने को संकल्पित हो गया है, इसका सबसे बड़ा कारण तो ये भी है कि जेएमएम, कांग्रेस व आरजेडी ने झारखंड की रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल इन्होंने बड़ी-बड़ी बातें कीं लेकिन आज झारखंड की जनता देख रही है कि इनके ज्यादातर वादे झूठे हैं।

मोदी ने कहा कि राज्य सरकार से सहयोग नहीं मिलने के बावजूद केंद्र सरकार अपने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ राज्य के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। हम जिस गति से झारखंड में विकास करना चाहते हैं, उसके लिए वहां डबल इंजन सरकार की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां, भष्टाचारी तो होती ही हैं साथ ही समाज के प्रतिभाशाली नौजवानों के रास्ते में सबसे बड़ी दीवार होती हैं। जेएमएम के परिवारवादियों ने कांग्रेस के शाही परिवार से ऐसी गंदी चीजें सीखी हैं, जिसमें उन्हें कुर्सी और खजाना दो ही चीजों की चिंता रहती है, नागरिकों की उन्हें परवाह ही नहीं होती है। मोदी ने कहा कि पहले तो अमीरों के घर में गैस का सिलेंडर होता था, गरीब तो गैस सिलेंडर के बारे में सोच ही नहीं सकता था। क्योंकि कांग्रेस का स्वभाव अमीरों की खातिरदारी करने का था। भाजपा ने उज्जवल योजना के माध्यम से गरीबों के घर गैस सिलेंडर पहुंचाया।

प्रधानमंत्री ने झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत ने विपक्षी दल जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी की नींद उड़ा दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड को हमें इनके भ्रष्टाचार, माफियावाद, कुशासन से मुक्त कराना है। मोदी ने कहा कि आज पूरे देश में सिर्फ तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है और जहां-जहां दलित, आदिवासी और ओबीसी सबसे ज्यादा हैं और एकजुट हैं, वहां एनडीए सरकारें हैं। इससे कांग्रेस का शाही परिवार गुस्से में है, इसलिए उन्होंने एससी-एसटी-ओबीसी समाज को तोड़ने का फैसला किया है। इसलिए मैं लगातार कह रहा हूं कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने किया चांदी के सिक्के का अनावरण

नडियाद/अहमदाबाद। वडताल में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण देव द्विशताब्दी महोत्सव को सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने कहा कि मेरी इच्छा थी कि आज वडतालधाम में मौजूद रहूं लेकिन व्यस्तता के चलते यह संभव नही हो सका, लेकिन मैं दिल से आपके साथ हूं, मेरा मन इस समय वडतालधाम में है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने वडताल मंदिर का चित्र अंकित दो सौ रुपये के चांदी के सिक्के का अनावरण भी किया गया। दरअसल, स्वामीनारायण संप्रदाय के प्रमुख मंदिर वडताल धाम में कार्तिकी समैया भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। यहां नौ दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण देव द्विशताब्दी महोत्सव पिछले पांच दिन से चल रहा है। प्रतिदिन लगभग सवा लाख श्रद्धालु इस महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। आज महोत्सव का पांचवां दिन है। इस महोत्सव के सभाकक्ष में उपस्थित हजारों भक्तों को आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली संबोधन किया। महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभासी आगमन पर झंडा लहराकर उनका स्वागत किया गया। वडताल के प्रमुख कोठारी डॉ. संतवल्लभदास स्वामी ने स्वागत भाषण दिया।

भारत-रूस विजनेस फोरम में विदेश मंत्री ने उठाया व्यापार अंसतुलन का मुद्दा

एजेंसी, नई दिल्ली।



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को भारत-रूस के बीच व्यापार असंतुलन के तत्काल समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार आज 66 अरब अमेरिकी डॉलर है और 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। हालाँकि व्यापार असंतुलन एक तरफा है, जिसे दूर करने के लिए जरूरी है कि गैर-टैरिफ बाधाओं और नियामक बाधाओं का तेजी से समाधान किया जाए।

विदेश मंत्री और रूस के उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने सोमवार को मुंबई में आयोजित भारत-रूस बिजनेस फोरम को संबोधित किया। इस दौरान विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने भारत-रूस बिजनेस फोरम में मुख्य भाषण दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि कई दशकों तक 8 प्रतिशत की विकास दर रखने वाले भारत और एक प्रमुख प्राकृतिक संसाधन प्रदाता और प्रौद्योगिकी नेतृत्वकर्ता रूस के बीच साझेदारी दोनों और दुनिया के लिए लाभकारी होगी। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने 10 महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान परिस्थियों में दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार को महत्वपूर्ण माना और कहा कि विशेष रुपया-वोस्ट्रो खाते अभी एक प्रभावी तंत्र हैं। हालाँकि अल्पावधि में भी, राष्ट्रीय मुद्रा निपटान के साथ बेहतर व्यापार संतुलन ही इसका उत्तर है।

भारत और रूस के बीच साझेदारी दुनिया के लिए लाभकारी होगी : विदेश मंत्री

अग्निशमन सेवाओं के विस्तार के लिए 725.62 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सोमवार को एक उच्च स्तरीय समिति ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के तहत छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए 725.62 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार समिति ने छत्तीसगढ़ के लिए 147.76 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 201.10 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल के लिए 376.76 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। उच्च स्तरीय समिति में केंद्रीय वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आपदा प्रतिरोधी भारत के विजन को पूरा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय ने देश में आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं। भारत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करके आपदाओं के दौरान जान-माल को होने वाले किसी भी बड़े नुकसान को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) के तहत कुल 5000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, 15 राज्यों के 2542.12 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है।

हमें झारखंड में रामराज्य लाना है : डॉ. मोहन यादव

एजेंसी, रांची/भोपाल।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को झारखंड की गढ़वा विधानसभा के रामकंदा, चिनिया बाजार एवं चतरा जिले की सिमरिया विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद अभी हाल ही में हमने पहली दीवाली मनाई है और देव दीवाली भी आ रही है। लेकिन रामराज्य अभी नहीं आया है। झारखंड में रामराज्य की स्थापना के लिए हमें कांग्रेस और सोरेन की सरकार को हटाना होगा। इस भ्रष्ट और बेईमान सरकार को रवाना करना होगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी होगी। क्या आप सभी इसके लिए तैयार हैं?

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आपके बीच आकर मुझे ऐसा लग रहा है, जैसे अपने परिवार के बीच आ गया हूं। झारखंड के लोग मेहनतकश होते हैं और अपनी इच्छाशक्ति के दम पर कुछ भी कर गुजरने का माद्दा रखते हैं। परमात्मा की दी हुई, अकूत खनिज संपदा इस राज्य के पास है। भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी ने इसे अलग राज्य बनाया था और यह कहा था कि झारखंड एक दिन देश का नं.1 राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि इसी धरती पर भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से आजादी का बिगुल फूंका था। अत्यंत कठिन समय में उन्होंने आदिवासी भाइयों को साथ लेकर अहंकारी अंग्रेजों के होश फाख्ता कर दिये थे। वो जनता के बीच काम करते हुए अंग्रेजों से काम करते रहे, लेकिन कांग्रेस और अन्य दलों की सरकारों ने उनके योगदान को भुला दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश की आजादी और हमारी संस्कृति की रक्षा में भगवान बिरसा मुंडा का अविस्मरणीय योगदान है, लेकिन कांग्रेस के लोगों ने उनकी स्मृतियों को संजोने के लिए कभी सोचा भी नहीं। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के लिए हमारे प्रधानमंत्री का कितना बड़ा मन है, यह इस बात से देखा जा सकता है कि उन्होंने जनजातीय समाज की बहन द्रौपदी मुर्मु को देश का राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की राह पर चलते हैं। उन्होंने एक यादव परिवार के बच्चे को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ड्रोन से भेजी गई दवाई

एजेंसी, कोंडागांव/रायपुर।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ड्रोन के जरिए दूरस्थ अंचल में दवाओं की आपूर्ति गई है। कोंडागांव जिले में जिला अस्पताल के बाहर रिमोट का बटन दबाकर ड्रोन के जरिए मर्दापाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक दवाएं पहुंचाई गई हैं। ड्रोन सेवा की शुरुआत केंद्र सरकार की तरफ से की गई है। खासतौर पर केंद्र सरकार के टीकाकरण सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए यह एक पहल है।

कोंडागांव जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को बताया कि विधायक लता उसेंडी की उपस्थिति में रविवार दोपहर बाद जिला अस्पताल कोंडागांव से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मर्दापाल तक ड्रोन के जरिये मेडिकल किट सफलता पूर्वक पहुंचाई गई।

इस ट्रायल में बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी रेडविंग का विशेष योगदान रहा है। रेडविंग ने इस ड्रोन तकनीक का विकास किया है, जो कम समय में स्वास्थ्य सामग्री को दूरस्थ इलाकों तक पहुंचाने में सक्षम है।

विधायक लता उसेंडी ने इस ट्रायल के बारे में कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्र मर्दापाल में इस ड्रोन सेवा के माध्यम से हम स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में तेजी ला सकते हैं और जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा सकते हैं।

टीकाकरण सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए पहल

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के लीडरशिप पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाएगी बिहार के शरद सागर की कहानी

एजेंसी, नई दिल्ली। बिहार के प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी शरद विवेक सागर को हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा नेतृत्व पर प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम नेतृत्व, उद्यमिता और शिक्षण में चित्रित किया गया है। सागर विश्व के 12 सामाजिक उद्यमियों में से एक हैं, जिनकी जीवनयात्रा को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं डॉक्टरेट के विद्यार्थियों को पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम में हार्वर्ड के प्रोफेसरों द्वारा शामिल किया गया है। यह पाठ्यक्रम (जिसे हार्वर्ड कोर्स A608 के नाम से भी जाना जाता है) प्रोफेसर मोनिका सी. हिगिंस और डॉ. उचे अमेची द्वारा संयुक्त रूप से पढ़ाया जाता है। प्रोफेसर हिगिंस हार्वर्ड के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ एजुकेशन में शैक्षणिक नेतृत्व की कैथलीन मैककार्टनी प्रोफेसर हैं, जहां उनका शोध और शिक्षण नेतृत्व, उद्यमशीलता और संगठनात्मक परिवर्तन पर केंद्रित है। डॉ. अमेची हार्वर्ड में लीडिंग चेंज फाउंडेशन पाठ्यक्रम के अध्यक्ष हैं।

कश्मीर में कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर महबूबा ने अब्दुल्ला को लिखा पत्र

एजेंसी, श्रीनगर।

जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्मचारियों की बर्खास्तगी के मामलों का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा समिति गठित किया जाए।

सुश्री मुफ्ती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पत्र पोस्ट किया और कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को उन परिवारों की दुखद दुर्दशा के बारे में लिखा है जिनके सदस्यों को पूरी जांच और निष्पक्ष सुनवाई के बिना तुच्छ आधार पर सरकारी सेवाओं से मनमाने ढंग से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि उम्मीद है कि उमर साहब इन परिवारों की पीड़ा को कम करने के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाएंगे। मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में सुश्री मुफ्ती ने कहा कि कर्मचारियों की बर्खास्तगी ने हमारे क्षेत्र में अनगिनत लोगों के जीवन को गहराई से प्रभावित किया है।

उन्होंने पत्र में कहा कि बिना उचित प्रक्रिया के सरकारी कर्मचारियों की अचानक बर्खास्तगी एक पैटर्न, जो 2019 से शुरू हुआ ने, कई परिवारों को तबाह कर दिया है और कुछ मामलों में, बेसहारा बना दिया है। सुश्री मुफ्ती ने एक समीक्षा समिति की स्थापना का प्रस्ताव रखा जो ऐसे मामलों का व्यवस्थित रूप से पुनर्मूल्यांकन कर सके। उन्होंने सुझाव दिया कि यह समिति बर्खास्तगी के पुनर्मूल्यांकन की दिशा में काम कर सकती है और प्रत्येक मामले की निष्पक्ष और गहन समीक्षा कर सकती है, जिससे प्रभावित व्यक्ति या उनके परिवार अपना पक्ष रख सकें। उन्होंने ऐसे परिवारों के लिए तत्काल मानवीय सहायता का भी सुझाव दिया। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में, जम्मू-कश्मीर सरकार ने राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा होने के कारण 60 से अधिक कर्मचारियों की सेवाओं को समाप्त कर दिया है। कर्मचारियों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) का हवाला देकर बर्खास्त किया गया, जो सरकार को कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगे बिना या उनके आचरण की जांच का आदेश दिए बिना उन्हें समाप्त करने की अनुमति देता है।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने की राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शिकायत की और उनके विरुद्ध मामला दर्ज करने की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा महासचिव अरुण सिंह, ओम माथुर भी शामिल रहे।

सोमवार को आयोग को ज्ञापन सौंपने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मीडिया को बताया का भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल आज मुख्य चुनाव आयुक्त से मिला और चुनाव आयोग से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की शिकायत की। अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि तमाम आपत्तियों के बाद भी लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संविधान को लेकर झूठ बोलने से बाज नहीं आ रहे हैं और भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6 नवंबर को राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनावों में प्रचार के दौरान एक बार फिर झूठ बोलने की कोशिश की। राज्यों को एक दूसरे से बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने संविधान को लहराया और फिर से झूठ बोला कि भाजपा संविधान को नष्ट करने वाली है। इसे रोका जाना चाहिए। हमने आयोग से यह भी कहा कि राहुल गांधी ऐसा करने के आदी हैं। चेतावनियों और नोटिसों के बावजूद इससे बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से राहुल गांधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 353 के तहत एफआईआर दर्ज कराने की मांग की।

आयोग ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को जारी किया नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी दो शिकायतों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने एक तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को नोटिस जारी कर राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान पर नोटिस जारी किया है वहीं दूसरी तरफ तृणमूल नेता डेरेक ओब्रायन की शिकायत का निपटान करते हुए तृणमूल प्रतिनिधिमंडल को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने राष्ट्रीय प्रतीक और पश्चिम बंगाल पुलिस पर कथित टिप्पणी के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को नोटिस जारी कर आज शाम 8 बजे तक जवाब मांगा है। तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ शिकायत की थी। उधर, तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन को पत्र लिखकर आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल उपचुनावों पर तृणमूल कांग्रेस की शिकायतें मिलने के 20 घंटे के भीतर चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है।

अब अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को जान से मारने की धमकी

एजेंसी, कोलकाता।

भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध वरिष्ठ अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती को पाकिस्तान से जान से मारने की धमकी मिली है। पाकिस्तान के शहजादा भट्टी नामक एक गैंगस्टर ने वीडियो संदेश के जरिए मिथुन को धमकी दी है।

पाकिस्तान से आया धमकी भरा वीडियो

इस वीडियो में कहा गया है कि मिथुन के हालिया बयान से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है, जिसके बदले में उन्हें जान से मारने की चेतावनी दी गई है। वीडियो में मिथुन को 10-15 दिनों के अंदर माफी मांगने की समय सीमा दी गई है, अन्यथा उनकी जान को खतरा बताया गया है। उल्लेखनीय है कि मिथुन चक्रवर्ती वर्ष 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। हाल ही में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के लिए मिथुन कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित ईजेडसीसी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान, उन्होंने तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर के उस विवादास्पद बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने हिंदू-मुस्लिम अनुपात की बात कही थी। इसके जवाब में मिथुन ने कहा कि मैं गृह मंत्री के सामने कह रहा हूं, जो करना होगा, वो करेंगे। हमारी मां भागीरथी है, इस पर किसी को कुछ नहीं कहने देंगे। लेकिन जो भी गलत करेगा, उसे मिट्टी में मिला देंगे।

लॉमेन ने अयोध्या में पहले स्टोर के साथ यूपी में बढ़ाई उपस्थिति

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

लॉमेन ने मंगलवार को अयोध्या में अपने पहले स्टोर का शुभारंभ किया। इस कदम के साथ ही, ब्रांड ने उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की योजना का भी ऐलान किया। लॉमेन अगले कुछ वर्षों में राज्य के प्रमुख बाजारों में 40 से अधिक नए स्टोर्स खोलने की योजना बना रहा है, ताकि तेजी से बढ़ती फैशनेबल और आरामदायक कपड़ों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। स्टोर का माहौल आधुनिक और स्टाइलिश डिज़ाइन्स से भरा है, जो हर किसी की पसंद को आकर्षित करता है। अगर आप भी अयोध्या में हैं, तो लॉमेन के इस नए स्टोर पर जरूर जाएं और रोमांचक शुरुआती ऑफर्स का लाभ उठाएं।

केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड के डायरेक्टर दिनेश जैन ने कहा कि हमें अयोध्या में अपने नए स्टोर का शुभारंभ करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह हमारे ब्रांड की यूपी में बढ़ती उपस्थिति का संकेत है। अयोध्या, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और तेज विकास के लिए जानी जाती है, हमारे विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नया स्टोर ग्राहकों को बेहतरीन फैशन समाधान और शानदार शॉपिंग अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

डिश टीवी में हम सतत स्थाई प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : मनोज डोभाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पर्यावरण जागरूकता और जिम्मेदार ई-वेस्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के प्रयास में, भारत की प्रमुख कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी डिश टीवी ने शैक्षिक सामाजिक प्रभाव स्टार्टअप एआरसी के साथ मिलकर एक नई मुहिम चलाई है।

यह साझेदारी ई-वेस्ट के बढ़ते मुद्दे को संबोधित करती है और कम्युनिटी को सतत विकास की दिशा में प्रेरित करती है। स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने वाला डिश टीवी ऐसे प्रयासों में हमेशा से संलग्न है जो उस कम्युनिटी के सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को ई-वेस्ट के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। इंटरएक्टिव वर्कशॉप्स और अन्य गतिविधियों के माध्यम से यह कार्यक्रम छात्रों को अपने कार्यों के पर्यावरणीय प्रभाव के प्रति जागरूक बनाता है। इस पहल में इलेक्ट्रॉनिक्स के जिम्मेदारी से निपटान की जानकारी दी जाती है, जिससे छात्र सतत भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका को पहचान सकें। इस अभियान का एक प्रमुख आकर्षण 'दिवाली डिफेंडर्स' नामक एक क्रिएटिव कॉमिक है, जिसमें ई-वेस्ट वॉरियर्स नामक युवा सुपरहीरो शामिल हैं। यह रोचक कॉमिक छात्रों को 'वेस्ट-फ्री दिवाली' मनाने के लिए प्रेरित करती है और उन्हें अपने पुराने ई-वेस्ट को स्कूल लाने के लिए प्रोत्साहित करती है ताकि उसका उचित निपटान किया जा सके। ये युवा 'डिफेंडर्स' पर्यावरणीय बदलाव लाने के लिए अपने साथियों को एक मजेदार तरीके से प्रेरित करते हैं। इस कॉमिक के जरिए डिश टीवी ने ई-वेस्ट प्रबंधन जैसे जटिल मुद्दों को छात्रों के लिए आसान और रोचक बना दिया है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनोज डोभाल ने कहा कि डिश टीवी में हम सतत स्थाई प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे समुदायों और पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हैं। यह ई-वेस्ट जागरूकता अभियान सिर्फ जिम्मेदार निपटान के बारे में नहीं है, यह हमारे युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने और इस मुहिम में शामिल करने का अवसर प्रदान करने के लिए भी है।

डिश टीवी ने एआरसी के साथ मिलकर ई-वेस्ट जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए की कम्युनिटी पहल

शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ सपाट

मुंबई, समृद्धि न्यूज।

विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, बैंकिंग, टेक और फोकस्ड आईटी समेत छह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 9.83 अंक बढ़कर 79,496.15 अंक हो गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 6.90 अंक फिसलकर 24,141.30 अंक पर सपाट रहा। वहीं, दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.79 प्रतिशत लुढ़ककर 45,715.21 अंक अरु स्मॉलकैप 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर 54,286.41 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4213 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2568 में गिरावट जबकि 1530 में तेजी रही वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां लाल जबकि 19 हरे निशान पर रहीं वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के छह समूहों में लिवाली जबकि अन्य में बिकवाली हुई। इससे वित्तीय सेवाएं 0.29, आईटी 1.01, बैंकिंग 0.55, पावर 0.27, टेक 0.78 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.09 प्रतिशत उछल गया। वहीं, कमोडिटीज 1.25, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.79, एफएमसीजी 0.90, हेल्थकेयर 1.33, इंडस्ट्रियल्स 0.70, ऑटो 0.67, धातु 0.97, तेल एवं गैस 0.79 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.73, जर्मनी का डैक्स 1.27, जापान का निक्केई 0.08 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.51 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.45 प्रतिशत लुढ़क गया।

बटेंगे तो कटेंगे ये बोलना साधु का काम नहीं : मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी, पलामू। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को छतरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे', नारे की आलोचना की। खरगे ने कहा कि ये खुद काट रहे, खुद बांट रहे हैं। दोनों पहले तय कर लें कि नारा कौन सा चलेगा। योगी का नाम लिए बिना झारखंड के छतरपुर (पलामू) की रैली में कहा, 'वे कहते हैं बटेंगे तो कटेंगे' ये बोलना साधु का काम नहीं है। ये कोई आतंकी बोल सकता है, आप नहीं बोल सकते। कोई नाथ संप्रदाय का साधु ऐसी बात कर ही नहीं सकता। हम डरेंगे तो मरेंगे, हम डरने वाले नहीं है।